रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹78,170 10 ग्राम
₹1,02,000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 78,675.18 | 84.372 |
| -820.97 | -0.049 |


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 13 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 278, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब...

## चुनाव आयोग और प्रशासन निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार

# 43 विस सीटों के लिए मतदान आज

**रजनीश**

**रांची।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 में पहले चरण के चुनाव का इंतजार खत्म हुआ। पहले चरण में राजधानी समेत राज्य के 43 सीटों के लिए बुधवार (13 नवंबर) को वोटिंग होगी। इन 43 सीटों में रांची जिले के सात में से पांच विधानसभा सीटें भी शामिल हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। सभी 43 सीटों के लिए पोलिंग पार्टियों को बूथ तक पहुचा दिया गया है। सामान्य रूप से सुबह के 07:00 बजे से शाम के 05:00 बजे तक मतदान होगा। पहले चरण के 43 सीटों के लिए 683 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पहले चरण के चुनाव में चंपाई सोरेन, सीपी सिंह, रामेश्वर उरांव जैसे दिग्गजों के भाग्य का भी फैसला होगा। इधर, रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रत्येक मतदाता अपने मत का अवश्य इस्तेमाल करें।

वे लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा जरूर बनें। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए 15 जिले के 43 विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार सुबह 07:00 बजे से मतदान होगा। सभी मतदान कर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। बुधवार को सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में सुबह 5:30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। यदि किसी कारण से प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट समय पर उपस्थित नहीं हो सके, तो उनका 15 मिनट तक इंतजार करने के उपरांत पीठासीन पदाधिकारी द्वारा मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगे

**15344 मतदान केंद्रों पर होगी वोटिंग**

### आज इन विधानसभा सीटों के लिए होंगे चुनाव

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### इन पहचान पत्रों से भी दे सकते है वोट

- आधार कार्ड/ पैन कार्ड
- मनरेगा कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस
- बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
- श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
- एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
- भारतीय पासपोर्ट
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
- सांसदों/विधायकों/विधानसभा सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र और
- विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार



### पहले चरण के 43 सीटों के वोटर

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 1.37 करोड़ |
| पुरुष | 68.37 लाख |
| महिला | 68.36 लाख |
| थर्ड जेंडर | 303 |
| 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले | 63601 |
| दिव्यांगों की संख्या | 1.91 लाख |
| 18-19 वर्ष के वोटरों की संख्या | 6.51 लाख |

### ये मुकाबले चर्चा में

- सरायकेला विस सीट के लिए भाजपा के चंपाई सोरेन बनाम झामुमो के गणेश महली।
- जमशेदपुर पश्चिम विस सीट के लिए जदयू के सरयू राय बनाम कांग्रेस के बन्ना गुप्ता।

### 43 सीटों के अहम आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल बूथों की संख्या | 15344 |
| ग्रामीण क्षेत्रों में बूथों कि संख्या | 12716 |
| शहरी क्षेत्रों में बूथों कि संख्या | 2628 |
| यूनिक बूथों की संख्या | 50 |
| महिला मेनोगेट की संख्या | 1152 |
| दिव्यांग मेनोगेट की संख्या | 24 |
| युवा मेनोगेट की संख्या | 23 |

### आज रांची के पांच विस क्षेत्रों के 2085 बूथों पर होगी वोटिंग

**रांची।** पहले चरण में रांची जिले के तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को मतदान होगा। पहले चरण में रांची के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 2085 बूथों पर मतदान होना है। इन बूथों पर 8340 मतदान कर्मी तैनात किए गए हैं। रांची जिला के 88 बूथों पर सुबह सात से शाम 04:00 बजे तक मतदान होगा। जिसमें तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 57, कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 और मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 मतदान केंद्रों पर 04:00 बजे तक वोटिंग होगी। शेष पेज 11 पर


**बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला**

## झारखंड-बंगाल में ईडी की रेड, कई सामान मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ और उससे जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को झारखंड में रांची और पाकुड़ तथा पश्चिम बंगाल के 24 परगना और कोलकाता में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने मंगलवार की सुबह रांची के बरियातू स्थित होटल स्काई लाइन, आश्वी डायग्नोस्टिक्स, बाली रिसॉर्ट और माउंटेन व्यू रिसॉर्ट सहित छह ठिकानों पर पहुंची और वहां तलाशी ली। इसके अलावा, पाकुड़ के पिरतल्ला में अल्ताफ मनकर के यहां भी छापेमारी की गई। ईडी के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान अब तक फर्जी आधार कार्ड, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन और आधार बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले खाली प्रोफार्मा सहित कई सामान बरामद किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 16 सितंबर को झारखंड में बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ की जांच के लिए मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी का आरोप है कि यह कथित रूप से काले धन को उत्पन्न करने के लिए किया गया। इस संदर्भ में ईडी ने पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला झारखंड पुलिस की एक जांच रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे जून में रांची के बरियातू पुलिस थाना में दर्ज किया गया था। शेष पेज 11 पर



फर्जी आधार कार्ड, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन बरामद

### एक महिला की शिकायत पर दर्ज हुई प्राथमिकी

पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी। इससे पता चला कि उसने काम की तलाश में दलालों की सहायता से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश किया। इस मामले में पांच से छह महिलाओं को आरोपी के रूप में नामित किया गया था, जिन्हें एक स्थानीय रिसॉर्ट में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा था कि उन्हें ब्यूटी सैलून में नौकरी दिलाने का वादा करके वेश्यावृत्ति के लिए बांग्लादेश से भारत लाया गया था। एफआईआर के अनुसार, 21 वर्षीया बांग्लादेशी युवती को एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। इसके बाद 31 मई की रात निजी एजेंटों की सहायता से युवती को जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमाओं को पार कराया गया था।

शेष पेज 11 पर

### पीएम आज देवघर और गोड्डा में चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (13 नवंबर) को देवघर और गोड्डा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम रहेगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर तीन हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गयी है।

### राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, अयोध्या छावनी में तब्दील

**अयोध्या।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर को 16-17 नवंबर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसने वीडियो मैसेज करके यह धमकी दी है, जिसके बाद पूरे अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस धमकी के बाद एसपी ने पूरे अयोध्या का निरीक्षण कर सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया, जो मौजूदा समय में सभी गतिविधियों पर पैनी निगाहें बनाए हुए हैं।

## चुनाव में जीत की चाह : झामुमो और भाजपा दोनों प्रतिद्वंद्वी मैदान में आमने-सामने

## झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे, वोट से सबको कूटेंगे : सीएम हेमंत सोरेन

**सीएम सोरेन ने दुलमी में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में किया प्रचार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के 'बंटेंगे तो कटेंगे' के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि 'झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे, वोट से सबको कूटेंगे।' साथ ही, कहा कि गरीबों और आदिवासियों का जिस पर आशीर्वाद है, उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता। वे मंगलवार को रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह व्यापारी लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई में फूट डालकर झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, लेकिन व्यापारियों की फितरत है सिर्फ लेने की, देने की नहीं। आज एक बार फिर झारखंड में अबुआ सरकार बनाने की जरूरत है। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब उनकी सरकार बनी, तो ढाई साल कोरोना खा गया। बचे हुए ढाई वर्षों में उन्होंने बेटियों, बुजुर्गों और महिलाओं को पूरी राहत देने की कोशिश की है। सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बच्चियों को शिक्षा का ध्यान रखा गया। बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन दिया गया। शेष पेज 11 पर



**गिद्ध की तरह झारखंड में मंडरा रहे एनडीए के नेता**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एनडीए के नेताओं को गिद्ध की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि वे यहां जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री यहां आदिवासियों की हालत पर बयान दे रहे हैं, जबकि उनके प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जंगल और जमीन व्यापारियों के हाथों में थमा दिया। झारखंड में भी खनिज संपदा की लूट मचाने के लिए केंद्र सरकार साजिश रच रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। शेष पेज 11 पर

## सरकार बनते ही झारखंड से बाहर निकालेंगे घुसपैठियों को : अमित शाह

**केंद्रीय मंत्री ने झरिया और बाघमारा में विशाल चुनावी जनसभा को किया संबोधित**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** केंद्रीय गृह एंव सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झरिया और बाघमारा में मंगलवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 20 तारीख को आपका एक वोट झारखंड का भविष्य तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को तय करना है, अपना घर भरने वाली झामुमो सरकार चाहिए, या फिर लखपति दीदी बनाने वाली भाजपा सरकार चाहिए।

गृह मंत्री ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि, कांग्रेस के नेताओं के घर 350 करोड़ रुपये पकड़े जाते हैं, उसके बाद 35 करोड़ पकड़े जाते हैं। ये पैसा झारखंड की गरीब जनता का है, लेकिन हेमंत सरकार इस पर चुप्पी साध लेती है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, भ्रष्टाचार और लूट करने वाले लोगों को उलटा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। इसके साथ ही लूटा गया पैसा वापस झारखंड की तिजोरी में जमा किया जाएगा।



**इंडी गठबंधन सरकार में घोटाला ही घोटाला**

शाह ने झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, प्रदेश में एक हजार करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला, एक हजार करोड़ रुपये का खनन घोटाला और हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया गया। लेकिन, भाजपा झारखंड के लिए अपने संकल्प लेकर आई है, भाजपा की गारंटी पत्थर की लकीर होती है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू की जाएगी। इसके तहत हर महीने 2100 रुपये बहनों के बैंक अकाउंट में भेजने का काम करेंगे। शेष पेज 11 पर

### हाई कोर्ट ने धोनी को नोटिस जारी कर पक्ष रखने को कहा



**रांची।** इंडिया टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जरिये रांची सिविल कोर्ट में दायर शिकायतवाद पर रांची की निचली अदालत द्वारा आरोपित पूर्व क्रिकेटर मिहिर दिवाकर और पत्नी सौम्य विश्वास के मामले में संज्ञान लेने एवं इन दोनों को समन जारी करने को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने माही के खिलाफ नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा है। दरअसल, महेंद्र सिंह धोनी ने इनपर रांची सिविल कोर्ट में 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है। मामले में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के आरोपित बनाया गया है।

**कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र**

## राज्य के 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का किया वादा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस पार्टी ने झारखंड विधानसभा के पहले चरण के चुनाव से एक दिन पहले मंगलवार को 'सात वादे पक्के इरादे' नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र की घोषणा रांची स्थित कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में की गई। संकल्प पत्र जारी करने के दौरान मुख्य रूप से बंधु तिर्की और सुखदेव भगत आदि मौजूद थे। कांग्रेस के घोषणा पत्र में 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया है। साथ ही, 1932 आधारित स्थानीय नीति के साथ सरना धर्म कोड व क्षेत्रीय भाषा संस्कृति के संरक्षण का भी वादा घोषणा पत्र में है।

### घोषणा पत्र में कांग्रेस के सात वादे

1. 1932 आधारित स्थानीय नीति के साथ सरना धर्म कोड व क्षेत्रीय भाषा संस्कृति का संरक्षण।
2. दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये सम्मान राशि।
3. पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के साथ एसटी को 28, एससी को 12, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के साथ अल्पसंख्यक हितों का संरक्षण।
4. सात किलोग्राम प्रति व्यक्ति राशन और हर गरीब परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर।
5. 10 लाख युवक-युवतियों को रोजगार और 15 लाख रुपये तक का पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा।
6. जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल और यूनिवर्सिटी की स्थापना। सभी जिला मुख्यालयों में 500-500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**


## 43 सीटों से आज तय होगा झारखंड का भविष्य



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड के पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों के लिए आज वोट डाले जाएंगे। ये 43 सीटें ही झारखंड में अगली सरकार का आकार या प्रकार तय करेगी। इन सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया के बीच है। जबकि पहले चरण में कई राजनीतिक दिग्गजों का भविष्य तय होना है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्र-पत्नी और बहू शामिल हैं। इसके अलावा कई मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों और पूर्व सांसदों का राजनीतिक भविष्य में भी तय होगा।कोडरमा विधानसभा सीट पर इस वर्ष के चुनाव में बीजेपी विधायक डॉ. नीरा यादव और आरजेडी के सुभाष यादव के बीच सीधा मुकाबला है। हालांकि निर्दलीय शालिनी गुप्ता भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में जुटी हैं। शालिनी ने पिछली बार आजसू पार्टी से चुनाव लड़ा था। वर्ष 2000, 2005 और 2009 में इस सीट पर आरजेडी को जीत मिली थी। जबकि 2014 और 19 के चुनाव में बीजेपी की नीरा यादव सफल रहीं।बरकट्ठा में बीजेपी के अमित और जेएमएम के जानकी के बीच टक्कर है।बरकट्ठा में भाजपा के अमित यादव और जेएमएम के जानकी यादव के बीच टक्कर है। अमित यादव ने 2019 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी। जबकि जानकारी प्रसाद यादव ने भी 2014 में झाविमो उम्मीदवार के रूप में सफलता हासिल की।बरही में भाजपा-कांग्रेस के साथ सपा रेस में हैं। बरही के वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला को इस बार कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया। कांग्रेस ने अरुण साहू को उम्मीदवार बनाया, जिससे नाराज उमाशंकर अकेला निर्दलीय चुनाव मैदान में है। उन्हें बीजेपी के मनोज यादव टक्कर दे रहे हैं। मनोज यादव भी इस सीट से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं।बड़कागांव में अंबा प्रसाद को पुराने प्रतिद्वंदी से मिल रही चुनौती बड़कागांव में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से इस बार भी पुराने प्रतिद्वंदी रोशन लाल चौधरी से चुनौती मिल रही। अंबा प्रसाद की मां और पिता दोनों इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं और 15 साल से उनके परिवार का कब्जा है। जबकि बीजेपी ने आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशन लाल चौधरी को पार्टी में शामिल कर चुनाव मैदान में उतारा है।

**हजारीबाग में भाजपा-कांग्रेस के बीच दिलचस्प होगा मुकाबला :** हजारीबाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच एक बार फिर मुकाबला तय है। कांग्रेस ने मुन्ना सिंह और बीजेपी ने प्रदीप प्रसाद को यहां से उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले दो चुनाव में बीजेपी के मनीष जायसवाल को जीत मिली थी। सिमरिया में भाजपा-जेएमएम के बीच सीधी लड़ाई है। सिमरिया में बीजेपी और जेएमएम के बीच सीधी लड़ाई की तस्वीर बन रही है। इस सीट पर बीजेपी ने अपने विधायक किशुन दास का टिकट काट कर उज्जवल दास को उम्मीदवार बनाया है। जबकि जेएमएम ने मनोज चंदा को मैदान में उतारा है। मनोज चंदा पिछली बार आजसू पार्टी उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में थे।चतरा में आरजेडी और लोजपा-आर के बीच होगा मुकाबला है।चतरा में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की जगह उनकी बहू रश्मि प्रकाश आरजेडी उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। जबकि बीजेपी ने समझौते के कारण यह सीट लोजपा-आर के लिए छोड़ी है। लोजपा-आर की ओर से पूर्व विधायक जर्नादन पासवार को मैदान में उतारा गया है। बहरागोड़ा में समीर और दिनेशानंद सामने-सामने हैं।



बहरागोड़ा विधानसभा सीट से इस बार जेएमएम विधायक समीर कुमार मोहंती के सामने बीजेपी के दिनेशानंद गोस्वामी चुनाव मैदान में है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी जेएमएम होने से समीर मोहंती को फायदा मिलने की उम्मीद है। हालांकि लोकसभा चुनाव में समीर मोहंती को हार मिली थी। घाटशिला में चंपाई के पुत्र बाबूलाल और मंत्री रामदास की प्रतिष्ठा दांव पर। घाटशिला विधानसभा सीट पर इस बार पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया है। यहां उनका मुकाबला मंत्री रामदास सोरेन से है। जेएमएम विधायक रामदास सोरेन इस सीट से दो बार चुनाव जीत चुके हैं। पोटका में अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा चुनाव मैदान में हैं।पोटका में इस बार पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा चुनाव मैदान में हैं। मीरा मुंडा पहली बार चुनाव लड़ रहीं हैं और उनका मुकाबला जेएमएम के संजीव सरदार से है।राज्य गठन के बाद इस सीट पर बीजेपी और जेएमएम के बीच सीधी टक्कर होती रही है।

**जुगसलाई में जेएमएम और आजसू पार्टी के बीच मुकाबला :** जुगसलाई विधानसभा सीट पर आजसू पार्टी के रामचंद्र सहिस और जेएमएम विधायक मंगल कालिंदी के बीच सीधा मुकाबला है। रामचंद्र सहिस 2009 और 2014 में यहां से विधायक रहे हैं, लेकिन 2019 में मंगल कालिंदी ने पराजित किया था।जमशेदपुर पूर्वी में रघुवर दास की बहू और पूर्व आईपीएस अजय की प्रतिष्ठा दांव पर है । जमशेदपुर पूर्वी सीट से बीजेपी ने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू को चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने पूर्व आईपीएस डॉ अजय कुमार चुनाव मैदान में हैं। अजय कुमार जमशेदपुर के सांसद भी रह चुके हैं। जमशेदपुर पश्चिमी में पूर्व मंत्री सरयू राय और बन्ना गुप्ता सामने-सामने हैं।

शेष पेज 7 पर

## एक नजर

### मतदान केंद्र पर जाकर वोट दें : एफजेसीसीआई

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि बुधवार को झारखंड में प्रथम चरण का चुनाव है। इस दिन अपना वोट देकर देश व राज्य का भविष्य तय करें। उन्होंने कहा कि सभी से निवेदन है कि अपने परिवारजनों/ मित्रजनों/ सहयोगियों के साथ अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर वोट जरूर दें। लोकतंत्र के इस उत्सव का हिस्सा बनें। चैंबर परिवार के हर सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में योगदान दें और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।



### जमीनी स्तर पर समर्पित को चुनें मतदाता : डॉ. मंडल

**रांची।** पूर्व सांसद डॉ सूरज मंडल ने कहा है कि झारखंड के प्रति अनुभवी और जमीनी स्तर पर समर्पित वैसे नेतृत्व की बहुत अधिक जरूरत है। इस प्रदेश के सम्मान और झारखंडियों की खुशी की बातें करने की बजाय सही सोच के साथ काम करे। डॉ. मंडल ने कहा कि 24 वर्ष के बाद भी झारखंड को न तो अपनी पहचान मिली है न ही उसका वह स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि झारखंड विस का यह चुनाव बहुत अधिक महत्वपूर्ण है।



# आयोग हमें सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए विवश न करे : सुप्रियो भट्टाचार्या

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग और भारत सरकार की अन्य संस्थाएं हमारे प्रचार अभियान को रोकने की कोशिश कर रही हैं। आयोग हमें सड़क पर उतर कर आंदोलन के लिए विवश न करे।



आमने सामने

उपरोक्त बाते जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कल कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर रोका गया था। मंगलवार को भी हमारे 2 हेलीकॉप्टरों के बीच में एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर उतारा गया। सीएम और कल्पना सोरेन लगातार अनुरोध करते रहे कि उन्हें उड़ना है। लेकिन उन्हें एक घंटे की देरी हो गई। सुप्रियो ने आगे कहा, सीईसी राजीव कुमार बराबर खेलने यानी सभी दल के नेताओं बराबर प्रचार-प्रसार की बात कहते रहते हैं। लेकिन क्या यही बराबरी का तरीका है। या तो आप बराबर मौका देने की बात न कहें या हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करवा दें ताकि वो बोल न सकें। उन्होंने कहा कि यह सबकुछ केंद्र के इशारे पर हो रहा है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

झामुमो के प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पर भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

## साइलेंस पीरियड में कोई भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कर सकता है : भाजपा



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चुनाव आयोग पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने झामुमो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव से एक दिन पूर्व यानी 11 तारीख को शाम 5:00 बजे से साइलेंस पीरियड शुरू है। इस पीरियड में कुछ भी नहीं करना है। प्रचार संबंधी कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करनी है। बावजूद इसके चुनाव आयोग के आदेश को धता दिखाते हुए झामुमो के बड़े नेता ने रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि उनके(झामुमो) खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी दल ऐसा करने की कोशिश न करे। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव, रमाकांत महतो और पुष्कर तिवारी शामिल थे।

# हेमंत सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिया गैंग झारखंड में सक्रिय : मरांडी

### ईडी की कार्रवाई के दौरान साजिश का हुआ उद्भेदन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। कहा कि आज रांची में ईडी की कारवाई के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की जिस साजिश का उद्भेदन हुआ है, वह अत्यंत राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद चिंताजनक है। कहा कि पहले भी कई बार बता चुका हूं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला गैंग झारखंड में सक्रिय है। हेमंत सरकार के संरक्षण में यह गैंग बांग्लादेश से प्रवेश कराने से लेकर घुसपैठियों को मदरसों में ठहराने से लेकर उनका वोटर आईडी, आधार कार्ड व पासपोर्ट बनाने तक का जुगाड़ लगाता है। कहा कि हैरानी है कि झारखंड की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ कर झामुमो कांग्रेस की सरकार झारखंड को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। विगत कुछ सालों के दौरान हुई बेतहाशा घुसपैठ ने झारखंड की मूल पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है। कहा कि संथाल परगना के साथ-साथ राजधानी रांची, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा समेत कई जिले घुसपैठियों के सेफ जोन बन चुके हैं। कुछ दिनों पूर्व रांची में बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद रांची पुलिस को ही प्रारंभिक साक्ष्य मिले थे, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि इसके विपरीत न्यायालय के समक्ष घुसपैठ के स्याह सच को छुपाते हुए झूठा शपथ पत्र दायर किया गया, सुप्रीम कोर्ट जाकर घुसपैठ की जांच रुकवाने का प्रयास भी किया गया।



## न्यूज बॉक्स

### कल्पना सोरेन ने स्पीकर का पैर छूआ



**रांची।** नाला विधानसभा में आयोजित चुनावी जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन पहुंची। सभा से पहले, एक बेटी होने के नाते, उन्होंने स्पीकर रवींद्रनाथ महतो का पैर छूकर आशीर्वाद लिया, जो उनके संस्कारों और आदर्श का प्रतीक है। इसके बाद, उन्होंने चुनावी प्रचार करते हुए आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

### राज्यपाल संतोष गंगवार सुबह सात बजे करेंगे मतदान

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को रांची के एटीआई स्थित मतदान केंद्र पर सुबह सात बजे मतदान करेंगे।



### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आठ बजे करेंगे मतदान

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार सुबह 8:00 बजे ओटीसी ग्राउंड स्थित संत कोलंबस स्कूल में अपना मतदान करेंगे।



### निरसा में मिथुन चक्रवर्ती का पर्स हुआ चोरी



**रांची।** फिल्म अभिनेता सह भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती मंगलवार को निरसा विधानसभा में चुनाव प्रचार करने पहुचे। जहां भीड़ में किसी ने उनका पर्स चुरा लिया। निरसा विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार अपर्णा सेनगुप्ता के समर्थन में वोट मांगने आये थे। मौके पर हजारों लोगों की भीड़ थी। ऐसे में यह पता नहीं चल पाया कि किसने मिथुन चक्रवर्ती का पर्स चुराया। जब मिथुन को पर्स चोरी का पता चला तो उन्होंने अपने आस पास के लोगो को कहा। इसके बाद भाजपा नेताओं ने मंच से कहते रहे कि जिसको भी पर्स मिला है वे लौटा दें।

# रांची जिला के पांच सीटों पर मतदान आज

*सुविधायुक्त मतदान केंद्रों पर मतदाता करेंगे मतदान*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को वोटिंग होगी। पहले चरण के मतदान के लिए मंगलवार को मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से पारंपारिक तरीके से लोटा पानी कर पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। मंगलवार को ही पोलिंग पार्टियां सम्बंधित बूथों पर पहुंचे। पहले चरण में तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है।

पहले चरण में रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र के 2085 बूथों पर मतदान होना है। इन बूथों पर 8340 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें तमाड़ में 1212, रांची में 1496, हटिया में 1984, कांके में 1928 और मांडर में 1720 मतदान कर्मी हैं।

बता दें कि रांची जिला के 88 बूथों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा, जिसमें तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 57, कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 और मांडर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 मतदान केंद्रों पर वोटिंग होगी। रांची जिला में पहले चरण में 19,85,583 मतदाता हैं, जिसमें 989802 पुरुष, 995709 महिला और 72 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं तमाड़ में 2,18,637, रांची में 3,79,039, हटिया में 5,26,189, कांके में 4,81,815 और मांडर में 3,79,903 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



मतदान केंद्रों पर सुविधाएं बढ़ाई गई है

## हटिया विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग बूथ पर तैयारी पूरी



**रांची।** हटिया विधानसभा में बुधवार को मतदाता मतदान करने सुबह 7 बजे से पहुचेंगे। इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। साथ ही सुरक्षा बलों के लिए प्रयुक्त पेट्रोलिंग गाड़ी और ईवीएम को ले जानेवाली गाड़ियां जीपीएस सिस्टम से लैस की गई। जीपीएस के माध्यम से आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और जिला मुख्यालय द्वारा उनकी निगरानी की गई।

**वोटिंग बूथों पर तैयारी पूरी :** हटिया विस के अरगोड़ा क्षेत्र में कुल 39 वोटिंग केंद्र है। पोलिंग पार्टी बूथों पर पहुंचे। वहीं, मतदाताओं के लिए सभी बूथों पर सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है। पेयजल, शौचालय जैसी मूल जरूरतों का भी विशेष ख्याल रखा गया है। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर भी सभी बूथों पर उपलब्ध कराये गए हैं।

# घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है झामुमो, कांग्रेस व राजद : हिमंता

*हमारे समाज को बांटने का काम कर रही है हेमंत सरकार*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने खिजरी विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सरमा ने कहा कि इस बार झारखंड का चुनाव हमारे देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि, झारखंड चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है, क्योंकि यहां घुसपैठ का मुद्दा सबसे बड़ा है। आज रांची में इडी ने कई जगहों पर रेड की, जिस दौरान घुसपैठियों से जुड़े दस्तावेज बरामद बरामद किए गए। आज साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में लगातार घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। आज साहिबगंज में जिले में मुस्लिमों की संख्या 35 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सरमा ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, प्रदेश में लगातार घुपैठिए बढ़ रहे हैं, जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हेमंत सरकार लगातार घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। लेकिन जब 23 तारीख को एनडीए की सरकार बनेगी तो, एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालने का काम करेंगे। आज झारखंड के कई जिलों में एक विशेष समुदाय के लिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है। उन्होंने हेमंत सरकार से सवाल करते हुए कहा, अगर एक समुदाय के लिए स्कूल शुक्रवार को बंद हो सकता है, तो हिंदूओं के लिए मंगलवार को क्यों नहीं हो सकता? सरमा ने कहा कि, इस सरकार के मालिक आलमगीर आलम जैसे लोग हैं, इसलिए शुक्रवार को स्कूलों को बंद किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर मुहर्रम का जुलूस निकाल सकते हैं, तो राम नवमी का क्यों नहीं निकाल सकते। हेमंत सरकार हमारे समाज को बांटने का काम कर रही है।



# भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड़ का हितैषी नहीं : नड्डा

### अटल जी ने झारखंड बनाया, इसको हम ही संवारेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बगोदर और जमुआ में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, झारखंड में भाजपा की हवा चल रही है, लोगों ने मन बना लिया है अब भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को सबक सिखाना है। उन्होंने कांग्रेस-झामुमो-आरजेडी की गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि, जब झारखंड को अलग राज्य बनाने की मांग उठी थी, तब कांग्रेस नें इसका विरोध किया था और इनके गठबंधन के सहयोगी लालू यादव नें कहा कि, उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। लेकिन आज लालू यादव भी जिंदा है और झारखंड राज्य भी स्थापित है। झारखंड को अलग राज्य बनाने का श्रेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई जी को जाता है। इस दौरान नड्डा ने कहा कि एनडीए और भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड के हितैषी नहीं है।

उन्होंने कहा कि, अटल जी ने झारखंड बनाया है, इसको हम ही संवारेंगे। भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंति दिवस को गौरव दिवस के रुप में मनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। झारखंड के आदिवासी, गरीब और दलित समेत सभी वर्गों को साथ लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकास को आगे बढ़ाया है। झारखंड के वीरों ने अत्याचारी शासन को उखाड़ फैंकने का काम किया था, इस बार झारखंड की जनता झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फैंकेगी। जहां भी झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार है वहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और भाई-भतीजावाद है। कांग्रेस- झामुमो-आरजेडी में गरीबों का हक लूटने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं।



*जनता झामुमो, कांग्रेस व आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेकेगी*

# गठबंधन में विचार, आचरण अलग है लेकिन भ्रष्टाचार में सब एक हैं : शिवराज

*घुसपैठियों के वोटों की लालच में जेएमएम-कांग्रेस देश बेच रहे हैं*

नवीन मेल संवाददाता

**सिंदरी/रांची।** शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सिंदरी विधानसभा से भाजपा की उम्मीदवार तारा देवी और टुंडी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विकास कुमार महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, गठबंधन सरकार ने झारखंड को क्या दिया है..? पांच साल पहले जनता से सैंकड़ों वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। चारों तरफ केवल लूट मची है। इनके नेता, मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। ये पैसा जेएमएम-कांग्रेस का नहीं बल्कि झारखंड की जनता की खून-पसीने की कमाई का है। इसलिए अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ही सुशासन स्थापित करेगी।



**जेएमएम की विदाई तय है :** केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। हेमंत सोरेन और जेएमएम नेताओं के चेहरे मुरझाए हुए हैं। संभावित हार को देखकर बौखलाए हुए हैं। इनके चेहरे ही बता रहे हैं कि, झारखंड से हेमंत सोरेन जा रहे हैं और जेएमएम की विदाई का वक्त आ गया है।

**जेएमएम-कांग्रेस के कुंभकर्ण :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हमने सुना है कि, कुंभकर्ण 6 महीना सोता था और 6 महीना जागता था। जब वो 6 महीना जागता था तो केवल खाता ही रहता था, लेकिन जेएमएम-कांग्रेस-माले और इनके सहयोगी दलों के कुंभकर्ण तो 12 महीने ही खाते हैं। ये बालू, ईंट, पत्थर, कोयला और यहां तक की गरीबों का राशन भी खा गए।

**राम हमारे आराध्य हैं :** केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, हम जय श्रीराम बोलते हैं तो जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं के दिल में बड़ी तकलीफ होती है। तुष्टीकरण के कारण हेमंत सोरेन भी कहते हैं कि, जय श्रीराम सुन-सुनकर मेरे कान पक गए हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं, राम हमारे भगवान है, राम हमारे रोम रोम में रमे हैं, राम हमारी सांसों में बसे हैं और राम के बिना ये देश जाना नहीं जा सकता है। ये गठबंधन के लोग सनातन का विरोध करते हैं, सनातन को समाप्त करना चाहते हैं।

**जेएमएम घुसपैठियों को बसा रही है :** केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में विदेशी घुसपैठिए आ रहे हैं, ये जेएमएम की सरकार ही घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। ये देश हमारा, ये धरती हमारी, ये जमीन, जल, जंगल सब हमारे लेकिन विदेशी घुसपैठिए आकर रह रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

मतदान की तारीख

13 नवम्बर 2024

दिन बुधवार

मताधिकार-सपरिवार

| AC No. | AC Name |
| --- | --- |
| 19 | Kodarma |
| 20 | Barkatha |
| 21 | Barhi |
| 22 | Barkagaon |
| 25 | Hazaribagh |
| 26 | Simaria (SC) |
| 27 | Chatra (SC) |
| 44 | Baharagora |
| 45 | Ghatsila (ST) |
| 46 | Potka (ST) |
| 47 | Jugsalai (SC) |
| 48 | Jamshedpur East |
| 49 | Jamshedpur West |
| 50 | Ichagarh |
| 51 | Seraikella (ST) |
| 52 | Chaibasa (ST) |
| 53 | Majhgaon (ST) |
| 54 | Jaganathpur (ST) |
| 55 | Manoharpur (ST) |
| 56 | Chakradharpur (ST) |
| 57 | Kharsawan (ST) |
| 58 | Tamar (ST) |
| 59 | Torpa (ST) |
| 60 | Khunti (ST) |
| 63 | Ranchi |
| 64 | Hatia |
| 65 | Kanke (SC) |
| 66 | Mandar (ST) |
| 67 | Sisai (ST) |
| 68 | Gumla (ST) |
| 69 | Bishunpur (ST) |
| 70 | Simdega (ST) |
| 71 | Kolebira (ST) |
| 72 | Lohardaga (ST) |
| 73 | Manika (ST) |
| 74 | Latehar (SC) |
| 75 | Panki |
| 76 | Daltonganj |
| 77 | Bishrampur |
| 78 | Chhatarpur (SC) |
| 79 | Hussainabad |
| 80 | Garhwa |
| 81 | Bhawanathpur |

कोई मतदाता न छूटे

PR No. 340074 (Election) 2024-25

Voter Helpline 1950 | CEO Office Toll Free No. 18003311950 | फॉलो करें @ceo.jharkhand/ | ceo.jharkhand.gov.in पर लॉग ऑन करें

झारखंड के छऊ नृत्य से लेकर नशा मुक्ति के संदेश के थीम पर बने हैं मतदान केंद्र

# यूनिक बूथों पर दिखेगी झारखंड की संस्कृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 15 जिलों में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहें हैं। मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस उद्देश्य से हर मतदान केंद्र को मॉडल बूथ के रूप में तैयार किया गया है। हर मतदान केंद्र पर बिजली, पेयजल, रनिंग वाटर, शेड, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए रैंप एवं व्हीलचेयर के साथ उनकी सहायता के लिए वॉलेंटियर की भी व्यवस्था की गई है।

मतदाताओं को सहूलियत पहुंचाने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रथम चरण के निर्वाचन में ऐसे बूथ बनाए गए हैं जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां कुल 1152 महिलाओं द्वारा मैनेज्ड बूथ बनाए गए हैं। वहीं 24 बूथ दिव्यांगजनों एवं 23 युवा मतदानकर्मियों द्वारा मैनेज्ड बूथ तैयार किए गए हैं।

मतदाताओं को आकर्षित करने एवं स्थानीय महत्व को दर्शाने के उद्देश्य से इन 15 जिलों में कुल 50 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में सुसज्जित किया गया है। इसमें स्थानीय कलाकृतियों, परम्पराओं, मान्यताओं एवं विशेषताओं को रेखांकित करने के उद्देश्य से बूथों को सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि मतदान के उपरांत मतदाताओं में इसकी एक अच्छी याद बनी रहे।

इसी उद्देश्य से तमाड़ में चिपबंधीडीह स्थित बूथ को आदिवासी थीम पर सुसज्जित किया गया है। वहीं बालिका उच्च विद्यालय बरियातु को हॉकी के थीम पर सजाया गया है। हजारीबाग में जंगलों से घिरे बूथ को प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित करने का कार्य किया गया है। संत कोलंबस कॉलेज स्थित बूथ को सबसे पुराना बूथ होने के कारण यूनिक बूथ की कैटेगरी में रखा गया है। रामगढ़ के पतरातु के छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य विद्यालय में झोपड़ी से सुसज्जित किया गया है। जबकि , उत्क्रमित मध्य विद्यालय उचरिंगा को पतरातु टूरिज्म के रूप में विकसित किया गया है। गोला के राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय गोला को कृषि के थीम पर विकसित किया गया है। चतरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग में थीम पर विकसित किया गया है। गिरिडीह में 11 ऐसे बूथ तैयार किए गए हैं, जो मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए स्थानीय संस्कृति के आधार पर तैयार किए गए हैं। छऊ नृत्य के लिए प्रसिद्ध बोकारो एवं सरायकेला के ऐसे बूथ भी हैं, जिन्हें छऊ नृत्य के दृश्यों से सुसज्जित किया गया है। इसके साथ ही सभी जिले में आदिम समूहों की बहुलता वाले बूथों पर इससे संबंधित थीम पर बूथों को सुसज्जित किया गया है। लोहरदगा में पोषक वन के रूप में सुसज्जित किया गया है।




### मतदान करने वालों के लिए आज सिटी बस की यात्रा फ्री

**रांची।** शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रांची नगर निगम द्वारा कई गतिविधियां की जा रही है। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार मतदान दिवस बुधवार को रांची नगर निगम द्वारा सभी नागरिकों के लिए विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत निगम क्षेत्र में बंदोबस्त किए गए वाहन पड़ाव/पार्किंग में शुल्क माफ रहेगा। रांची नगर निगम द्वारा बंदोबस्त किए गए पार्कों में चुनाव के दिन मतदान करने वाले नागरिकों एवं उनके परिवार के नाबालिग सदस्यों से पार्कों में प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा। मतदान के पश्चात यात्रा करने वाले सभी नागरिकों को आवागमन के लिए सिटी बसों में शुल्क नहीं लिया जाएगा। नगर निगम रांची ने सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि मतदान दिवस के दिन अपने मतदाता होने के कर्तव्यों का निर्वाहन करें।

### फर्जी बहाली मामला

## तीन पदाधिकारियों समेत होमगार्ड के 23 जवानों पर एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने का मामला एक बार फिर से सामने आया है। इस मामले में दो जिला कमाडेंट, जिनमें एक सेवानिवृत हो चुके हैं और एक कंपनी कमांडर की संलिप्तता सामने आयी है। इन तीनों पदाधिकारियों ने मिलकर 23 लोगों को फर्जी तरीके से होमगार्ड में बहाल कराया था। यह सभी (23) फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे थे। जिस वजह से सरकार को एक करोड़ से अधिक रुपया का नुकसान हुआ है।

### होमगार्ड डीजी अनिल पालटा ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया

जांच में मामला सामने आने के बाद होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया है, उनमें होमगार्ड के जिला कमाडेंट विनय कुमार (सेवानिवृत), रवि कुजूर और कंपनी कमांडर चमरा मिंज के अलावा फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे 23 होमगार्ड के जवान शामिल हैं। होमगार्ड विभाग में अब तक 30 होमगार्ड के जवान ऐसे पाये गये हैं,जो फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे थे।इन सभी लोगों पर कार्रवाई जारी है।

### आज रिम्स के अधिकांश विभाग रहेंगे बंद

रांची। झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 के मतदान के अवसर पर राज्य के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान की तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। कांके और राँची विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 दिसंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। रिम्स के अधिकांश विभाग बंद रहेंगे। रिम्स में आकस्मिकी (इमरजेंसी)/अन्तः विभाग/रक्त अधिकोष विभाग/फोरेंसिक मेडिसिन विभाग/रेडियोलॉजी विभाग एवं पाकशाला को छोड़कर सभी अन्य विभाग बंद रहेंगे।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गो सेवा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा की ओर से मंगलवार को हरमू रोड गौशाला में गो सेवा की गई। महिला सदस्यों ने गो माता की पूजा के बाद हरा चारा, सब्जी, रोटी, गुड की सेवा की। संगठन की ओर से प्रत्येक एकादशी पर गो पूजा एवं हरा चारा की व्यवस्था की जाती है। आशा संथोलिया, डॉली बंसल, विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, किरण खेतान, दीपिका मोतीका, पायल जैन, सोनम अग्रवाल, सरिता बथवाल समेत अन्य शामिल हुईं।

## न्यूज बॉक्स

### एटीएम जो बंद रहता है

**रांची।** एटीएम यानी ऑटोमेटेड टेलर मशीन जिससे चौबीसों घंटे पैसे निकाले जा सकते हैं पर बैंक ऑफ इंडिया के रातू रोड पिस्का मोड़ से लेकर रातू तक सभी एटीएम सिर्फ बैंकिंग सेवा अवधि में यानी 10 बजे से 5 बजे तक वो भी कार्यदिवस में खुले रहते हैं ।उस अवधि में बैंक से भी पैसे निकाले जा सकते हैं ऐसे में दिखावे के लिए एटीएम खोलने से बड़ी आबादी को बहुत परेशानी हो रही है।आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के अनेकों लाभुक सरकारी योजनाओं से जुड़े हैं जिनका भुगतान उनके खाते में डीबीटी योजना से आता है उन्हें दूर दराज से आकर पता चलता है कि एटीएम बंद है और कब खुलेगा इसकी जानकारी किसी को नहीं न ही बैंक की तरफ से कोई सूचना दी गई है। कल संवाददाता ने चीफ मैनेजर ओम प्रकाश से इस संबंध में पूछा तो उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि तुरंत इस व्यवस्था को ठीक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रातू रोड स्थित अनेक निजी और सरकारी बैंकों के सभी एटीएम बिल्कुल सही काम कर रहे हैं।




### ताइक्वांडो में राजेश को मिला रजत पदक

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा विदिशा, मध्य प्रदेश में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंतिम दिन झारखंड की राजेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।राजेश ने अंडर 14 बालक के -32 वर्ग में फाइनल में उत्तर प्रदेश से 1- 2 से मैच गंवाते हुए यह रजत पदक अपने नाम किया। राजेश की इस उपलब्धि पर खिलाड़ी और टीम कोच रौशन गुप्ता, टीम एचओडीएम मोदस्सर सहित टीम के सदस्यों को शिक्षा सचिव के उमा शंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्य, झारखंड तायक्वोंडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह समेत शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खिलाड़ी और उनके कोच को बधाई दी है।



### फिल्म अभिनेत्री नेहा झा हुई सम्मानित



**रांची।** मंगलवार को रिलेशंस कि ओर से बरियातू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में 'जीना इसी का नाम है' कार्यक्रम के तहत अभिनेत्री नेहा झा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के निदेशक राजेश गुप्ता, प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, भजन गायक मनीष सोनी ने संयुक्त रूप से अभिनेत्री नेहा झा को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहा झा की माता अनुशिया झा और पिता मनोज कुमार झा उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि रांची की बेटी व फिल्म अभिनेत्री नेहा झा ने बहुत ही कम समय में अपनी मेहनत और लगन से बॉलीवुड में एक मुकाम हासिल कर लिया है। ये हमारे लिए गर्व की बात है कि नेहा झा झारखंड की राजधानी रांची से है। नेहा झा की इस उपलब्धि पर पूरे झारखंड को गर्व है। ज्ञात है कि नेहा झा शैतानी रश्मि (स्टार भारत), मां सरस्वती (हरि ॐ चैनल), परशुराम सीजन 2(अतरंगी), श्याम तुलसी (जी गंगा), परम अवतार श्री कृष्णा (एंड भारत) , सावधान इंडिया, क्राइम अलर्ट, राधा कृष्ण आदि कई मुख्य धारावाहिक में इन्होंने काम किया है। साथ ही इन्होंने सोनिक चैनल में बच्चों के कार्टून कान्हा मोर पंख में राधा कि वॉइस ओवर किया है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने नेहा झा को अपने समक्ष पाकर काफी खुश दिखे। बच्चों ने रिया से उनके इस सफल जीवन से सम्बन्धित कई प्रश्न पूछे जिसे रिया ने काफी सरलता से जवाब भी दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आईएस जाकी, सीमा लाला, पुरोबी राय, सिबानी, मोशमी भट्टाचार्य, शंकर, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकी, सरिता, निकिता, सविता सहित शिक्षक-शिक्षिकाए एव सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### डिस्पैच में अनुपस्थित रहने वाले मतदान कर्मियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में आज बुधवार को वोटिंग होगी। इसे लेकर रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी अवस्थित डिस्पैच सेंटर से तमाड़, रांची हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। डिस्पैच के दौरान मतदान कर्मियों की अनुपस्थिति को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया गया है, अनुपस्थित रहने वाले सभी मतदान कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अनुपस्थित रहने वाले मतदान कर्मियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाएगी।



## एनएसएस की गतिविधियों को माई भारत पोर्टल पर करना होगा अपलोड : मीता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव मीता राजीव लोचन मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों से मिलीं। उन्होंने स्वयंसवकों से नवंबर व दिसंबर की आगामी कार्य योजना की चर्चा करते हुए कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं के लिए काफी लाभदायक और उनके विकास में सहयोगी है। उन्होंने बताया कि माई भारत के माध्यम से जो भी क्रियाकलाप एनएसएस की ओर से किए जा रहे हैं, उन्हें माई भारत पोर्टल पर अपलोड करना है, ताकि उनके कार्य को पूरा देश देख सकें। इससे पूर्व मीता राजीव लोचन का बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर झारखंड के खेल निदेशक संदीप कुमार, राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, राज्य निदेशक एनवाईकेएस ललिता कुमारी, अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी दीप्ति कुमारी के साथ एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्वागत किया। मीता राजीव लोचन ने कहा कि सामाजिक कार्यों में एनएसएस महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। स्वयंसेवकों ने उन्हें बताया कि राज्य में विधानसभा चुनाव में एनएसएस के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों से मिलने के बाद मीता राजीव लोचन छत्तीसगढ़ के जशपुर के लिए रवाना हुईं, जहां बुधवार को आयोजित जनजातीय गौरव पदयात्रा में वह शामिल होंगी। मौके पर एनएसएस के टीम लीडरों व स्वयंसेवकों में रूपाली यादव, पुरुषोत्तम कुमार, अतुल कुमार, क्षणिका रानी, रिकेश भारद्वाज, आदर्श कुमार, रिया कुमारी, आकाश मुंडा, संकल्प कुमार, रौशनी कुमारी, रौनक जायसवाल, नवीन किशोर व अन्य थे।

### जमीन माफिया कमलेश को रहना होगा जेल में याचिका खारिज

**रांची।** रांची के जमीन माफिया कमलेश सिंह उर्फ कमलेश शर्मा को आगे भी जेल में रहना पड़ेगा। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को इसी पर आदेश सुनाया। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 5 अक्तूबर को याचिका दाखिल की थी। मामले में जमानत की गुहार चार्जशीट दाखिल करने के बाद लगाई है। ईडी ने 24 सितंबर को कमलेश सिंह समेत छह के खिलाफ जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। आरोपी कमलेश को ईडी ने 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है।

## झूठे वादों का फिक्स्ड डिपोजिट पांच सालों में हुआ दोगुना : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा ने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के घोषणापत्रों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने दोनों पार्टियों के घोषणापत्र को ह्वाखोखला पत्र और दिखावा पत्र करार दिया है। उनके अनुसार, इन घोषणापत्रों में कुछ भी नया नहीं है और यह 2019 में जारी किए गए घोषणापत्र की नकल मात्र हैं। साह ने तंज कसते हुए कहा कि चूंकि इन पार्टियों ने पिछले पांच वर्षों में कोई ठोस वादा पूरा नहीं किया, इसलिए यदि 2019 का घोषणापत्र ही पुनः जारी कर दिया गया होता तो जनता और पार्टी दोनों का समय बच सकता था। अजय साह ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर आरोप लगाया कि यह तुष्टिकरण की नीति पर आधारित है और एक विशेष समुदाय को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जबकि पूरा देश वक़्फ बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध कर रहा है, कांग्रेस ने इसके संशोधन का विरोध करने का वादा किया है। साह के अनुसार, मदरसों के शिक्षकों का वेतन बढ़ाने, अल्पसंख्यक आयोग को सशक्त बनाने, उर्दू शिक्षकों की संख्या बढ़ाने और फातिमा शेख स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं का उल्लेख कांग्रेस की साम्प्रदायिक सोच को दशार्ता है। उनका कहना है कि कांग्रेस ने बहुसंख्यक समाज की उपेक्षा करते हुए एक विशेष समुदाय को खुश करने का प्रयास किया है। साह ने यह भी आरोप लगाया कि झारखंड के प्रति राहुल गांधी की उदासीनता स्पष्ट है।

## सीएमपीडीआई : प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य पर सीएमपीडीआई में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता एवं ऑन लाइन क्वीज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा ने पुरस्कृत किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के दौरान समूह-1 में नर्सरी से वर्ग-2 तक के लिए आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम-आयान शेख, द्वितीय-निवान्न जैन एवं तृतीय स्थान पर सैयद तहमीद मंजूर रहे जबकि समूह-2 में वर्ग-2,3 एवं 5 तक में प्रथम-जेस्विथा विश्वास, द्वितीय-अलीशा एवं तृतीय जहरीन सुल्ताना वहीं समूह-3 में कक्षा-6 से 8 तक में प्रथम-रश्मि कुमारी रजक, द्वितीय-के0 लस्या प्रिया एवं तृतीय स्थान पर रहे श्रेयश सिंह को पुरस्कृत किया गया। कार्यपालक वर्ग के लिए आयोजित ऑन लाइन क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम- तिरूमाला राव गोराला, द्वितीय-एसके गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर रहे अजय यादव जबकि गैर-कार्यपालक वर्ग में प्रथम- आशीष रंजन, द्वितीय-उम्मे श्रेया एवं तृतीय स्थान पर रहे विश्वजीत सेनगुप्ता को पुरस्कृत किया गया। मौके पर सतर्कता विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रबोधिनी एकादशी पर हुआ महानुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कार्तिक शुक्ल पक्ष की हरि प्रबोधिनी एकादशी को ले श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी ) मंदिर में मंगलवार को प्रबोधिनी एकादशी पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की विशेष आराधना एवं पूजा- अर्चना की गई। प्रातः श्रीवेंकटेश का विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, वेंकटेश स्तोत्रम, करावलमबम, वेंकटेश प्रपत्ति और मंगलाशासनम के बाद भोग और मोक्ष के दाता श्रीहरि का षोडषोपचार पूर्वक तिरुआराधना किया गया। फिर नक्षत्र , कुंभ और कपूर से महा आरती की गई। भगवान को एकादश प्रकार के फलाहारी व्यंजनों का बाल भोग नैवेद्य हुआ। श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त और तैतीरियोंपनिषद का पारायण किया गया। इसके बाद श्रीमद्वेदान्त महादेशिक महाराज के द्वारा विरचित स्तोत्रों से भगवान का स्तवन हुआ । श्रीमन्नारायण नारायण , भजमन नारायण नारायण, हरि हरि नाम - संकीर्तन के धुन से भक्तवृंद मंत्रमुग्ध हो झूम रहे थे। अपने-अपने अभीष्टों की पूर्ति के लिए लोग श्रीविष्णु सहस्त्रनाम की अर्चना, श्रीवेंकटेश अष्टोत्तर सतनाम की अर्चना एवं श्रीलक्ष्मी अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना बारी-बारी क्रमानुसार दिनभर कराते दिखे। आज के महाभिषेक के यजमान अमरेश कुमार गुप्ता पत्नी उषा गुप्ता जबकि पुष्प श्रृंगार कराया। राजेश कुमार गुप्ता पत्नी रीना गुप्ता तथा एक समय का भोग निवेदन किया। एमएसएसएन मूर्ति यह तीनों यजमान रांची निवासी हैं। अर्चक सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिन भर के अनुष्ठानिक कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराया। मौके पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, राजेश सुल्तानिया, प्रदीप नरसरिया, गौरी शंकर साबू, अशोक धनानी, शंभू नाथ मिश्रा आदि बहुत संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए।

### आज / कल




## खाटू श्री श्याम प्रभु का जन्म उत्सव एक पवित्र परंपरा : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि खाटू श्याम प्रभु का जन्म उत्सव हर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देवउठनी एकादशी का भी व्रत रखा जाता है। खाटू श्याम जी का जन्म दिवस 12 नवंबर को बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण के अवतार श्री श्याम प्रभु के जन्म की याद में मनाया जाता है, जो अपने भक्तों को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, श्री श्याम प्रभु का जन्म भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के रूप में हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने श्री श्याम प्रभु के रूप में अवतार लिया था और उन्होंने अपने भक्तों को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। खाटू श्री श्याम जी को कलयुग का देव माना जाता है इनका हारे का सहारा कहा जाता है ऐसा माना जाता है कि जो भी व्यक्ति हार कर इनके दर पर जाता है बाबा उसको जीत दिलाते हैं खाटू श्याम जी का जन्मदिन हर साल कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की ग्यारस यानी एकादशी तिथि को दिन मनाया जाता है। हालांकि कुछ लोग बाबा का जन्मदिन फाल्गुन मास ग्यारस तिथि मनाते हैं। खाटू वाले बाबा का जन्म दिन खाटू श्याम मंदिर राजस्थान के अलावे पूरे देश में बहुत ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है बाबा के भक्तों को बाबा के जन्मदिन का पूरा साल इंतजार रहता है। श्री श्याम प्रभु की कथा के अनुसार, श्री श्याम प्रभु का जन्म एक गरीब ब्राह्मण के घर में हुआ था। उनके माता-पिता ने उन्हें भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के रूप में पहचाना और उन्हें भगवान के रूप में पूजा की। श्री श्याम प्रभु ने अपने जीवन में कई चमत्कार किए और अपने भक्तों को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने अपने भक्तों को सिखाया कि भगवान की भक्ति करना और उनकी आराधना करना ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है। खाटू श्याम प्रभु का जन्म उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री श्याम प्रभु की पूजा की जाती है और उन्हें फूल, फल और मिष्ठान्न अर्पित किए जाते हैं। भगवान श्री श्याम प्रभु की आरती की जाती है और उनकी कथा सुनी जाती है। खाटू श्याम प्रभु के जन्म उत्सव का महत्व बहुत अधिक है। यह दिन भगवान श्रीकृष्ण के अवतार श्री श्याम प्रभु के जन्म की याद में मनाया जाता है और इस दिन की पूजा और आराधना से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख और समृद्धि आती है। खाटू श्याम प्रभु का जन्म उत्सव एक पवित्र परंपरा है।



### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मौलाना आजाद कालेज में कार्यक्रम

**रांची।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री और विख्यात स्वतंत्रता सेनानी मौलाना आजाद की जयंती पर मौलाना आजाद कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ परवेज अहमद ने किया। कार्यक्रम में मौलाना आजाद पर कविज, भाषण एवं जीके प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। जीके प्रतियोगिता में सफल छात्र- प्रथम मो. अफान, द्वितीय दानिश अंसारी, तृतीय अनिक नायक छात्राओं में प्रथम शमा अली, द्वितीय मेहर खातुन, तृतीय फरजाना परवीन। कविज प्रतियोगिता में छात्रों में प्रथम दिलशाद आलम, द्वितीय अलतमस खान, तृतीय अलकाफ आलम, छात्राओं में प्रथम सना परवीन, द्वितीय सनोबर परवीन, तृतीय फरीदा परवीन को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ परवेज अहमद और डॉ मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी ने मौलाना आजाद की जीवनी और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## कलयुग अवतारी श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव भक्तिभाव से मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मंगलवार को कार्तिक शुक्ला देवोत्थान एकादशी पर कलयुग अवतारी श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव भक्तिभाव वातावरण में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि द्वापर में माता मोर्वी के आंगन में कार्तिक शुक्ला एकादशी को श्री श्याम प्रभु ने अवतार लिया और शिशदान के पश्चात श्री कृष्ण से वर पाकर कलयुग में खाटू धाम में प्रगट हुए । इस अवसर पर सर्व प्रथम प्रातः 10:30 श्री लक्ष्मी वेंकटश्वर अन्नपूर्णा सेवा तिरुपति मन्दिर द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा अन्नपूर्णा सेवा का कार्यक्रम का किया गया । साथ ही आज के एकादशी के उपलक्ष में पूरे मन्दिर परिसर को विद्युत की रंगीन लड़ियों , रंगीन बैलून व फूलों से अत्यन्त कलात्मक ढंग से सजाया गया। अहले प्रातः काल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर 21 प्रजातियों विशेष कर गुलाब, जूही, बेला, मोगरा, जरबेरा, ऑर्किड, गैंदा के ताजे फूलों से श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया । मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जय जयकारों के बीच ज्योत प्रज्वलित की गई और उपस्थित भक्तगण श्री श्याम प्रभु के जयकारों से मन मयूर नाच उठा । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्व प्रथम गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा का भोग अर्पित कर विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा - केसरिया दूध - मगही पान का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 1 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम का श्याम मण्डल के अपने यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया।



### मतदान के लिए वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होना जरुरी

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रथम चरण में रांची जिला अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र में आज बुधवार को मतदान होगा। मतदाताओं को मतदान से पहले ईपीआईसी (मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र) प्रस्तुत करना है। किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में एढकउ प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो वो वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। 12 अन्य मान्य दस्तावेज, जिससे दे सकते हैं वोट : आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार शामिल है।

## एक नजर

### नगड़ी के मतदान केंद्रों पर ईवीएम लेकर पहुंचे मतदानकर्मी

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की शाम होते-होते लगभग सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षाबलों के साथ मतदानकर्मी ईवीएम मशीन लेकर पहुंच गए। सभी मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी और शौचालय आदि की व्यवस्था की गई है। जिन मतदान केन्द्रों में बिजली नहीं है वहां जेनरेटर की व्यवस्था की गई है। नगड़ी प्रखंड की 13 पंचायतों में 10 पंचायत हटिया विधानसभा क्षेत्र और तीन पंचायत खिजरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आती हैं। बुधवार को होनेवाले विधानसभा चुनाव में नगड़ी प्रखंड की 10 पंचायतों के 109 बूथ पर मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 43 मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। नगड़ी प्रखंड में इस वर्ष कुल एक लाख 8853 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 53,569 और महिला मतदाता 55,282 है। वहीं थर्ड जेंडर के मात्र 02 मतदाता हैं।

### बेड़ो में चुनावी ड्यूटी पर तैनात जवान की तबीयत बिगड़ी, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय खत्रीखटंगा के बूथ संख्या 246 और 247 पर चुनावी ड्यूटी पर तैनात 40 वर्षीय आरक्षी सागर सिंह सरदार तबीयत बिगड़ने से बेहोश होकर गिर गया। घटना मंगलवार की शाम सात बजे की है। उसे पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी बेड़ो पहुंचाया, जहां डॉ सुमन ने उनका प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, थाना प्रभारी नकुल साह सीएचसी बेड़ो पहुंचे। आरक्षी के सहयोगी पुलिसकर्मी ने बताया कि वह यूको-15 जैप पांच देवघर का जवान है।

### मांडर में एक लाख 89 हजार 908 मतदाता डालेंगे वोट

**मांडर/चान्हो।** मांडर और चान्हो प्रखंड में 13 नवंबर को होनेवाले मतदान की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार मांडर और चान्हो प्रखंड में कुल एक लाख 89 हजार 908 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इसमें एक थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल है। मांडर प्रखंड में इस बार कुल एक लाख तीन हजार 65 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 52,304 महिला और 50, 860 पुरुष मतदाता हैं। मांडर में कुल 112 मतदान केंद्र हैं, इसमें 21 बूथ संवेदनशील हैं। वहीं चान्हो प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या एक थर्ड जेंडर सहित 86,843 है। इसमें 44,480 महिला और 42,362 पुरुष मतदाता हैं। प्रखंड में कुल 97 बूथ में 34 बूथ को संवेदनशील हैं। प्रखंड के चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि बूथ में पोलिंग पार्टी और मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए बिजली, पानी सहित अन्य इंतजाम किए गए हैं।

ईवीएम मशीन लेकर खलारी के कलस्टरों में पहुंचे मतदानकर्मी

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज डाले जाएंगे वोट





**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी प्रखंड के 60 बूथों में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बूथों के को छह कलस्टर में बांटा गया है। मंगलवार अपराह्न बाद मतदान कर्मी ईवीएम मशीन सहित अन्य मतदान सामग्री लेकर निर्धारित कलस्टरों में पहुंच गए। छह कलस्टरों में आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज हेसालौंग, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटाप, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करकट्टा, डीएवी उच्च विद्यालय खलारी बुकबुका, सरस्वती शिशु मंदिर पुरनी राय तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय राय शामिल है। इधर बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पारा मिलिट्री फोर्स व जिला पुलिस बल के जवान पहले ही कलस्टर पहुंच चुके हैं। मतदान कर्मी बुधवार तड़के ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री लेकर कलस्टर से अपने अपने बूथ के लिए रवाना होंगे। बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा। बूथों पर स्टैटिक फोर्स की तैनाती रहेगी। इसके अलावा पुलिस बल द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी। खलारी के सभी 60 बूथ सामान्य श्रेणी में हैं।

## सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम, निर्भिक होकर करें मतदान : डीएसपी

खलारी अंचल क्षेत्र में शांति पूर्ण व निष्पक्ष मतदान कराने को लेकर पुलिस उप अधीक्षक खलारी आरएन चौधरी के निर्देश पर थाना प्रभारी खलारी पुनि विजयकुमार सिंह व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर पारा मिलिट्री फोर्स बीएसएफ व एसएसबी के 200 तथा जिला पुलिस बल के 100 सुरक्षाकर्मी लगाये गए है। उन्होने मतदाता से अपील किया है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर निर्भिक होकर मतदान करें।

## खलारी व बुड़मू प्रखंड क्षेत्र के लिए जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे संतोष कुमार

प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार को खलारी व बुड़मू दोनो प्रखंड क्षेत्र के लिए जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व दिया गया है। खलारी प्रखंड में 240 मतदान कर्मी चुनाव कराएंगे। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट व रिजर्व मतदानकर्मी भी रहेंगे। इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाया गया है जिसमें इवीएम मशीन, वीवीपैट को रिजर्व रखा जाएगा। वहीं प्रखंड कार्यालय में एक सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया है ताकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो और रहने वाले कर्मियों को भी किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। अधिकारी पूरी तरह अपनी ड्यूटी तैयार रहेंगे।

खलारी में कुल मतदाताओं की संख्या 56806 है। जिसमें 29316 पुरूष मतदाता तथा 27490 महिला मतदाता हैं। विधानसभा चुनाव 2019 की तुलना में इस चुनाव में 6633 मतदाता बढ़े है। संतोष कुमार ने बताया कि असमर्थ मतदाताओं के लिये थर्ड लाइन की सुविधा होगी जिसमें दिव्यांग, वृद्ध, बीमार व गर्भवती महिलाएं सीधे लाइन में लगकर मतदान कर सकेंगी। असमर्थ मतदाताओं के लिए बूथ पर ट्राई साइकिल की सुविधा भी रहेगी।

## लालगंज चेकपोस्ट से 2.10 लाख रुपये जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग थाना क्षेत्र के लालगंज चेक पोस्ट से वाहन चेकिंग के दौरान ड्यूटी पर मौजूद मजिस्ट्रेट ने दो अलग-अलग व्यक्तियों से क्रमशः 1.5 लाख रुपए एवं 60 हजार रुपए से बरामद किया । बाद में सूचना मिलने पर लपून की प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंची और बरामद रूपए की गणना करने के बाद उसे जब्त कर लिया। बीडीओ उषा मिंज ने बताया कि संजय साहू नामक लापुंग का व्यापारी से डेढ़ लाख रुपए बरामद किया गया है। संजय साहु लापुंग से सिसई जा रहा था उसी समय उसके पास एक थैले से डेढ़ लाख बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर शाम 5.00 बजे वाहन चेकिंग के दौरान दूसरे वाहन से 60 हजार रुपया बरामद किया गया। यह राशि इमानुएल बरला का बताया जा रहा है। वह भरनो से कामडारा जा रहा था। बीडीओ उषा मिंज के अनुसार उक्त राशि एक व्यापारी का है। इसका मामला लापुंग थाना मे मामला दर्ज किया गया। उधर लापुंग में रुपए बरामद होने की सूचना मिलते ही लोगों में खलबली मच गई। अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि चार लाख रुपए थे लेकिन रूपए का मालिक आधा से अधिक राशि लेकर फरार हो गया। पुलिस के हाथ केवल डेढ़ लाख रुपए लगे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि कांग्रेस के एक नेता के भतीजे के पास से पैसा बरामद हुआ है। हालांकि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि अफवाहें उड़ती रहती है लेकिन सच्चाई है कि सिर्फ डेढ़ लाख एवं बाद में साठ हजार रुपए बरामद किए गए हैं। रुपए जब्त कर लापुंग थाना प्रभारी संजय कुमार यादव को सुपुर्द कर दिया गया है। जिनसे रुपए बरामद किए गए हैं उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वे प्रमाणित करें कि इस राशि का उपयोग चुनाव में नहीं किया जाना था। बरामद राशि का स्रोत क्या था यह भी बताना होगा। राशि को उन्हें प्राप्त करने के लिए डीडीसी के पास जाना होगा।

## खलारी पहुंचे एसएसपी, सुरक्षा का लिया जायजा



**खलारी।** मंगलवार देर शाम रांची के सीनियर एसपी चंदनकुमार सिन्हा चुनाव तैयारियों का जायजा ले खलारी पहुंचे। वे हुटाप स्थित कलस्टर तथा सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा कलस्टर गए और व्यवस्था का निरीक्षण किए। मतदानकर्मियों के आने जाने के रास्ते में लगाए गए पुलिस बल का भी निरीक्षण किए। इसके बाद पूरी सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षा किए। एसएसपी ने डीएसपी खलारी को कई आवश्यक निर्देश दिया साथ ही कहा कि नक्सल प्रभावित बूथ में सुरक्षा बल पैदल ही जाएंगे। इस दौरान जोनल मजिस्ट्रेट सह खलारी बीडीओ संतोष कुमार, खलारी डीएसपी आरएन चौधरी, मैकलुसकीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार भी मौजूद थे। इधर मंगलवार दिन में पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी ने पारा मिलिट्री फोर्स के साथ प्रखंड के संवेदनशीन इलाकों में लौंग रूट पेट्रोलिंग किया।

## झारखंड टीम के तीरंदाजों ने जीते 6 पदक




**सिल्ली।** 10 से 20 नवंबर तक गुजरात में आयोजित 68 वां नेशनल स्कूल गेम में झारखंड टीम के ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर 17 तीरंदाजी टीम के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें 1 स्वर्ण, 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम गौरवांवित किया। वहीं सिल्ली की तमन्ना वर्मा रिकर्व डिवीजन के व्यक्तिगत स्पर्द्धा 60 मीटर दूरी में 1 स्वर्ण पदक, ओवर ऑल में रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीती। रिकर्व टीम में तमन्ना वर्मा के अलावे सिल्ली की रितु रानी, जोन्हा की लक्ष्मी कुमारी एवं जेएसएसपीएस रांची की अनुपा कुमारी शामिल हुई। वहीं इंडियन राउंड में जोन्हा की लवली कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्द्धा 40 मीटर की दूरी में कांस्य पदक, ओवर ऑल रजत पदक एवं टीम स्पर्द्धा में रजत पदक जीता है। इसमें लवली, सिल्ली की रुचिता उरांव , रितिका, जमशेदपुर की प्रिया कुमारी शामिल है। पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन, खेल निदेशक संदीप कुमार, शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग,रांची जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार सिंह, प्रकाश राम, शिशिर महतो, रोहित कोईरी, करण कुमार कर्मकार, डी साईस्वरी एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दिया।

## बेड़ो और लापुंग प्रखंड में सारी तैयारियां पूरी,मतदान आज



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
बेड़ो और लापुंग प्रखंड में 13 नवंबर को होने वाली चुनाव की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा। संवेदनशील बूथों पर आइटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी के जवानों सहित झारखंड पुलिस के जवान भी पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे। लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि सुरक्षा की सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद है। किसी भी तरह की चूक की कोई संभावना नहीं है। संवेदनशील एवं सीमावर्ती इलाकों के बूथों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस के बल को तैनात किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि सुरक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान शुरू होने से लेकर मतदान के अंत तक और इवीएम स्ट्रांग रूम पहुंचाए जाने तक पुख्ता सुरक्षा इंतजाम कर लिया गया है। बेडो.प्रखंड में 107 बूथों पर 45653 पुरूष मतदाता एवं 47086 महिला मतदाता कुल 92740 मतदाता अपने वोटो का प्रयोग कर सकेंगे। वहीं लापुंग प्रखंड में 65 बूथों पर 26601 पुरुष मतदाता एवं 27962 महिला मतदाता कुल 54566 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर सकेंगे। मंगलवार की शाम को बेडो. के 107 और लापुंग प्रखंड के सभी 65 बूथों में मतदानकर्मी पहुंच चुके हैं।

## न्यूज बॉक्स

### ठाकुरगांव में देवथान पर आज लगेगा मेला



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में देवत्थान पर 14 नवंबर को लगने वाले मेला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को मेला का विधिवत उद्घाटन किया गया। गांव के पाहन ब्राजील पाहन द्वारा जतराखूंटा में पूजा अर्चना करके मेला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझु व मनोज वाजपेयी बतौर अतिथि शामिल हुए। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि जतरा हमारा धरोहर है इसे हमसबों को मिलकर बचाये रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में मेला क्षेत्र के सभी बारह पड़हा समितियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। विदित हो कि मेला के दिन 14 नवंबर को ठाकुरगांव-पिठोरिया मुख्य मार्ग को भी बंद रखा जायेगा। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष रामजतन पाहन, शिवकुमार मुंडा, युगेश महतो, शिवशंकर महतो, जहरुद्दीन अंसारी, जावेद इरफान, दशरथ पाहन समेत अन्य मौजूद थे।

### मांडर व चान्हो में विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरी



**मांडर/चान्हो।** मांडर और चान्हो प्रखंड में बुधवार को होने वाले विधानसभा चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। मांडर प्रखंड के कुल 1 लाख 3 हजार एक सौ चौसठ मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमे कुल 52304 महिला और 50860 पुरुष वोटर है वोटरों के लिए 112 बूथ बनाए गए हैं। वहीं चान्हो प्रखंड में 97 बूथ बनाए गए है। कुल वोटर 86843है जिसमे पुरुष 42362,महिला 44480 और थर्ड जेंडर 1 है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए कई लोग



**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा अन्तर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रधान कार्यालय में विभिन्न दलों के सोनाहातू प्रखंड के एक सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान कार्यालय में सिल्ली के पूर्व विधायक सीमा महतो भी उपस्थित थी। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, अमित कुमार महतो एवं सीमा महतो की जयकारा लगाया और कहा कि हमलोग हेमंत सोरेन के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे है।

### विवेकानंद के सिद्धांतों को अपनाकर करें चरित्र निर्माण : स्वामी अंतरानंद

**अनगड़ा।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टाटीसिलवे में मंगलवार को विद्यार्थी अपना चरित्र निर्माण कैसे करें इस विषय पर एकदिनी एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम मोरहाबादी के स्वामी अंतरानंद महाराज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्वामीजी ने चरित्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका, स्वामी विवेकानंद के अनमोल सिद्धांतों को आत्मसात कर आध्यात्मिक उन्नति कैसे करें इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। स्वामी अंतरानंद ने विद्यार्थियों को स्ट्रेस और विवाद प्रबंधन के गुर भी बताए। साथ ही योग और आयुर्वेद को अपनाकर अपने स्वास्थ्य और अंतर्मन की शुद्धता के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी संकायों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, डॉ नवीन सिन्हा, डीन प्रो अरशद उस्मानी समेत सभी विभागाध्यक्ष और शिक्षक मौजूद थे।

## कोयला उद्योग को आकार देने वाले आईआईसीएम के 31 वर्ष पूरे




### अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान (आईआईसीएम) ने मंगलवार को अपने रांची परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में अपना 31वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक विनय रंजन सहित सीआईएल, आईआईसीएम, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट की अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं कोलइंडिया कॉर्पोरेट गीत के साथ एक औपचारिक उद्घाटन समारोह से हुई, जहां मुख्य अतिथि विनय रंजन ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कोयला उद्योग में आईआईसीएम के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की और भविष्य के लीडर्स को पोषित करने में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया। तकनीकी सत्रः कोयला क्षेत्र में नवीनतम रुझानों और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए तकनीकी सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई जिसमें अलग-अलग पहलू पे विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर रंगा- रंग जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत की समृद्ध विरासत और विविधता को प्रदर्शित करता है। आईआईसीएम और अन्य संगठनों के प्रतिभाशाली कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए मनमोहक नृत्य और संगीत प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इस आयोजन में उन व्यक्तियों और टीमों को सम्मानित किया गया जिन्होंने आईआईसीएम और कोयला उद्योग में उत्कृष्ट योगदान दिया है। अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्रशासनिक सेवाओं में उत्कृष्टता को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। स्थापना दिवस समारोह ने उद्योग पेशेवरों, शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं के बीच नेटवर्किंग के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों ने ज्ञान और अनुभवों को साझा करते हुए फलदायी चर्चा की। कुल मिलाकर, 31वां स्थापना दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी। इसने शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए आईआईसीएम की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इस आयोजन ने कोयला क्षेत्र में ज्ञान और नवाचार के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में संस्थान की स्थिति को मजबूत किया। ज्ञात हो कि भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान कोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु एक आधुनिकतम प्रशिक्षण संस्थान है , जो वर्ष 1994 में स्थापित किया गया था । इस संस्था का मिशन अपने ग्राहक संगठनों के लिए सर्वांगीण उत्कृष्टता के अनुकूल एक स्वस्थ और स्वस्थ कार्य संस्कृति बनाने और पोषित करने में मदद करना है।

### नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त अधिकारियों वे कर्मियों को दिए गए निर्देश

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 13 नवम्बर को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान को सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। मतदान प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने और त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है। समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह -उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक कर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नियंत्रण कक्ष के कार्यों से अवगत कराते हुए मतदान के दिन विभिन्न चरणों में डेटा का सही संग्रहण करने, मतदान केंद्रों की स्थिति का वास्तविक समय में आंकलन करने समेत अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्रों में आज डाले जाएंगे वोट, मतदान कर्मी रवाना



### जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में भी मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को कोई परेशानी न हो, इसे लेकर मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी के बिरसा कॉलेज स्टेडियम में डिस्पैच सेंटर से मंगलवार को सभी मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। उपायुक्त ने कई मतदान कर्मियों को माला पहनाकर रवाना किया। खूंटी और तोरपा विधानसभा के सभी मतदानकर्मियों को इवीएम और वीवीपैट के साथ सुरक्षाकर्मियों को भी रवाना किया गया। 60-खूंटी विधानसभा क्षेत्र के 297 और 59-तोरपा के 252 मतदान केंद्रों में 13 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। डिस्पैच सेंटर में मतदान कर्मी, पार्टी मिलान एवं मतदान सामग्री प्राप्त कर पूर्व निर्धारित कलस्टर के लिए रवाना किए गए। खूंटी जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्र सघन जंगल पहाड़ और सुदूरवर्ती इलाकों में अवस्थित हैं। दूरस्थ इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदानकर्मियों के लिए कलस्टर में सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल की गई हैं। मतदान सामग्रियों का मिलान कर मतदानकर्मियों को कलस्टर के लिए विभिन्न वाहनों में रवाना किया गया। मतदानकर्मियों के साथ ही सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी भी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों में निर्धारित की गई है। जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में भी मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को कोई परेशानी न हो, इसे लेकर जिला निर्वाचन कोषांग पूर्व में ही बैठकें आयोजित कर मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। तोरपा और खूंटी विधानसभा इलाके में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षाकर्मियों के साथ इवीएम और वीवीपैट के साथ मतदानकर्मियों को रवाना किया गया।

## एक नजर

### आज प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में हो जाएगा बंद

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा चुनाव बुधवार को है। मतदान के साथ ही चुनावी समर में उतरे सभी 13 दलीय और निर्दलीय प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगा। इसका फैसला 23 नवंबर को मतगणना के दिन हो जाएगा। यहां प्रत्याशियों में भाजपा से डॉ नीरा यादव, बहुजन समाज पार्टी से प्रकाश आंबेडकर, राजद से सुभाष यादव, निर्दलीय गालीब मंसूरी, कामेश्वर महतो, महेंद्र प्रसाद यादव, योगेंद्र कुमार पंडित, राजेश राज, रीतलाल प्रसाद सिंह, रौनक कुमार यादव, देवेंद्र प्रसाद वर्मा, शालिनी गुप्ता और सुनील कुमार सिन्हा हैं। इनमें तीन प्रत्याशियों भाजपा की डॉ नीरा यादव, राजद से सुभाष प्रसाद यादव और निर्दलीय शालिनी गुप्ता के बीच टक्कर होने की संभावना है। इधर जिला प्रशासन चुनाव को निष्पक्ष और भयमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। साथ ही हर जरूरी कदम उठाए गए हैं।

### रमेश प्रसाद यादव डिग्री कॉलेज के शिक्षकों ने बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य को कराया बंद


**डोमचांच।** रमेश प्रसाद यादव डिग्री कॉलेज के शिक्षकों ने सोमवार को कॉलेज प्रिंसिपल पर कॉलेज की वित्तीय फंड का गलत तरीके से दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। फंड के उपयोग और प्रिंसिपल द्वारा मनमानी सहित कई मुद्दों को लेकर कॉलेज प्रिंसिपल और कॉलेज के शिक्षकों के बीच कई महीनों से तनातनी है। शिक्षकों ने बताया कि कॉलेज बंद होने के बाद गुप्त तरीके से कॉलेज फंड का दुरुपयोग कर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें भी कॉलेज की पूरे जमीन को न लेकर प्रिंसिपल द्वारा खास लाभ के लिए कॉलेज के कुछ जमीन को छोड़ कर गुप्त तरीके से बाउंड्री वॉल का निर्माण करा दिया जा रहा है। इधर कॉलेज अकाउंटेंट वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि कई माह पहले प्रिंसिपल द्वारा अकाउंटेंट का रूम का भी ताला तोड़कर सभी कागजात अपने पास रख लिए हैं। इसके कारण कॉलेज के क्रय-विक्रय का कोई पता नहीं चल

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान सब विधानों का राजा है: मुनि

**झुमरी तिलैया ।** झुमरीतिलैया में चल रहे विश्व शांति महायज्ञ सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतर्गत आज पांचवें दिन नया मंदिर जी में नये द्वार के चालू होने के पूर्व 1008 श्री महावीर विधान व वास्तु शास्त्र विधान की पूजा की गई। सोमवार को जैन संत मुनि श्री 108 सुयश सागर महाराज के सानिध्य में सिद्धों की आराधना व पूजा स्थल मंडल पर जयकारों के बीच मंत्रोच्चार के साथ 512 अर्घ्य समर्पित किए गए। प्रातः कालीन अभिषेक, ओम प्रकाश वीर सेठी के परिवार द्वारा शांतिधारा, नित्य नियम पूजन सुर समार्ट सुबोध,आशा गंगवाल,शशि शब्द,करिश्मा छाबड़ा के साथ संगीतमय पूजन हुआ। इसी के साथ गुरुवर का चरण पखारने का सौभाग्य इस इंद्र परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री ने सभी को विशेष आशीर्वाद दिया। इसके बाद विधान प्रारंभ हुआ।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान का आयोजन

## सफल जीवन के लिए सभी लोगों को अपने जीवन में धर्म को महत्व देना चाहिए : पंडित रमेश जैन शास्त्री



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान का आयोजन भक्ति भाव से किया जा रहा है। यह विधान 8 नवंबर शुक्रवार से शुरू हुआ और 15 नवंबर को पूरे विधि विधान के साथ संपन्न होगा। जैन महिला जागृति रामगढ़ द्वारा श्री सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह जलाभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य पूजन किया जा रहा हैं। पंडित रमेश जैन शास्त्री ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान विधानों का राजा है। विधान में सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाती है। जिमसें महिलाओं ने हाथों में मंगल कलश धारण कर मंडप की स्थापना के साथ ही सुख शांति की कामना की। पंडित जी ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान में अनेक विधान समाहित है। मोह चक्र के वशीभूत प्राणी को सांसारिक चक्र से पार पाने के लिए सिद्ध चक्र की आराधना करनी होगी। सिद्ध चक्र का विधान मैना सुंदरी और श्रीपाल ने किया था। सकारात्मक और सफल जीवन के लिए सभी लोगों को अपने जीवन में धर्म को महत्व देना चाहिए। विधान में अरुणा जैन, मीना पाटनी, उषा पाटनी,शारदा अजमेरा, पुष्पा अजमेरा, खुशबू चूड़ीवाल, मिथलेश जैन, सरला सेठी, अनीता चूड़ीवाल, सुनीता चूड़ीवाल, आभा जैन, सुनीता छाबड़ा, प्रिया पाटनी, श्रीकांता गंगवाल, ममता गंगवाल, रेणु चूड़ीवाल, किरण सेठी आदि शामिल हैं। समाज के अध्यक्ष श्री मानिक चंद जैन ने समाज के सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि विधान में सब बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं पुण्य के भागीदार बनें। समाज की सदस्य पुष्पा अजमेरा एवं संजय सेठी ने 8 दिन का व्रत धारण किया है। इनके इस तप की हार्दिक अनुमोदना करते हैं।

## 429 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** जिले की पोलिंग पार्टियां मंगलवार को कोडरमा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाए डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवटित बूथों के लिए रवाना हो गईं। जिले के कुल 429 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह की मौजूदगी में पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज डिस्पैच सेंटर पहुंचकर खुद सारी व्यवस्था की मॉनटरिंग कर रही थीं। जबकि मतदानकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश के साथ चुनाव आयोग की गाइडलाइन से अवगत कराया गया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित माहौल में त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने को कहा। साथ ही आपसी समन्वय रखते हुए एक-दूसरे की सुरक्षा, आपात स्थिति में निर्णय लिये जाने, ससमय मतदान कराने की जानकारी दी। डीसी ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। इधर सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयडिया ने माइक्रो ऑब्जर्वर को संबोधित करते हुए कहा कि ससमय मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा चुनाव अंतर्गत मतदान 13 नवंबर की सुबह 7 बजे से शुरू होगा। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र में कुल 429 बूथ हैं, जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 82 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं 18 क्लस्टर बनाए गए हैं। 36 माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रथम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टी व सेक्टर दंडाधिकारियों को मतदान केंद्रों के लिए किया गया रवाना



**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु 12 नवंबर को सौमेंदु कुमार दास सामान्य पर्यवेक्षक, चन्दन कुमार जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़, अजय कुमार पुलिस अधीक्षक रामगढ़, रोबिन टोप्पो उप विकास आयुक्त रामगढ़, रविन्द्र कुमार गुप्ता उप-निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़, चन्दन कुंमार वत्स पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़, परमेश्वर प्रसाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, पवन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू एवं फौजान अहमद, प्रोबेसनर पुलिस उपाधीक्षक द्वारा 22 बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखण्ड में आने वाले कुल 221 बूथ पर 13 नवंबर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ से पोलिंग पार्टी, सेक्टर दण्डाधिकारी / सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, एवं पुलिस बल को एक साथ टैग कर ईवीएम उपलब्ध करा कर विभिन्न मतदान केन्द्रों के लिए सुरक्षित तरीके से रवाना किया जा रहा है।

### महाविद्यालय ने निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली



**हजारीबाग।** जी.एम.इंटर महाविद्यालय, इचाक के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली मतदाता के उद्देश्यों एवं उसके महत्व को जानने हेतु निकाली गई। यह नागरिकों के लिए मतदान के बारे में जागरूकता बढाकर यह व्यक्त करने का तरीका है कि वह अपने नेताओं से क्या चाहते हैं। सभी 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान करने से नागरिकों को अपनी सरकार में अधिक शामिल होने और उसे जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है। मतदान करना हमारी सरकार के साथ अधिक नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। रैली के माध्यम से यह बताया गया कि यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान ही एक बेहतर तरीका है। मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य भी है जो हमारे देश के भविष्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। मतदान ही एक ऐसा माध्यम है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर देता है, हमें अपनी आवाज को सुनने के लिए मतदान करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम जो चाहते हैं, उसे लागू किया जाए। मतदान हमारे देश द्वारा हमें दिए गए मौलिक अधिकारों में से एक है। मतदान करना किसी भी लोकतंत्र में उसके नागरिक का अधिकार ही नहीं बल्कि नैतिक कर्तव्य भी है।

### इस्कॉन मंदिर की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली में बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए बालिका शिक्षा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस्कॉन मंदिर के प्रभुजी श्याम बृज विलास तथा उनके सहयोगियों का आगमन हुआ एवं उनके द्वारा धार्मिक मार्गदर्शन किया गया। बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन संबंधी, चारो युगों से संबंधित तथा भागवत गीता से संबंधित ज्ञान दिए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने कीर्तन किया एवं दीप जलाए। मौके पर विद्यालय के प्रभारी राजीव रंजन, विद्यालय के आचार्य बंधु - भगिनी एवं कार्यालय प्रमुख कुमार प्रवीण मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजन में बालिका शिक्षा विभाग प्रमुख पूनम दीदी तथा बालिका शिक्षा विद्यालय प्रमुख मनिका का योगदान रहा।

### मतदान केंद्र पहुंचे कर्मियों का बीएलओ ने किया स्वागत

**कोडरमा।** पोलिंग पार्टियां मंगलवार को कोडरमा स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवंटित पोलिंग बूथों के लिए रवाना हुए। डिस्पैच सेंटर से रवाना होते हुए मतदानकर्मी अपने-अपने मतदान केंद्र पहुंचे। जैसे-जैसे मतदान कर्मी अपने बूथ पहुंच रहे हैं, उस मतदान केंद्र के बीएलओ ने मतदानदल के कर्मियों को फूल और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सभी ही मतदाताओं से अपील किया जा रहा है कि हम आपके लिए तैयार हैं। बुधवार को अपने मतदान केंद्र आकर मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हों।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कोडरमा ।** नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीएसडब्लूओ नीतीश कुमार निशांत ने मंगलवार को कहा कि मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर मतदाता वोट डाल सकेंगे। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र से वोट कर सकेंगे। इसके अलावा बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद, विधायक, पार्षद द्वारा जारी पहचान पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र दिखाकर भी मतदान कर सकेंगे।

पहले चरण के चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी, मतदान आज

## मतदाता शांतिपूर्ण करें मतदान : एसडीओ





वेबकास्टिंग के मध्यम से बूथों की होगी निगरानी

- *प्रखंड के कुल 123 बूथ में 2 संवेदनशील व 11 मॉडल बूथ घोषित*
- *अनुमंडल में 11 कंपनी अतिरिक्त बाहरी बल तैनात : एसडीपीओ*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही, बरकट्ठा और बड़कागांव विस में बुधवार को वोट डाले जाने हैं. मतदान पारदर्शी, निष्पक्ष व निर्भीक वातावरण में संपन्न करवाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जा चुकी है. सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि प्रखंड में कुल 123 है. जिसमे 2 को संवेदनशील और 11 मॉडल बूथ के रूप में चयनित किया गया है. मॉडल बूथ के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय के 5 बूथ, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के 4 बूथ और मध्य विद्यालय केवल के दो बूथ शामिल हैं. सभी बूथ पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी किए जायेंगे. जो सीधा जिला नियंत्रण कक्ष से जुड़ा रहेगा. प्रखंड के सभी बूथों पर मतदान कर्मी पहुंच चुके है. बुधवार की सुबह साढ़े पांच बजे मॉक टेस्ट के पश्चात मतदान के लिए बूथ तैयार हो जाएगा. जहां मतदान प्रातः 7 बजे से संध्या चार बजे तक कर पाएंगे. मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सभी बूथ पर बीएलओ तैनात रहेंगे. थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर आभास कुमार ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है. उनके पास स्थानीय, जिला के अलावा दो कंपनी अतिरिक्त बाहरी बल उपलब्ध करवाए गए हैं. जो प्रत्येक बूथ पर तैनात किए जाएंगे. एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने बताया कि उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. पूरे अनुमंडल क्षेत्र में 11 कंपनी अतिरिक्त बाहरी बल लगाया गया है. एसडीओ जोहन टुडू ने मतदाताओं से शांति और निर्भीकता के साथ बिना किसी लोभ लालच के अपने मनचाहे प्रतिनिधि को मतदान करें.

बरही में ट्रैफिक जाम से आवाम कर रही है त्राहिमाम

## पूर्व इंस्पेक्टर के कार्यों को लोगों ने सराहा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते कई दिनों से एक बार फिर बरही की आवाम प्रतिदिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से परेशान है. जाम हटाने के लिए प्रशासन को प्रतिदिन घंटों मशक्कत करने पड़ते है तो जनता प्रतिदिन की जाम से त्रस्त हो त्राहिमाम कर रही है. जाम की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि जीटी रोड सिंघरावां से पंचमाधव और खोड़ाहर से जामुखाड़ी तक के लोग परेशान हो चुके हैं. यात्री वाहन के साथ एम्बुलेंस, स्कूल बस सहित पदाधिकारियों और कर्मियो के भी वाहन बुरी तरह से जाम में फंस रहे हैं. बाबजूद इस दिशा में कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जाना गहरी चिंता का विषय है. लोगों की माने तो प्रतिदिन लगने वाले जाम के लिए स्थानीय फल और सब्जी विक्रेता के साथ बीच चौक पर वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालक पूरी तरह जिम्मेवार हैं. इस दिशा में कई लोगो ने पूर्व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार के कार्यों की सराहना किया है. जिन्होंने सड़क पर दुकान लगने वाले वाहन और दुकान पर पूर्ण पाबंदी लगाकर बरही को जाम मुक्त बनाने में सफल भूमिका निभाई थी. उनके प्रयास से बरही वासियों को जाम से हद तक राहत मिली थी. परंतु उनके स्थानांतरण के बाद फिर से स्थिति यथावत हो चुका है और यहां के आवाम को हर दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है.

## खुदरा सब्जी विक्रेता संघ एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को देगा समर्थन : नीरज मंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जॉन रामगढ़ में बैठक अयोजित की गई। बैठक में खुदरा सब्जी विक्रेता संघ द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया की एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में सभी खुदरा सब्जी विक्रेता आगामी 20 नवंबर को मतदान करेंगे। मौके पर अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के भविष्य को अधर में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों तक जनहित में कार्यों पर प्रदेश की सरकार का ध्यान नहीं गया। चुनाव नजदीक आते हैं राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए मईया सम्मान योजना लाकर लोगों को ध्यान भटकाने का काम किया है ताकि उनकी सरकार की नाकामी नजर नहीं आए । मौके पर उन्होंने सभी से एकजुट होकर हेमंत सरकार को उखाड़ के फेंकने का आह्वान किया। सचिव संजय कुशवाहा ने कहा कि आज जिस तरह से पुरे झारखंड में कोयला, बालू की लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि आम जनता को काफी महंगे दाम पर बालू लेना पड़ रहा है। विकास के कार्य ठप्प हैं। खनिज संपदा की लूट मची हुई है। कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी ने कहा की प्रदेश में महिलाएं आज सुरक्षित नहीं है। अपराधियों को मनोबल इस कदर बढ़ा है की अपराधी दिन दहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता से हटाने की जरूरत है। ताकि राज्य को सही दिशा मिल सके। मौके पर संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, राम प्रवेश साहू, अजय कुमार, बिनोद कुमार, तूफान कुमार, रीता देवी, इंदु देवी वर्मा, काजल देवी, ज्योति देवी, कृष्ण चटर्जी, सरिता चौधरी, अनीता देवी ,पुष्पा देवी , सुशीला देवी, आशा देवी, सावित्री देवी ,सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दसवें दिन निकाली गई प्रभातफेरी

*प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर बिजुलिया सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर 12 नवम्बर को दसवें दिन भी प्रभातफेरी निकाली गई। बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निशान साहिब की अगुवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। प्रभातफेरी में 'कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजा' जैसे शब्दों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर बिजुलिया सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। यहां कोहली परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार रंजीत सिंह छाबड़ा ने इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा बिट्टी, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, शरद चमन, अंकित कालरा, प्रसिद्ध शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, विक्की छाबड़ा, कशिश छाबडा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू, राजू छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, यश छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल, चरणजीत जौली, सुमी जौली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर आदि शामिल हुए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

## तीन विधानसभा में चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां ईवीएम लेकर हुई रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिला के 3 विधानसभा (20 बरकट्ठा, 21 बरही,25 हजारीबाग) क्षेत्रों में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर पोलिंग पार्टियां मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से रवाना हो गयी। रवानगी की तैयारियां व डिस्पैच प्रक्रियाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय पहुंची। निरीक्षण के क्रम में 3 विधानसभा के मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी को रवाना करने के लिए रूट मैप, ईवीएम और तैयार मतदान सामग्री के वितरण की जांच की। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण काउंटर, हेल्प डेस्क, मटेरियल डिस्पैच सेंटर, विधानसभा वार कार्मिक कोषांग, पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर, कार्मिक रिजर्व, पोलिंग पार्टी के बैठने की व्यवस्था आदि तथा वाहन पड़ाव का भी अवलोकन किया। डिस्पैच सेंटर में ईवीएम और मतदान सामग्री को बूथवार रखा गया है, ताकि पोलिंग पार्टियों को सामग्री देने में किसी तरह की परेशानी न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों को लेकर निर्देश दिया कि मतदान कर्मियों के बीच सुलभ तरीके से नियुक्ति पत्र वितरण, मतदान सामग्रियों तथा ई०वी०एम० मशीन उपलब्ध कराएं।

## बड़कागांव विधानसभा चुनाव के लिए सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारी हुए रवाना

- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 197399 पुरुष, 188662 महिलाएं एवं 11 ट्रांसजेंडर करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर दंडाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को 12 नवम्बर को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया। इस दौरान निर्वाचन आयोग से आए सामान्य प्रेक्षक वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक देवव्रत दास, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने इस संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। मतदान संपन्न करने के लिए रवाना हो रहे हैं महिला मतदान कर्मी एवं पुरुष मतदान कर्मियों को गुलदस्ता देकर एवं फूल माला से स्वागत कर हौसला बढ़ते हुए मतदान के लिए रवाना किया गया। डिस्पैच के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदान संपन्न कराने जा रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान कर्मियों को दिए दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मंगलवार को सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा में सिमडेगा एवं-कोलेबिरा असेंबली के मतदान कर्मियों को उनके मतदान केंद्रों क्लस्टरों के लिए प्रस्थान के पूर्व सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने आवश्यक जानकारी दते हुए बारी -बारी से संबोधित किया। इस दौरान प्रेक्षक सी रवि शंकर ने सभी मतदान कर्मियों से कहा कि समय की महत्व को समझते हुए कार्य करेंगे, आज दिन आप लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, अच्छे से मतदान कराने के लिए आप सभी को कई राउंड में प्रशिक्षण दिया गया है। अगर किसी के मन में कोई शंका होगी तो वह नोडल पदाधिकारी से संपर्क कर पूछ लेंगे। या हैंडबुक एक बार अवश्य देख लेंगे। अपनी कार्य दायित्व का निर्वहन करने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेंगे। क्योंकि लापरवाही के कारण ही बहुत बड़ी गलती हो जाती है। अच्छे से सजग होकर कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों से कहा कि आज अपने कलस्टर एवं मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद शाम तक आवश्यक चीजों को देख लेंगे तब कल पूरी एनर्जी के साथ कार्य कर पाएंगे। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं अपने बूथ के बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य दायित्व का निर्वहन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र या कलस्टर जाने के क्रम में जो निर्धारित रूट है उसका पालन सुनिश्चित करेंगे। रूट डायवर्ट नहीं करेंगे साथ ही बीच में गाड़ी भी नहीं रोकने की बात कहीं।





## प्रत्येक बूथ एवं क्लस्टर में आवश्यक न्यूनतम सुविधा उपलब्ध : डीसी

उपायुक्त ने सभी मतदान कर्मियों को हौसला अफजाई करते हुए आस्वस्त किया कि आप अपने मतदान केंद्र या क्लस्टर में पहुंचें जहां बी.एल.ओ. तथा प्रखंड से प्रतिनियुक्त कर्मी आपकी सुविधा के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व से प्रत्येक बूथ एवं क्लस्टर में आवश्यक न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है फिर भी कोई दिक्कत हो तो नोडल पदाधिकारी परियोजना निदेशक आईटीडीए से संपर्क कर लेंगे। आपके बूथों में लिखे गए अधिकारियों के नम्बरों में संपर्क कर अपनी दिक्कतों की जानकारी दे सकते हैं। उपायुक्त ने महिला मतदान कर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आपकी सुविधा के लिए पानी, बिजली, शौचालय, कमरें तथा भोजन हेतु रसोइया द्वारा भोजन की व्यवस्था कराई गई है।आपके सफल प्रशिक्षण एवं हौसला से मुझे विश्वास है कि आप सिमडेगा में सफल चुनाव कराने में सक्षम होंगे।



उपायुक्त ने मतदान दिन 13 नवंबर 2024 को सुबह मतदान शुरू करने के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल कराकर 7:00 बजें से मतदान प्रारम्भ करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे कर देने है। अगर पोलिंग एजेंट नहीं पहुंचे रहेंगे तो इसके लिए 15 मिनट का इंतजार करेंगे इंतजार करने के बावजूद भी नहीं आते हैं तो मॉक पोल प्रारंभ कर लेंगे। 50 वोट मॉक पोल में डालने के बाद मॉक पोल की डाटा बी.यू. एवं वीवीपैट से क्लियर कर लेंगे। डाटा क्लियर करने के बाद पीठासीन पदाधिकारी प्रपत्र भरकर मतदान की प्रक्रिया को प्रारंभ करेंगे।और मतदान प्रारंभ होने की सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को ससमय देंगे। प्रत्येक 2 घंटे में टोटल बटन दबाकर कुल मतदान एवं प्रतिशत बताने एवं नोट कर लेने एवं इसकी जानकारी देने की बात कहीं। मतदान अवधि में मतदाता के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति वोटिंग कम्पार्टमेंट में प्रवेश नहीं करेंगे। मतदाता भी मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैज़ेट लेकर वोटिंग रूम में प्रवेश नहीं करेगा इस सुनिश्चित करेंगे। पीठासीन पदाधिकारी के अलावे किसी व्यक्ति द्वारा वोटिंग केंद्र में मोबाइल सहित प्रवेश नहीं करेंगे। यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो तुरंत सूचित करें।प्रत्येक बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। जो लाइव प्रदर्शित करता रहेगा जिसे निर्वाचन आयोग से, एवं जिला निर्वाचन निगरानी करता रहेगा। मतदान समाप्ति पर क्लोज़र बटन दबाकर रिपोर्ट देने की बात कहीं। अंत में सभी पीठासीन पाधिकारियों सहित मतदान कर्मियों को मतदान के लिए प्रस्थान पूर्व शुभकामनाएं दी।

## मतदान केंद्रों में सुविधा के लिए पुलिस जवान किए गए प्रतिनियुक्ति : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखकर रुट चार्ट का अनुपालन करेंगे। किसी भी हालत में किसी अन्य रुट में नहीं जायेंगे। मतदान कर्मी दो जगहों पर रुकेंगे। एक वे जो सीधे बूथ पर जाएंगे दूसरे वे जो क्लस्टर में रुकेंगे। क्लस्टर में इंटर मीडिएट स्ट्रांग रूम बने हैं वहां अपना ई.वी.एम. रखेंगे। उसे लॉक किया जायेगा। दूसरे दिन सुबह समय से पहले तैयार होकर प्रातः5.30 बजे के पूर्व बूथ पर पहुंचकर मॉक पोल कराकर मतदान प्रारम्भ करेंगे। उन्होंने कहा कि अनावश्यक इधर-उधर भ्रमण नहीं करेंगे। शैडो एरिया के लिए रनर का व्यवस्था किया गया है। साथ ही सभी जगह सुरक्षा के मद्देनजर जवान की प्रतिनियुक्ति की गई है। आप सभी अच्छे से जाएं और शांतिपूर्ण वातावरण में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पारदर्शिता साथ मतदान सफलता पूर्वक समापन करें। मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् अपने रिसीविंग सेंटर में सावधानी पूर्वक पहुंचेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव को संपन्न करने के लिए धैर्यवान व ऊर्जावान होकर कार्य करना है।पुलिस अधीक्षक ने सिमडेगा पुलिस की ओर से जारी की क्यूआर कोड की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस क्यूआर कोड की स्कैन करेंगे तो जिला स्तरीय पदाधिकारी का संपर्क मोबाइल नंबर से मतदान केंद्र तक की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।



# मतदान से 90 मिनट पहले मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा में विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर रवाना करने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर चुनाव संबंधित तैयारीयों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों से साझा किया। उपायुक्त ने बताया कि मतदान दिन 13 नवंबर 2024 को सुबह मतदान शुरू करने के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल की प्रक्रिया करते हुए 7:00 बजे से मतदान प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले में मतदान संपन्न करने के लिए कुल 574 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं के लिए आवश्यक बेसिक सुविधा के अनुरूप सारी व्यवस्था की गई है।सिमडेगा जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 2500 मतदान कर्मी, 84 की संख्या में सेक्टर मजिस्ट्रेट और 80 की संख्या में माइक्रो ऑब्जर्वर प्रस्थान कर चुके हैं।और अधिकांश स्थानों में जो हमारा पोलिंग स्टेशन यह क्लस्टर लोकेशन है वहां पर पोलिंग पार्टी और सेक्टर ऑफिसर्स पहुंच चुके हैं।कल सुबह से समय से मतदान कराया जाएगा सभी मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए जो आवश्यक मूलभूत सुविधा है उसकी व्यवस्था की गई है। कल जिले में अमन चैन का माहौल बना रहे इसके लिए सभी सुरक्षा की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। जो दो-दो घंटे में वोटर टर्न ऑउट का रिपोर्ट के लिए जिले में कंट्रोल रूम बनाया गया है। सारे मतदान केंद्र वेब कास्टिंग कैमरा से आच्छादित है जिसके लिए जिला में कंट्रोल रूम है जो पल-पल मतदान केदो में जो एक्टिविटी होती रहेगी उसकी जानकारी यहां मिलती रहेगी। सभी वाहनों में जो सेक्टर पदाधिकारी हैं और पोलिंग पार्टी जीपीएस ट्रैकर सिस्टम लगाया गया है। जिसका कंट्रोल रूम बनाया हुआ है जिसमें लगातार मॉनीटरिंग भी किया जा रहा है। जिले में अच्छे वातावरण में अधिक से अधिक से मतदान करने के लिए कोई भी बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि कल जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो पाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी और सुरक्षाकर्मी यहां से प्रस्थान किये है। करीब 4000 सुरक्षा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति अलग-अलग बूथ पर पोलिंग स्टेशन की सेंसिटिविटी के आधार पर की गई है। कई पोलिंग स्टेशन जो क्रिटिकल है वहां पर सीएएफ पीएएफ की प्रतिनियुक्ति की गई है। अन्य बाहर जिला से आए हुए सैनिक बल है और जिले के सैनिक बल की भी प्रतिनियुक्ति वहां पर की गई है। अलग-अलग जगह पर 46 क्यूआरटी बनाया गया है जो अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। और किसी भी तरह की विधि व्यवस्था एवं अन्य कोई भी समस्या आती है उसका भी निराकरण हो पायेगा। 59 बूथ जिले में शैडो जोन में है जिसमें वायरलेस सिस्टम लगाया गया है जिस की वहां से कम्युनिकेशन निर्वाध रूप से होता रहे।

## जंगली हाथियों से मतदान कर्मियों की सुरक्षा के लिए की विशेष गश्ती

**कोलेबिरा।** वन विभाग ने जंगली हाथियों से मतदान कर्मियों की सुरक्षा के लिए विशेष गस्ती शुरू की है। सभी क्लस्टर में वन विभाग की टीम भ्रमण कर रही है, जिससे मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी हाथी की सूचना मिलती है, तो वन विभाग को तुरंत सूचित करें। इससे हाथी की सुरक्षा और मतदान कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। वन विभाग की यह पहल मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने में मदद करेगी। गौरतलब हो सिमडेगा के कई क्षेत्र हाथी प्रभावित है ऐसे में चुनाव के दौरान किसी प्रकार से किसी का कोई भी नुकसान ना हो उसे ध्यान में रखते हुए वन विभाग पूरी तरह से अलर्ट है।

## सिमडेगा में विधानसभा चुनाव आज वाट्सएप्प व फेसबुक में छाए रहे नेता

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा में आज विधानसभा चुनाव आज हो रहा है। सोशल मीडिया भी इस बार राजनीतिक रंग में रंग गया है। प्रत्याशियों ने सोशल मीडिया फेसबुक को भी प्रचार का जरिया बनाया । प्रत्याशियों द्वारा फेसबुक व वाट्सएप पर फोटो अपलोड कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी। कुछ प्रत्याशियों ने इसके लिए बाकायदा अपने समर्थकों को जिम्मेदारी सौंप दी है। जो प्रतिदिन किए जाने वाले जनसंपर्क के फोटो अपलोड करते रहे। प्रत्याशियों का मानना है कि फेसबुक पर 80 प्रतिशत लोगों का अकाउंट है और वे कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुडे रहते हैं। इसलिए वे फेसबुक पर अपलोड करते हैं। चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे। प्रत्याशी प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सबसे अधिक उपयोग कर रहे हैं। गांवों की गलियां और सार्वजनिक स्थलों पर बैनर और पंपलेट की बाढ़ आ गई । इसके अलावा जन संपर्क को भी प्राथमिकता दी गयी। प्रत्याशी बैनर पोस्टरों के साथ प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का सहारा भी लिया।खास बात यह है कि विस पार्टी के कार्यकर्ता भी पुरी तरह से सोशल मीडिया में छाए हुए नजर आए। मैदान में ताल ठोंक रहे प्रत्याशी प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सबसे अधिक उपयोग किया। गांवों की गलियां और सार्वजनिक स्थलों पर बैनर और पंपलेट की बाढ़ आ गई है। इसके अलावा जन संपर्क को भी प्राथमिकता दी गयी। बरहाल आज विधानसभा चुनाव होना है जहां पर सुबह से ही लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे अब देखने वाली बात यह है कि डिजिटल जमाना में यह सोशल मीडिया का प्रचार किस प्रत्याशी के लिए ज्यादा पल्ला भारी रहता है।

## विरासत में मिली भाषा, संस्कृति व परंपरा को रखें अक्षुण्ण : मंगल

नवीन मेल संवाददाता

- देवोत्थान एकादशी पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समा

**सिमडेगा।** देव जागरण का पर्व देवोत्थान के पूर्व संध्या सिमडेगा जिला अंतर्गत पिथरा पंचायत के यमुना खाइंड गांव में श्रद्धा भक्ति आस्था और विश्वास के साथ माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की गई। शाम में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायक रघुनंदन दास द्वारा मर्दानी झुमर राग में माता वंदना के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आगाज किया गया। सुहाना देवी के गीत में मंचासीन अतिथि और श्रोता अपने स्थान पर झूमने को मजबूर हो गए। म्यूजिशियन राधे मुंडा, इंद्रजीत मांझी, बजरंग कैथ, शेखर बड़ाईक, मनोज कुमार के संगीत पर गायक विशेश्वर सोनी, भरत बाघवार, हलंती देवी, चमन राम बड़ाईक, अनिता देवी, सुनील नायक, सुगनी देवी ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर रात भर समा बांधने का काम किया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया और देवोत्थान पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हुए कहा कि विरासत में मिली भाषा संस्कृति परंपरा को अक्षुण्ण रखना है। देव जागरण के साथ समाज के एक-एक सदस्य को अपने हक अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अनिल उरांव ने किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

## बूथों में प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को सीएस ने दिए कई निर्देश

**सिमडेगा।** सीएस डॉ रामदेव पासवान ने सोमवार को सदर सीएचसी में कलस्टर व बूथ में प्रतिनियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ बैठक की। मौके पर सीएस ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहियाओं को प्रतिनियुक्त कलस्टर एवं बूथों में आवश्यक दवाई एवं मेडिकल सामग्री के साथ पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी मतदान कर्मचारियों को जरुरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं, ताकि चुनाव संपन्न कराने में मतदान कर्मचारियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। मौके पर डॉ आकांक्षा कुमारी, डॉ रितु राज, रविकांत कुमार, हेमा वर्मा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी एवं सहिया उपस्थित थी।

## वोट के लिए मतदान कर्मी हुए रवाना, 34 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा में पूरी हो चुकी है। मंगलवार को सिमडेगा कॉलेज से सिमडेगा जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मी ईवीएम मशीन लेकर अपने-अपने बूथ एवं क्लस्टर के लिए रवाना हो गए। रवाना होने के साथ ही उनके चेहरे पर काफी उत्साह देखने को मिला। सभी कर्मी अपने-अपने साथियों के साथ चुनाव कराने को लेकर तैयार दिखे खासकर महिला मतदान कर्मियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों के माध्यम से सभी लोग क्षेत्र के रवाना हो गए बताया गया कि सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से 14 प्रत्याशी मैदान में है जिनमें कांग्रेस से विधायक भूषण बाड़ा, भाजपा से श्रद्धानंद बेसरा, बहुजन समाज पार्टी से अनुज कुंडेश्वर राम ,झारखंड पार्टी से आयरीन एक्का, भारत आदिवासी पार्टी से शिशिर टोप्पो,झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से सुमन कुल्लू इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी मैदान पर हैं। वही कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के सूजन जोजो कांग्रेस से नमन विक्सल कोंगाडी, झापा से विभव सन्देश एक्का, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से पुनीत कुमार, के अलावे कुल 18 प्रत्याशी मैदान पर हैं।

## सिमडेगा व कोलेबिरा विस में 4,53,372 मतदाता आज डालेंगे वोट

**सिमडेगा।** सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत आज वोटिंग होगी। चुनाव को लेकर वोटरों में भी उत्साह है। इस बार विधानसभा चुनाव में दोनों सीट के लिए कुल 4,53,372 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। विधानसभा के अनुसार मतदाताओं की अगर बात करें तो सिमडेगा से कुल 243548 मतदाता वोट डालेंगे। जबकि कोलेबिरा से 209824 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन वोटरों में सिमडेगा विस से पुरुष मतदाताओं की संख्या 119108 है। जबकि महिला मतदाताओं की कुल संख्या 124439 है। इसी तरह कोलेबिरा विस में पुरुष मतदाताओं की संख्या 103479 है। वहीं कुल 106345 महिला मतदाता हैं।

## विस चुनाव के लिए जलडेगा तैयार, 8 बूथ जहां महिला कर्मी कराएंगी मतदान

नवीन मेल संवाददाता

- 62 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे जिसमें से 11 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से 4 बजे तक और 51 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कार्य किया जाएगा

**जलडेगा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जलडेगा पूरी तरह तैयार है। इस बार जलडेगा में 62 मतदान केंद्र होंगे जिसमें से 11 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर प्रखंड स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राष्ट्रीय नवीन मेल से खास बात चीत के दौरान जलडेगा बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने बताया कि मतदान को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बिंदुओं पर कार्य किया गया है। जलडेगा प्रखंड में 47 हजार 634 महिला एवं पुरुष मतदाता हैं। वहीं विधानसभा चुनाव तक 3 हजार नए मतदाताओं की संख्या भी बढ़ गई है। यानी पूरे प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 50 हजार से भी अधिक है। 8 मतदान केंद्रों में सिर्फ महिला कर्मी ही मतदान कराएंगे, वहीं 16 मतदान केंद्रों में 2 महिला और 2 पुरुष कर्मी होंगे। बाकी बचे मतदान केंद्रों पर पुरुष कर्मी होंगे। बीडीओ ने बताया कि परबा में 7 बूथ पी+1 श्रेणी में हैं, मतदान संपन्न होने के बाद भी यहां के कर्मी वापस नहीं जाएंगे, सभी 7 बूथों के कर्मियों को 14 नवंबर को सुबह भेजा जाएगा। बीडीओ ने सभी मतदाताओं को भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातारण में चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और राज्य से बाहर के सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल लगाए गए हैं। विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत का लक्ष्य बढ़ाने के लिए प्रखंड प्रशासन और स्वीप कोषांग की ओर से आचार संहित लागू होने के बाद सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को साथ लेकर नियमित रूप से व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार किया गया है। 13 नवंबर बुधवार को 62 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे जिसमें से 11 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से 4 बजे तक और 51 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कार्य किया जाएगा। सभी बूथों में चुनाव कर्मी सुबह साढ़े पांच बजे से ही कार्य में लग जाएंगे। मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय, मेडिकल कीट सहित सभी मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराया गया है। जहां पीने की पानी की किल्लत है वहां पर पानी का टैंकर की व्यवस्था और बिजली की समस्या वाले बूथों में जेनरेटर उपलब्ध किया गया है। यहीं नहीं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को बुथ तक लाने और वापस घर तक पहुंचाने के लिए ऑटो और व्हील चेयर की भी व्यवस्था प्रखंड प्रशासन द्वारा किया गया है। सभी मतदान केंद्रों में 200 मीटर का मार्किंग किया गया है, बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि मतदान दिवस में मतदाताओं के सहयोग के लिए उनका जो अस्थाई कार्यालय बनता है उसे मतदान केंद्र से 200 मीटर के बाद ही बनाएंगे।

## डायोसेशन के लेटर पैड से जारी लेटर को बिशप हाउस ने बताया फेक

**सिमडेगा।** सिमडेगा डायोसेशन के लेटर पैड में एक फेक लेटर जारी हुआ है। जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी शांति बाला केरकेट्टा को विधानसभा चुनाव में समर्थन करने की बात कही गई है। इस लेटर को सिमडेगा डायोसिस के बिशप हाउस द्वारा खंडन करते हुए इस लेटर को फेक बताया है। बिशप हाउस सिमडेगा द्वारा बताया गया कि लेटर में सोशल कम्युनिकेशन डायरेक्टर फादर बेंजामिन डुंगडुंग का नाम और हस्ताक्षर है। जबकि फा बेंजामिन डुंगडुंग फिलहाल इटली में रहते हैं। वहीं लेटर पैड भी सिमडेगा डायोसिस का नहीं है। लेटर में पत्रांक दिनांक का भी जिक्र नहीं है। सिमडेगा डायोसिस ने ऐसे फेक लेटर एवं भ्रामक खबर से लोगों को बचने की अपील की है।

## सिमडेगा नगर परिषद ने गांधी मैदान स्थित क्लब काम्प्लेक्स बूथ को बनाया मॉडल बूथ

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर सारे क्षेत्र के 34 बूथ पर विशेष तैयारी की गई है उनमें से सबसे खास सिमडेगा गांधी मैदान के पास बने क्लब परिसर की मतदान बूथ संख्या 142 है। जिसे मॉडल भूत के रूप में तैयारी की गई है जहां पर आकर्षक तरीके से भूत को सजाया गया है जिससे कि आने वाले मतदाताओं को अपनी और वह आकर्षित कर सके नगर परिषद सिमडेगा द्वारा हर बार की तरह इस बार कुछ नया करने की जुगत में उन्होंने पुराने वाहनों के टायरों को रंग-बिरंगे रंगों से सजाकर उसे आकर्षक तरीके से लगाया है जैसे मानो मतदान केंद्र किसी पार्क के अंदर हो। इसके अलावा खजूर की डाली आकर्षक तरीके से सजाया गया है साथ ही साथ बांस कारीगरों द्वारा बांस की टोकरी में सुंदर-सुंदर आकर्षक लाइट लगाई गई है ,जिससे कि मतदाताओं का मन मोह सके। इसके अलावा सेल्फी कॉर्नर ,सेल्फी प्वाइंट एवं जगह-जगह पर दीवार पर सुंदर आकर्षक पेंटिंग बनाई गई है ।साथ ही जंगल की डाली लाकर गांव के शादी विवाह कार्यक्रम में बनाए जाने वाले मड़वा के रूप में भी सजाया गया है। जानकारी देते हुए नगर परिषद के प्रशासक ने बताया कि उपायुक्त सिमडेगा के निर्देश पर इस मॉडल बूथ बनाया गया है ।जहां पर आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई है शहर के बीचो-बीच होने की वजह से लोगों के लिए यह आकर्षण केंद्र बना हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि भूत का उद्देश्य जिला एवं सूखा कचरा प्रबंधन पर विशेष फोकस दिया गया है ताकि आने वाले लोगों को भी जागरूक किया जा सके।

## कोलेबिरा में चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई । प्रोत्साहन समारोह में सिद्धिविनायक ऐकैडेमी के सेंटर हेड प्रभु कश्यप, सेंटर इंचार्ज पवन कुमार, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी डी ओ ट्रेनर सबाना प्रवीण, एस ए टी ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उराव, यौगेश् कुमार गुप्ता और सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे।मतदान हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह हमें अपने नेताओं का चयन करने का अवसर प्रदान करता है। मतदान करना हमारा कर्तव्य है और हमें इसका उपयोग करना चाहिए।



**विधानसभा चुनाव- 2024**

# मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 67 - सिसई ,68- गुमला और 69- बिशुनपुर में पहले चरण में 13 नवंबर बुधवार को मतदान दिवस का होगा आयोजन । इसके लिए आज मंगलवार को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों ने चुनावी सामग्री प्राप्त किए एवं ईवीएम व वीवीपीएट लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान केंद्रों की ओर रवाना हुए। आज कुल 938 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया, वहीं P- 2 के दिन कुल 57 मतदान केंद्रों के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया गया था। इस दौरान जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने



डिस्पेच सेंटर का भ्रमण कर जायजा लेते हुए कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिए। डीसी, एसपी ने सभी मतदान कर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी कर्मी निडर होकर निष्पक्षता के साथ चुनाव सम्पन्न कराएं जिला प्रशासन आपके साथ है। गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 995 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। 67 - सिसई में 332, 68- गुमला में 314 व 69- बिशुनपुर में 349 मतदान केंद्र बनाए गए है। 13 नवंबर को हो रहे चुनाव में जिले में 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 88 हजार 755 पुरुष मतदाता और 4 लाख 3 हजार 426 महिला मतदाता हैं। जबकि 11,626 दिव्यांग मतदाता भी हैं जिनके लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। 67- सिसई विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 63 हजार 126 मतदाता हैं। 68- गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 47 हजार 449 और 69- बिशुनपुर में 2 लाख 81 हजार 605 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

बताते चले कि इस बार गुमला जिले में कुल 125 ऑल विमेन मतदान केंद्र बनाएं गए हैं, एवं 120 ऐसे मतदान केंद्र बनाएं गए हैं जहां पी1 एवं पी3 महिला कर्मी हैं। जिले में विभिन्न मतदान केंद्रों में इस बार लगभग 750 महिलाएं मतदान करवाएंगी। वहीं सभी मतदान केंद्रों में खास कर महिला क्लस्टरों में भी सभी महिला मतदान कर्मियों का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित रूप से स्थानीय महिलाओं एवं इछड के द्वारा स्वागत किया गया।

**बाबूलाल ने कहा था कुतुबमीनार से कूदना पसंद, लेकिन भाजपा में नहीं जाएंगे**

# भाजपा में जाने से पहले उनको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए था : दीपांकर

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले की और से हाई स्कूल के मैदान में भाकपा माले की और से चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य काराकाट संसद राजाराम राय उपस्थित थे। मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि माले का इस क्षेत्र में व्याप्त जनाधार है। माले प्रत्याशी राजकुमार यादव आंदोलन के नेता हैं। ये सदैव क्षेत्र की समस्याओं को ले जनसंघर्ष करते रहते है। इस क्षेत्र से भाजपा ने बाबुलाल मरांडी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इस क्षेत्र के लोगों ने दोनों के कार्यकाल को देखा है। उनके ही कार्यकाल मरकच्चो व तपकरा में निहत्थे ग्रामीणों पर गोलियां चली उनके समय में झारखंड में न करखाना बना न बेरोजगारों को रोजगार



मिला। पिछले चुनाव में जेवीएम के बैनर तले चुनाव जीते उस समय उन्होंने कहा था। कि कुतुबमीनार से कूदना पसंद करेंगे। लेकिन भाजपा में नहीं जाएंगे। भाजपा में जाने से पहले उनको नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए था। भाजपा बाबा साहेब के संविधान पर लगातार हमला करने की कार्य कर रही है। देश में निजीकरण के बाद अडानीकरण हो रहा है। अडानी अंबानी के हाथों रेलवे, जहाज सब बेचा जा रहा है। देश मे कॉरपोरेट लूट मची है। झारखंड में चुनाव के समय भाजपा ने हिमंता बिस्वा शर्मा को यहां चुनाव कार्य में लगाया है। भाजपा के शासनकाल में जमीन छिनने का काम हो रहा था। भाजपा के नेता कहते है यहां भाजपा की सरकार बनी तो पलायन पर रोक लगेगा। लेकिन भाजपा शासित गुजरात व मध्यप्रदेश राज्यों में लोग विदेशों में पलायन कर रहे हैं। पिछले पांच वर्षों से भाजपा के लोग गठबंधन सरकार को गिराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। गठबंधन के नेता चंपई को वे तोड़कर ले गए। एक पुनः झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी और भाकपा माले हर अच्छे काम में गठबंधन को सहयोग करेगी।

## आचार संहिता उल्लघंन मामले में जेएलकेएम के प्रत्याशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**गिरिडीह।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी मो. सलीम के खिलाफ आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज किया गया है। इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गिरिडीह के द्वारा जानकारी दी गई कि अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में जेएलकेएम के प्रत्याशी मो० सलीम के द्वारा अपने प्रचार प्रसार तथा प्रचार सामग्री में फर्जी तरीके से डॉक्टर की उपाधि जोड़कर मतदाताओं को गुमराह किया जा रहा था, इस तरह यह मामला आचार संहिता का उल्लघंन है। जिसे लेकर बिरनी थाना में इठर एक्ट एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और अनुसंधान एवं अग्रेतर कारवाई की जा रही है। अब तक जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कुल 4 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने को लेकन रायडीह पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से रायडीह थाना पुलिस ने थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। थाना के जवानों और सुरक्षाकर्मियों ने रायडीह थाना क्षेत्र के मरदा, सिलम, कुलमुंडा, बकसपुर, डोबडोबी, नवागढ़ पतराटोली, मांझा टोली, बरगी डांड़, पुराना रायडीह, टुडूरमा, मरियमटोली, कांसीर सहित कई गांवों में पैदल और मोटरसाइकिल से मार्च निकाला।

थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा को रोकने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और नक्सलियों द्वारा चुनाव में विघ्न डालने की किसी भी कोशिश पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क और प्रतिबद्ध है।

थाना प्रभारी ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे चुनाव को एक पर्व के रूप में शांतिपूर्वक मनाएं और अपने मतदान का अधिकार अवश्य प्रयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अशांति फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च का समापन रायडीह थाना परिसर में हुआ, और इस दौरान पुलिस ने लोगों को सुरक्षित व निर्भीक माहौल में मतदान करने का भरोसा दिलाया।

## पुलिस ने जंगल से लावारिस हालत में बाइक को किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुजू पुलिस ने नयामोड़ स्थित ओवरब्रिज जंगल से मंगलवार को एक पैशन प्रो बाइक को बरामद किया है।

पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर ओपी ले आयी। बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मवेशियों को चरा रहे थे। इसी दौरान बाइक को देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को दिया गया।

इसके बाद कुजू ओपी के सअनि रौशन कुमार ने जंगल पहुंचकर बाइक संख्या जेएच 24ई-7393 को बरामद किया। इधर बाइक संख्या की छानबीन करने पर पता चला कि बाइक के मालिक का नाम पंकज कुमार पिता नारायण अगरिया बसंतपुर केदला पाया गया।

## बिरकेरा गांव में वृद्ध महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**गुमला।** रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना क्षेत्र के बीर केरा गांव में सोमवार की रात्रि घर में सो रही 78 वर्षीय वृद्ध महिला सोमारी देवी पति स्वर्गीय रोपना किसान को पड़ोसी मंगल चिक बड़ाइक पिता स्वर्गीय बहुरा चिक बड़ाइक उम्र 27 वर्ष ने टांगी से काटकर हत्या कर दिया। घटनास्थल पर ही वृद्ध महिला की मौत हो गई। सुरसांग थाना पुलिस मंगलवार दिन के 1:00 बजे आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेजी। जानकारी के मुताबिक आरोपी मंगल सोमवार की रात्रि दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गया और सामने रखे कुल्हाड़ी से महिला पर हमला कर दिया सुबह जब घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तब उन्होंने सुरसांग थाना को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश कुमार टुडू दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी मंगल चिक बड़ाइक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## वाहन जांच अभियान में 1 लाख 52 हजार रुपये हुए बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करते हुए गुमला जिले के मांझा टोली चेक पोस्ट पर वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को रायडीह पुलिस ने झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर वाहनों की तलाशी के दौरान एक पिकअप वाहन से 1 लाख 52 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। यह पिकअप वाहन गुमला से छत्तीसगढ़ की ओर जा रहा था, और चेक पोस्ट पर रोककर तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में नगद राशि बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन और बरामद राशि को जब्त कर लिया, और चालक से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नगद राशि का स्रोत क्या है और इसे कहां ले जाया जा रहा था। रायडीह पुलिस का कहना है कि चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राज्य की सीमाओं पर सुरक्षा और जांच बढ़ा दी गई है। इससे पहले भी रायडीह पुलिस ने एक बस से बड़ी मात्रा में नगद राशि और नशीला पदार्थ बरामद किया था, जिससे पता चलता है कि चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।


### महिला ने किया कीटनाशक का सेवन, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के हंसलता गांव में एक 40 वर्षीय महिला ने अपने बेटे की बुरी आदतों और प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला का सबसे छोटा बेटा शराब की लत से जूझ रहा है। वह न तो कोई काम करता है और न ही घर की जिम्मेदारियों में योगदान देता है। सोमवार को बेटे ने घर में रखे तीन बोरा धान को 2700 रुपये में बेच दिया, जिससे मां-बेटे के बीच विवाद हुआ। यह पहला मौका नहीं था; इससे पहले भी वह घर का धान बेच चुका है। लगातार बेटे की हरकतों से परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया।

# 43 सीटों से आज तय होगा झारखंड का भविष्य

**पेज एक का शेष...**

जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट बीजेपी ने सहयोगी दल जेडीयू के लिए छोड़ी है। जेडीयू ने यहां से सरयू राय को उम्मीदवार बनाया है। जबकि मंत्री बन्ना गुप्ता फिर से कांग्रेस टिकट पर चुनाव मैदान में है। सरयू राय भी इस सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं।ईचागढ़ में जेएमएम-आजसू को अरविंद सिंह और जेएलकेएम से चुनौती है।ईचागढ़ में जेएमएम विधायक सबिता महतो के सामने एनडीए उम्मीदवार के रूप में आजसू पार्टी के हरेलाल महतो चुनाव मैदान में है। जबकि जेएलकेएम के तरुण महतो और निर्दलीय अरविंद कुमार सिंह ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। अरविंद सिंह भी इस सीट से दो बार चुनाव जीत चुके हैं। सरायकेला में चंपाई सोरेन की प्रतिष्ठा दांव पर।सरायकेला विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एक बार फिर मैदान में है। छह बार विधायक रह चुके चंपाई सोरेन इस बार जेएमएम की जगह बीजेपी प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में है। वहीं जेएमएम ने बीजेपी से पार्टी में आए गणेश महाली को उम्मीदवार बनाया है। चाईबासा में मंत्री दीपक बिरुआ को बीजेपी की गीता दे रहीं चुनौती। चाईबासा विधानसभा सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीत रहे दीपक बिरुआ के सामने बीजेपी ने इस गीता बलमुचू को चुनाव मैदान में उतारा है। 2005 में इस सीट पर बीजेपी के पुत्कर हेम्ब्रम को जीत मिली थी।मझगांव से निरल पुर्ति और बड़कुंवर गगराई के बीच मुकाबला है।मझगांव विधानसभा सीट से जेएमएम के निरल पुरती को इस बार बीजेपी के बड़कुंवर गगराई से चुनौती मिल रही है। निरल पुर्ती इस सीट से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं, जबकि 2009 में बीजेपी के बड़कुंवर गगराई को जीत मिली थीं। जगन्नाथपुर में पूर्व सीएम की पत्नी गीता कोड़ा को कांग्रेस से चुनौती है।जगन्नाथपुर विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया है। गीता कोड़ा 2009 और 2014 में जय भारत समानता पार्टी से चुनाव जीत चुकी हैं, लेकिन 2019 में कांग्रेस के सोनाराम सिंकू को जीत मिली थी। इस बार सोनाराम सिंकू फिर से कांग्रेस टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।मनोहरपुर से जोबा मांझी के पुत्र जगत मांझी चुनाव मैदान में हैं।मनोहरपुर से पूर्व मंत्री जोबा मांझी के पुत्र जगत मांझी चुनाव मैदान में हैं। जबकि आजसू पार्टी के दिनेश चंद्र बोईपाई चुनाव में हैं। इस सीट से बीजेपी के गुरुचरण नायक को 2009 में जीत मिली थी, जबकि जोबा मांझी पांच बार यहां से विजयी रहीं हैं और सांसद बनने के बाद उनके पुत्र चुनाव मैदान में हैं।चक्रधरपुर में सुखराम उरांव और शशि भूषण सामड़ के बीच टक्कर है।चक्रधरपुर में सुखराम उरांव और शशि भूषण सामड़ चुनाव मैदान में हैं। वर्ष 2014 में जेएमएम टिकट से शशिभूषण सामड़ चुनाव जीत चुके हैं, जबकि सुखराम उरांव ने भी 2005 और 2019 में जीत हासिल की।खरसावां में जेएमएम के दशरथ गगराई और बीजेपी के सोनाराम बोदरा के बीच टक्कर।खरसावां विधानसभा सीट से बीजेपी ने इस बार सोनाराम बोदरा को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि जेएमएम ने फिर से दशरथ गगराई को प्रत्याशी बनाया है। दशरथ गगराई वर्ष 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं।तमाड़ में विकास मुंडा और गोपाल कृष्ण पातर के बीच टक्कर है ।तमाड़ विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक विकास सिंह मुंडा चुनाव मैदान में है। विकास मुंडा 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं, जबकि बीजेपी ने यह सीट जेडीयू के लिए छोड़ी है। जेडीयू ने गोपाल कृष्ण पातर को चुनाव मैदान में उतारा है। वो वर्ष 2009 में जेडीयू उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने यहां से एक बार जेएमएम सुप्रीमो सीएम शिबू सोरेन को भी पराजित किया था।तोरपा में कोचे मुंडा और सुदीप गुड़िया के बीच रोचक मुकाबला है।तोरपा विधानसभा सीट पर भाजपा ने विधायक कोचे मुंडा को फिर से चुनाव मैदान में उतारा हैं। जबकि जेएमएम की ओर से सुदीप गुड़िया को उम्मीदवार बनाया गया है। कोचे मुंडा ने 2005 में भी इस सीट पर सफलता प्राप्त की थी।खूंटी में नीलकंठ मुंडा लगातार छठी बार जीत के लिए प्रयासरत हैं।खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार छठी बार जीत के लिए प्रयासरत है। वर्ष 2000 से लगातार नीलकंठ सिंह मुंडा यहां से चुनाव जीत रहे हैं। जेएमएम ने उनके सामने राम सूर्य मुंडा को उम्मीदवार बनाया हैं।रांची में सीपी सिंह सातवीं बार मैदान में, महुआ माजी से फिर चुनौती है।रांची विधानसभा सीट से बीजेपी के सीपी सिंह लगातार सातवीं बार चुनाव मैदान में है। वर्ष 1996 के उपचुनाव में वो पहली यहां से विजयी रहे और उसके बाद से लगातार उन्हें जीत मिल रही हैं। इस बार जेएमएम की महुआ माजी उन्हें टक्कर दे रही हैं। पिछले चुनाव में महुआ माजी करीब 6 हजार वोटों से चुनाव



पूव मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन



दीपक बिरुआ



सरयू राय

हार गईं थीं।हटिया से नवीन जायसवाल को अजय नाथ शाहदेव दे रहे हैं चुनौती।हटिया से बीजेपी विधायक नवीन जायसवाल को इस बार कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव टक्कर दे रहे हैं। 2012 के उपचुनाव में नवीन जायसवाल ने पहली बार जीत हासिल की। बाद में 2014 में जेवीएम और 2019 में बीजेपी टिकट पर जीत हासिल की।

कांके में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है ।कांके विधानसभा सीट से बीजेपी ने इस बार समरी लाल का टिकट काट कर डॉ जीतू चरण राम को उम्मीदवार बनाया है। वहीं कांग्रेस ने एक बार फिर से सुरेश बैठा को उम्मीदवार बनाया है। सुरेश बैठा लगातार चार चुनाव से दूसरे स्थान पर रह रहे हैं।मांडर में कांग्रेस की शिल्पी नेहा को बीजेपी के सन्नी दे रहे हैं टक्कर।मांडर विधानसभा सीट कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को बीजेपी के सन्नी टोप्पो टक्कर दे रहे हैं। शिल्पी नेहा तिर्की ने 2022 के उपचुनाव में यहां से जीत हासिल की थी। जबकि उनके पिता बंधु तिर्की 2005, 2009 और 2019 में यहां से विधायक रह चुके हैं।सिसई में जिग्गा सुसारान होरो और अरुण उरांव के बीच मुकाबला हैं।सिसई विधानसभा सीट पर जेएमएम विधायक जिग्गा सुसारन होरो को इस बार बीजेपी के अरुण उरांव से टक्कर मिल रही। अरुण उरांव पूर्व आईपीएस रह चुके हैं और उनके पिता, ससुर और पत्नी का इस क्षेत्र में मजबूत जनाधार रहा है। गुमला में बीजेपी के सुदर्शन भगत और जेएमएम के भूषण तिर्की के बीच सीधी लड़ाई है । गुमला में जेएमएम ने एक बार फिर से विधायक भूषण तिर्की को उम्मीदवार बनाया है। भूषण तिर्की 2005 और 2009 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं, जबकि बीजेपी ने पूर्व सांसद सुदर्शन भगत को उम्मीदवार बनाया है। बिशुनपुर विधानसभा पर जेएमएम के चमरा लिंडा लगातार चौथी बार जीत हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। बीजेपी ने उनके सामने इस बार पूर्व सांसद समीर उरांव को मैदान में उतारा है। जबकि चमरा लिंडा को जेएमएम के बागी जगन्नाथ उरांव और कांग्रेस के शिवकुमार भगत भी चुनौती दे रहे हैं। सिमडेगा में बीजेपी के भूषण बाड़ा और बीजेपी के श्रद्धानंद के बीच लड़ाई।सिमडेगा विधानसभा सीट से बीजेपी ने इस बार श्रद्धानंद बेसरा को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस ने विधायक भूषण बाड़ा को फिर से टिकट दिया है। बीजेपी यहां से 2009 और 2014 में भी जीत हासिल कर चुकी हैं।

जबकि एनोस एक्का की पुत्री आयरीन एक्का भी चुनाव लड़ रहीं हैं। कोलेबिरा में कोंगाड़ी और सुजान और संदेश एक्का के बीच मुकाबला।कोलेबिरा विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को फिर से मैदान में उतारा हैं। कोंगाड़ी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए प्रयासरत हैं। बीजेपी ने उनके खिलाफ सुजान जोजो को मैदान में उतारा है, जबकि झारखंड पार्टी उम्मीदवार के रूप में एनोस एक्का के पुत्र संदेश एक्का भी चुनाव मैदान में हैं। लोहरदगा विधानसभा सीट से एक बार फिर कांग्रेस ने डॉ रामेश्वर उरांव को चुनाव मैदान में उतारा है। बीजेपी ने यह सीट सहयोगी दल आजसू पार्टी के लिए छोड़ दी है। आजसू पार्टी ने पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत को उम्मीदवार बनाया है। कमल किशोर भगत इस सीट से दो बार चुनाव जीत चुके हैं।मनिका विधानसभा सीट से कांग्रेस ने एक बार फिर से विधायक रामचंद्र सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि बीजेपी ने हरिकृष्ण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। हरिकृष्ण सिंह भी यहां से 2009 और 2014 में चुनाव में जीत चुके हैं। जबकि रामचंद्र सिंह ने भी 2005 और 2019 में जीत हासिल की।लातेहार विधानसभा सीट से जेएमएम ने एक बार फिर से मंत्री बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाया है। जबकि बीजेपी ने प्रकाश राम को प्रत्याशी बनाया है। प्रकाश राम भी यहां से 2005 और 2014 में चुनाव जीत चुके हैं। पांकी विधानसभा सीट पर इस बार बीजेपी के शशिभूषण मेहता, कांग्रेस के लाल सूरज और निर्दलीय देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के बीच मुकाबला है। बिट्टू सिंह यहां एक बार उपचुनाव में विजयी रहे थे, जबकि उनके पिता भी यहां से तीन बार विधायक रहे। जबकि लाल सूरज के पिता मधु सिंह भी पांकी के विधायक रह चुके हैं। डाल्टनगंज में बीजेपी के आलोक चौरसिया हैट्रिक बनाने की कोशिश में फिर से चुनाव मैदान में हैं। जबकि कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। केएन त्रिपाठी यहां से वर्ष 2009 में चुनाव जीत चुके हैं। वहीं दिलीप नामधारी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हैं। दिलीप के पिता इंदर सिंह नामधारी यहां से कई बार चुनाव जीत चुके हैं। विश्रामपुर विधानसभा पर बीजेपी ने रामचंद्र चंद्रवंशी को उम्मीदवार बनाया है। जबकि उन्हें आरजेडी के नरेश सिंह और कांग्रेस के सुधीर चंद्रवंशी मुकाबला दे रहे है। इसके अलावा बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मेहता भी यहां से चुनाव मैदान में हैं।छतरपुर विधानसभा सीट से बीजेपी ने विधायक पुष्पा देवी को फिर से मैदान में उतारने का निर्णय लिया, जबकि कांग्रेस की ओर से राधाकृष्ण किशोर को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि आरजेडी के विजय राम भी यहां से चुनाव मैदान में हैं। पिछली बार विजय राम यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं राधाकृष्ण किशोर भी विभिन्न पार्टियों के बैनर से यहां से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं।हुसैनाबाद सीट से बीजेपी ने इस बार कमलेश कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। कमलेश सिंह ने वर्ष 2019 में एनसीपी टिकट पर जीत हासिल की थी। इस बार उनके खिलाफ आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव चुनाव मैदान में है। जबकि पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता बसपा टिकट पर चुनाव में डटे हैं। गढ़वा विधानसभा सीट से जेएमएम प्रत्याशी और मंत्री मिथिलेश ठाकुर को बीजेपी के सत्येंद्र नाथ तिवारी कड़ी टक्कर दे रहे हैं। सत्येंद्र नाथ तिवारी भी यहां से 2009 और 2014 में चुनाव जीत चुके हैं। जबकि चार के बाद पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह इस बार सपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं।भवनाथपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी विधायक भानु प्रताप शाही को इस बार जेएमएम के अनंत प्रताप देव से कड़ी टक्कर मिल रही है। अनंत प्रताप देव भी 2009 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। जबकि भानु ने 2005, 2014 और 2019 में यहां से अलग-अलग पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की।

# चोरी हुई लाइसेंसी रायफल को बेचने की कोशिश कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
11 नवम्बर को पुलिस अधिकधक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना कांड सं0 259/2024, दिनांक 29.08.2024, धारा-331 (4)/ 305 (ए)/3(5) बीएनएस में चोरी हुई लाईसेंसी राईफल को एक व्यक्ति जो पारेबस्ती पानी टंकी के पास झाड़ियों में छुपा कर रखा है तथा राईफल बिक्री के लिए किसी व्यक्ति से बातचीत कर रहा है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। यह जानकारी 12 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा प्रेस वार्ता में दी गई । उन्होने बताया की गठित टीम छापामारी के लिए जब पानी टंकी पारेबस्ती के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देख कर तेजी से भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से घेर कर पकड़ा




गया नाम-पता पुछने पर उसने अपना नाम शशि कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता-स्व बंसी माली, पता पारेबस्ती पानी टंकी के पास पारसौतिया, थाना+जिला-रामगढ़ बताया। पकड़ाये युवक से पूछताछ करने पर वह अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर न्यू कॉलोनी बगीचा वार्ड नं0-03 रामगढ़ स्थित फौजी रमेश राय जो वर्तमान में जेल में बंद है के घर से चोरी करने की बात स्वीकार किया। जिसके निशानदेही पर पारेबस्ती पानी टंकी के पास स्थित झड़ियों से चोरी गया लाईसेंसी राईफल डीबीबीएल नं - 10441/97 को बरामद किया गया। साथ हीं रमेश राय न्यू कॉलोनी बगीचा के घर से चोरी गई अन्य घरेलु सामानों को पकड़ाये युवक के किराये के घर से बरामद कर जप्त किया गया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव– 2024 राँची जिला अंतर्गत 58–तमाड़, 63–राँची, 64–हटिया, 65–काँके एवं 66–माण्डर विधानसभा के सभी अभ्यर्थी/सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि:–

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार–

1. कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 (अड़तालीस घंटों) की कालावधि के दौरान:–
 (क) निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलायेगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा, या
 (ख) चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगाय या
 (ग) कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद–प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।
2. वह व्यक्ति, जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगाय कारावास से, जिसकी अवधि दो (2) वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनो से, दण्डनीय होगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, राँची

PR 340086 Ranchi(24-25)#D

ईश्वर की इच्छा सदा ही गुरु के माध्यम से शिष्य की ओर प्रवाहित होती रहती है। यदि हम अपने अनुशासन को सही भाव से स्वीकार करें, तो वह हमारे चरित्र को ऐसा बलवान बना देगा, जैसा अन्य कुछ भी नहीं कर सकता। - **श्री ज्ञानमाता**


## संपादकीय

# वोट बैंक के लिए उग्रवाद बढ़ाती कनाडा की ट्रुडो सरकार

कनाडा में अल्पमत ट्रुडो सरकार में जिस तरह से खालिस्तानी अलगाववादियों व आतंकी तत्वों को खुल कर मनमानी करने का अधिकार मिलता जा रहा है और इस पर वहां की सरकार मौन साधे बैठी है उससे लगने लगा है कि दुनिया में पाकिस्तान के बाद कनाडा ऐसा देश है जो आतंकवाद को आतंकवाद को अपनी स्टेट पॉलिसी में शामिल करता जा रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों की खातिर कनाडा की ट्रुडो सरकार 'गुड टेरोरिज्म-बैड टेरोरिज्म' का भेद करने की गलती कर रही है। कनिष्क विमान जैसी भयंकर आतंकी हमले की तपिश झेल चुके कनाडा को बहुत ही जल्द खालिस्तानी आतंकी भस्मासुर बने नजर आ सकते हैं, क्योंकि पाकिस्तान इसका उदाहरण है कि दूसरों के घरों में चिंगारी फेंकने वालों के खुद के घर में आग कैसे लगती है। पूर्व में पंजाब में सिख उग्रवाद के प्रति कनाडा के दृष्टिकोण से अवगत ट्रुडो ने न केवल आंखें मूंद लीं बल्कि अपना राजनीतिक आधार बढ़ाने के लिए ऐसे लोगों को संरक्षण दिया। उन्होंने अपने रक्षामंत्री, एक सिख को पंजाब भेजा पर तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उससे मिलने से इनकार कर दिया क्योंकि वह खुद विश्व सिख संगठन का सक्रिय सदस्य था, जो उस समय खालिस्तानी आंदोलन की मूल संस्था थी और जिसकी अध्यक्षता उसके पिता ने की थी। कुछ महीने बाद ट्रुडो भारत आए थे और उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने से इनकार कर दिया था। तब तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने ट्रुडो से बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा था कि जब तक आप मुख्यमंत्री से नहीं मिलेंगे, तब तक आप पंजाब का दौरा नहीं कर सकते। तब अमृतसर में मुलाकात उनके रक्षामंत्री सज्जन सिंह के साथ हुई। उन्हें कनाडा में पंजाब की समस्याओं के बारे में खुलकर बताया कि कनाडा खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन का स्वर्ग बन गया, साथ ही वहां बंदूकों, ड्रग्स व गैंगस्टरों का बोलबाला हो गया है। परन्तु वहां की सरकार ने इन बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया।कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं और इससे वहां रह रहा भारतीय समुदाय विशेषकर हिन्दू समाज इससे सर्वाधिक पीड़ित नजर आ रहा है। तीन नवम्बर को वहां ब्रैम्पटन के मन्दिर में खालिस्तान के समर्थकों द्वारा हिन्दू मन्दिर में घुसकर लोगों के साथ हिंसा की गई। वहां परिवार सहित आए निहत्थे लोगों पर खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने लाठियां बरसाईं और आरोप है कि पुलिस के कुछ जवानों ने भी हिंसक भीड़ का साथ दिया। कनाडा में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाने की यह कोई पहली घटना नहीं है।इसी वर्ष जुलाई में एडमॉण्टन में स्वामीनारायण मन्दिर में तोडफोड़ की गई थी। मन्दिर के गेट और पीछे की दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपका दिए गए थे। इस पर आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर भी लगी थी। सरी वेंकुवर का लक्ष्मी नारायण मन्दिर ब्रिटिश कोलम्बिया प्रांत का सबसे पुराना और सबसे बड़ा हिन्दू मन्दिर है। यहां भी पिछले साल तोडफोड़ हुई थी। 2023 में विण्डसर में एक हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त किया गया था, जिसकी व्यापक निन्दा हुई और कनाडाई और भारतीय दोनों अधिकारियों ने कार्रवाई की मांग की थी।

**अपने राजनीतिक स्वार्थों की खातिर कनाडा की ट्रुडो सरकार 'गुड टेररिज्म-बैड टेररिज्म' का भेद करने की गलती कर रही है। कनिष्क विमान जैसे भयंकर आतंकी हमले की तपिश झेल चुके कनाडा को बहुत ही जल्द खालिस्तानी आतंकी भस्मासुर बने नजर आ सकते हैं।**

# 'खो-खो' के वर्ल्ड कप से भारतीय खेल को वैश्विक पहचान मिलेगी



**सुधांशु मित्तल**

**लेखक, अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष और वर्ल्ड कप आयोजन समिति के चेयरमैन हैं।**

भारत के माटी के खेल, खो-खो का पहली बार वर्ल्ड कप होने जा रहा है। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित और भारतीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य देसी खेल 'खो-खो' को वैश्विक मंच पर लाना है। खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। महाभारतकालीन इस खेल को आज दुनिया के पटल पर लाने की जोरदार कोशिश की जा रहा है। भारत के प्राचीन खेल 'खो-खो' के पहले वर्ल्ड कप के आयोजन से भारतीय मिट्टी से जुड़े इस खेल को वैश्विक स्तर पर पहचान स्थापित करने में मदद मिलेगी और भविष्य में ओलिंपिक और एशियाई खेलों में इसके प्रवेश का रास्ता प्रशस्त होगा। सदियों पुराने रोमांचक खेल 'खो-खो' की जड़ें भारतीय पौराणिक कथाओं में हैं। इतिहास में इसका वर्णन मौर्या शासनकाल चौथी ईसा पूर्व में मिलता है। 'खो-खो' खेल का वर्णन महाभारत काल में भी किया गया है। इस खेल के आधुनिक स्वरूप की शुरूआत महाराष्ट्र में हुई थी, जो आज दुनिया के सभी महाद्वीपों तक पहुंच गया है। वर्ष 1914 में बाल गंगाधर तिलक ने पहली बार खो-खो खेल के नियमों पर रूल बुक लिखी। विश्व के खेल इतिहास में खो-खो की एंट्री 1936 में बर्लिन ओलिंपिक में डेमो खेल से मानी जा सकती है। जब अडोल्फ हिटलर ने इस खेल को सराहा। वर्ष 1996 में पहली बार खो-खो की पहली एशियाई चैंपियनशिप आयोजित की गई। वर्ष 2010 में इस खेल को पहली बार इंडोर मेट पर खेलना शुरू किया गया। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया का लक्ष्य है कि 2032 में होने वाले ओलंपिक में इस खेल को शामिल किया जाए। भारत सरकार कई स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दे रही है और 2025 में खो-खो विश्व कप के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करना उसी दिशा में एक कदम है। भारत के प्राचीनतम खेलों में से एक खो-खो के इस विश्व कप का उद्घाटन संस्करण का आयोजन 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच नई दिल्ली में होगा। इस समय खो-खो विश्व के सभी महाद्वीपों 54 देशों में खेला जा रहा है तथा 2025 के अंत तक खो-खो दुनिया भर के 90 देशों में अपनी उपस्थिति रजिस्टर कर लेगा। इस वर्ल्ड कप में इंग्लैंड, जर्मनी, हॉलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे, जिनमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें शामिल होंगी। जबकि कुछ देश ऑब्जरवेशन डेलिगेट भेजेंगे। प्रत्येक खो-खो टीम में 18 सदस्य होंगे जिसमें 15 खिलाड़ी, 01 कोच, 01 मैनेजर और 01 सपोर्ट स्टाफ का सदस्य होगा। इसमें भाग लेने वाली टीमें इंदिरा गाँधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आगामी 8 जनवरी से प्रैक्टिस सेशन में भाग ले सकेंगी तथा पूरे परिसर में पीले और हरे रंग की कुल 1200 प्रैक्टिस मैट्स बिछायी जाएँगी। इस चैंपियनशिप में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एशिया का प्रतिनिधित्व मेजबान भारत के साथ दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल इंडोनेशिया, ईरान, और मलेशिया करेंगे। यूरोप से जर्मनी, नीदरलैंड पोलैंड और इंग्लैंड, प्रतिभागी होंगे जबकि उत्तरी अमेरिका का प्रतिनिधित्व अमेरिका और कनाडा करेंगे। दक्षिण अमेरिका महाद्वीप से पेरू और ब्राजील की टीमें होंगी जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ओशिनिया की टीमें होंगी।

पुरष वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से घाना, केन्या और दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। एशिया महाद्वीप से मेजबान भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया भाग लेंगे।यूरोप से नीदरलैंड और इंग्लैंड भाग लेंगे। नार्थ अमेरिका से अमेरिका और कनाडा के अलाबा साउथ अमेरिका से ब्राजील के अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया की 16 टीमें भाग लेंगी। महिला वर्ग में अफ्रीका महाद्वीप से केन्या, साउथ अफ्रीका और यूगांडा भाग लेंगे। एशिया महाद्वीप से भारत, भूटान, ईरान, मलेशिया, नेपाल,पाकिस्तान, साउथ कोरिया और श्रीलंका भाग लेंगे। यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी और पोलैंड भाग लेंगे। पेरू देश साउथ अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेगा तथा इसके अतिरिक्त न्यूजीलैंड की महिला टीम भी भाग लेगी। पड़ोसी देश पाकिस्तान महिला और पुरुष दोनों वर्गों में हिस्सेदारी लेगा जिससे यह वर्ल्ड कप ज्यादा रोमांचिक हो जायेगा। वर्ल्ड कप के मुख्य मुकाबलों के लिए 16 टीमों को 4 वर्गों में बांटा जायेगा तथा प्रतेयक ग्रुप के मैच लीग फॉर्मेट में खेले जायेंगे। प्रत्येक ग्रुप की 2 टीमों को नॉक आउट स्टेज के माध्यम से खिलाया जायेगा। इस वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक सात सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें एशियन खो-खो फेडरेशन के प्रेजिडेंट और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव को सह चेयरमैन तथा आयोजन समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सदस्य सचिव मनोनीत किया गया है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## आपकी बात

# पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में मौजूदा पीढ़ी



डॉ राजेंद्र प्रसाद शर्मा

आज की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में उलझती जा रही है। बच्चे या युवा ही नहीं बल्कि इंटरनेट और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित ज्यादातर लोग इन हालात से दो-चार हो रहे हैं। फोकस नाम की चीज खोती जा रही है, उसके स्थान पर मानसिक भटकाव जगह ले रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं, उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम की सोचने लगते हैं। इसका बड़ा कारण इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स और लैपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार-बार चैनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना, पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाईपर एक्टिविटी डिसऑर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे-समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रूप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल, पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने किया था। यह एक तरह से भ्रमित मानसिकता को लेकर कहा जा सकता है। जिस तरह पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ अत्यधिक चिंतनीय है। एक-दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूध पीते बच्चे को भी मोबाइल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है। उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चे हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रात-दिन जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव सीधे हमारी मनोदशा पर पड़ता है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में पहले कभी नहीं रहा। आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के सदस्य बच्चे को चुप कराने या मन बहलाने या उसे व्यस्त रखने के लिए मोबाइल फोन थमा देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## देश की बात

# भारत में गरीबों व अमीरों के लिए अलग कानून?



सनत जैन

भारतीय संविधान ने सभी नागरिकों और सभी वर्गों के लिए समान अधिकार का प्रावधान संविधान में किया है। इसके बाद भी पिछले कुछ वर्षों में भारत में दो तरह के कानून देखने को मिल रहे हैं। गरीब गुरबों के लिए अलग कानून होता है। समर्थ कारोबारियों तथा विशिष्ट वर्ग के लिए अलग तरीके के कानून बनाए जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कुछ विशेष औद्योगिक घरानों के लिए अलग नियम और कानून बनाये जा रहे हैं। सरकार जब चाहती है नियमों को बदलकर बड़े-बड़े पूंजीपति उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है। संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गंभीर आरोप लगाया है। सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। मोदी सरकार के दो अर्थशास्त्रियों विरल आचार्य और अरविंद सुब्रमण्यम भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। विरल आचार्य का एक लेख इन दिनों सबसे ज्यादा चचाओं में है। जिसमें उन्होंने देश के पांच बड़े उद्योग व्यापार घरानों का उल्लेख करते हुए इसे स्पष्ट किया है। भारत में अदानी समूह, अंबानी समूह, टाटा, भारती एयरटेल और आदित्य बिड़ला समूह के लिए सरकार ने समय-समय पर उनकी मांग के अनुसार कानून और नियम बनाए हैं। जिसका लाभ इन्हीं पांचो कारोबारियों को मिला है। पिछले 10 वर्षों से कॉरपोरेट जगत के यही उद्योगपति भारतीय अर्थव्यवस्था में एकाधिकार बनाते हुए नजर आ रहे हैं। इनकी पावर जबरदस्त है। इस बात को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बड़ी जोर शोर से उठाना शुरू कर दिया है। उनका कहना है, सरकार अपने पसंदीदा कारोबारियों के लिए अलग नियम और कानून बनाकर फायदा पहुंचा रही है। जिसके कारण भारत में सभी को समान अवसर प्राप्त नहीं हो रहे हैं। कारपोरेट जगत में असंतोष फैला हुआ है। बड़ी संख्या में कारोबारी भारत छोड़कर विदेश में पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। भारत में केवल 5 से 10 ऐसे उद्योगपति हैं। जिनके ऊपर सरकार की कृपा बरस रही है। बाकी के उद्योगपति और कारोबारी डरे हुए हैं। ना तो वह पूंजी निवेश कर रहे हैं। ना अपने काम को बढ़ा रहे हैं। उन्हें अपना अस्तित्व बनाए रखने में कठिनाई हो रही है। राहुल गांधी ने सरकार के ऊपर आरोप लगाया है। सरकार की दोहरी नीति के कारण उद्योग एवं व्यापार जगत में भय का माहौल बना हुआ है। जिसका असर भारतीय अर्थ व्यवस्था में पड़ रहा है। कुछ दिन पहले अरविंद सुब्रमण्यम ने भी समाचार पत्रों में लिखा था कि भारत में निजी निवेश के लिए भारतीय निवेशक अपनी तिजोरी नहीं खोल रहे हैं। उनका यह भी कहना था, कि भारत के निजी क्षेत्र के पास काम से कम 2 लाख करोड़ की रकम है। जो वह आसानी से निवेश कर सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

**ईश्वर जो कुछ भी मुझे देते हैं, मैं उसे सम्मान देता हूं, परंतु जब वह नहीं रहता, तो मैं इसकी कमी अनुभव नहीं करता। एक बार किसी ने मुझे एक कीमती पहनावा, एक सुंदर कोट और हैट (टोपी) दिए।**


# सुख की आंतरिक अवस्थाएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

ये आपके सुख को वस्तुपरकता की बहिमुर्खी सलाखों के पीछे कैद कर लेंगे। ईश्वर जो कुछ भी मुझे देते हैं, मैं उसे सम्मान देता हूँ, परन्तु जब वह नहीं रहता, तो मैं इसकी कमी अनुभव नहीं करता। एक बार किसी ने मुझे एक कीमती पहनावा, एक सुन्दर कोट और हैट (टोपी) दिए। तब मेरी चिन्ता आरम्भ हो गयी। मुझे इसके फट न जाने और गन्दा न हो जाने की चिन्ता करनी पड़ती थी। इसने मुझे बेचैन कर दिया। मैंने कहा, प्रभो! आपने मुझे यह परेशानी क्यों दी? एक दिन मुझे यहाँ लॉस एंजिलिस के ट्रिनिटी हॉल में प्रवचन देना था। जब मैं हॉल में पहुँचा और अपना कोट उतारना शुरू किया, तो ईश्वर ने मुझे बताया, जेबों से अपना सामान निकाल लो। मैंने ऐसा ही किया। प्रवचन के बाद जब मैं सामान घर में वापस आया, तो कोट गायब था। मैं क्रोधित था, और किसी ने कहा, चिन्ता मत करें, हम आपको एक और कोट ले देंगे। मैंने उत्तर दिया, मैं इसलिए क्रोधित नहीं हूँ कि मैंने अपना कोट खो दिया है, अपितु इसलिए कि जो कोई भी उसे ले गया है वह इस टोपी को नहीं ले गया जो उससे मेल भी खाती है। अपनी भावनाओं को अपने मन पर शासन मत करने दें। यदि आप हर समय अपने वस्त्रों या दूसरी सम्पत्ति के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होते रहते हैं, तो आप सुखी कैसे रह सकते हैं? स्वच्छ वस्त्रों को पहनें और फिर उन्हें भूल जाएँ; अपने घर को साफ करें और फिर इसे भूल जाएँ। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**पंछी जब उड़ने लगा, बेहद्दी आकाश।**
**मालिक को आयी नहीं, हरकत उसकी रास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## धर्म की बात

# ईश्वर और यथार्थवादी कला



**डॉ दीपक प्रसाद**

**रंगकर्मी, निर्देशक सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय रांची।**

ईश्वर, यथार्थवादी कला, और आध्यात्मिकता का संबंध अत्यंत गहरा और व्यापक है। इस आलेख में हम यह समझने का प्रयास करेंगे कि किस प्रकार यथार्थवादी कला (Realistic art) ने आध्यात्मिकता के माध्यम से ईश्वर की उपस्थिति को प्रकट किया है और कैसे ये तत्व एक-दूसरे के पूरक हैं। यथार्थवादी कला, जिसे अक्सर वास्तविकता को यथावत प्रस्तुत करने का प्रयास समझा जाता है, अपने चित्रण में भावनाओं, दृश्य छवियों, और मानसिक कल्पना का प्रयोग करती है, जो आध्यात्मिकता को एक ठोस और दृश्य रूप में प्रस्तुत कर सकती है। ईश्वर का अस्तित्व अमूर्त है,वह न तो सीधा दृष्टिगोचर होता है और न ही अनुभव में ठोस रूप में आता है। लेकिन कला के माध्यम से ईश्वर की अनुभूति, उनके गुण, और उनके रहस्यों को चित्रित करने का प्रयास किया गया है। यथार्थवादी कला में कलाकार मानव जीवन और प्रकृति के हर पहलू को सचित्र रूप में प्रस्तुत करते हैं, जो कि ईश्वर की रचना का एक प्रतिबिंब होता है। प्राचीन समय से ही कला को ईश्वर से जोड़कर देखा गया है। भारतीय मूर्तिकला, मिस्र की चित्रकला, यूनानी मूर्तियाँ और यूरोपीय पुनर्जागरण की कला सभी में किसी न किसी रूप में ईश्वर की उपस्थिति देखी जा सकती है। इन कलाओं के माध्यम से, कलाकार ईश्वर की दिव्यता, दया, और शक्ति को एक यथार्थवादी ढंग से दशार्ते हैं। यथार्थवादी कला का उद्देश्य केवल दृश्य को प्रस्तुत करना ही नहीं होता, बल्कि उसके पीछे छिपी आध्यात्मिक गहराई को उजागर करना भी होता है। जब कलाकार किसी दृश्य का यथार्थवादी चित्रण करता है, तो वह केवल दृश्य को कैप्चर नहीं कर रहा होता, बल्कि उसके भीतर की भावना, विचार, और अस्तित्व की सच्चाई को उजागर करने का प्रयास करता है। यह प्रक्रिया ही कला को आध्यात्मिकता के निकट लाती है। उदाहरण के लिए, लियोनार्डो दा विंची का ₹द लास्ट सपर₹ ईसा मसीह और उनके शिष्यों के बीच के रिश्ते को जिस तरह से चित्रित करता है, वह मात्र एक दृश्य चित्रण नहीं है, बल्कि उसमें उनकी आध्यात्मिकता, त्याग, और करुणा की झलक मिलती है। इसी प्रकार भारतीय कला में शिव, विष्णु, और दुर्गा के चित्रों में कलाकार उनके चरित्रों की आध्यात्मिक विशेषताओं को उभारने का प्रयास करते हैं। प्रकृति को यथार्थवादी कला में एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय माना गया है। प्रकृति की सुंदरता और उसके तत्वों को ध्यानपूर्वक चित्रित कर कलाकार न केवल ईश्वर की रचना की प्रशंसा करते हैं, बल्कि उनके माध्यम से ईश्वर की व्यापकता को भी प्रकट करते हैं। हर वृक्ष, नदी, पर्वत, और आकाश में वे ईश्वर की मौजूदगी का संकेत पाते हैं। प्रकृति में ईश्वर के सौंदर्य, सामंजस्य, और रहस्यमयी शक्ति का अद्भुत चित्रण किया जा सकता है। 19वीं शताब्दी के कलाकार जैसे कि जॉन कॉन्स्टेबल और जे.एम.डब्ल्यू. टर्नर ने प्रकृति के अद्वितीय सौंदर्य को अपने चित्रों में उकेरा। इन चित्रों में केवल प्राकृतिक दृश्य ही नहीं, बल्कि प्रकृति के माध्यम से ईश्वर की छवि को भी देखने का प्रयास किया गया है। यथार्थवादी कला केवल बाहरी दृश्य को नहीं दशार्ती, बल्कि आंतरिक जीवन की गहराई और आत्मा की खोज में भी सहायक होती है। एक कलाकार जब अपने यथार्थवादी चित्र में किसी व्यक्ति या वस्तु का चित्रण करता है, तो वह उस व्यक्ति या वस्तु के बाहरी रूप से अधिक उसकी आंतरिक भावनाओं, विचारों, और उसके अस्तित्व के अर्थ को समझने का प्रयास करता है। इस प्रक्रिया में वह आध्यात्मिकता की खोज करता है। उदाहरण के लिए, किसी संत या महापुरुष का चित्रण करते समय उसका उद्देश्य केवल उसके बाहरी स्वरूप को नहीं दिखाना होता, बल्कि उसकी आत्मा के स्वरूप को चित्रित करना होता है, जिससे वह ईश्वर के निकटता की अनुभूति करा सके। आज के समय में यथार्थवादी कला ने ईश्वर और आध्यात्मिकता के प्रति एक नया दृष्टिकोण अपनाया है। समकालीन यथार्थवादी कलाकारों के चित्रण में ईश्वर के सीधे चित्रण की अपेक्षा मानवता और जीवन के मूल्यों पर ध्यान अधिक दिया जाता है, जो स्वयं में ईश्वर की अनुभूति का मार्ग है। इसके माध्यम से, कलाकार यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि ईश्वर हर इंसान में है, हर अनुभव में है, और हर परिस्थिति में है। उदाहरण के लिए, राजा रवि वर्मा, रघुराज सिंह चौहान, पृथ्वी सोनी, हेमंत मजूमदार जैसे समकालीन कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से भारतीय ग्रामीण जीवन के संघर्षों और सरलता को यथार्थवादी ढंग से उभारते हैं, जो उनकी दृष्टि में ईश्वर की उपस्थिति का एक रूप है। यह कला हमें बताती है कि ईश्वर का अस्तित्व मात्र मंदिरों में नहीं, बल्कि जीवन की साधारणताओं में भी है।



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# यूपी : प्रदेशभर में मनाई जा रही देवउठनी एकादशी

**एजेंसी। वाराणसी/प्रयागराज (आईएएनएस)**

प्रदेशभर में मंगलवार को देवउठनी एकादशी मनाई जा रही है। धर्मनगरी वाराणसी और संगम नगरी प्रयागराज के भक्तों में भी आस्था के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत की। कार्तिक महीने में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी पर गंगा स्नान और दान पुण्य की परम्परा रही है। इसी को निभाने के लिए आस्थावान गंगा तटों पर उमड़े। धार्मिक मान्यता के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने की नींद से जगते है और आज उनके शालिग्राम स्वरूप का विवाह माता तुलसी के साथ किया जाता है, जिसके बाद से सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। पवित्र दिन पर वाराणसी और प्रयागराज में लोगों ने पवित्र गंगा में डुबकी लगाई। वाराणसी में गंगा स्नान करने आई महिला श्रद्धालु इंदु पांडेय ने आईएएनएस को बताया कि आज हम लोग एकादशी व्रत हैं और गंगा नदी में स्नान करने आए हैं। आज के दिन शालिग्राम का विवाह होता है। हम लोग पूरे मास नहाते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। भगवान का शादी-विवाह करेंगे और मंडप सजाएंगे।


गंगा स्नान को घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

### आज से सभी मंगल काम शुरू हो जाएंगे

पुरोहित हिरानंद पांडेय ने आईएएनएस को बताया कि 4 महीने तक सोने के बाद विष्णु भगवान आज के दिन उठते हैं। आज के दिन उनका माता तुलसी से विवाह संपन्न होगा। आज के बाद से सभी मंगल काम शुरू हो जाएंगे। इसमें मुंडन, विवाह, जनेऊ और गृह प्रवेश जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। सारे शुभ कामों की शुरुआत आज से शुरू हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि बहुत से लोग आज के दिन फलाहार करते हैं, कई लोग एक समय भोजन करते हैं, जबकि कई लोग निर्जला भी रहते हैं। आज के दिन गंगा स्नान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। प्रयागराज की एक महिला श्रद्धालु ने आईएएनएस को बताया कि एकादशी के दिन स्नान करके पूजा करते हैं। चार महीने बाद विष्णु भगवान सो कर उठते हैं। हमने तुलसी विवाह किया है और राधा-कृष्णा की शादी की है। श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा करने पर भगवान सारी मनोकामना पूरा करते हैं। पुरोहित ने बताया कि आज के दिन से सारे मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। लोगों के घरों में शादी-विवाह जैसे जो भी कार्यक्रम रुके थे, उसकी आज से शुरुआत हो सकती है।

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# महाविकास अघाड़ी के नेता हैं भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी

**एजेंसी। मुंबई (हि.स.)**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री ने मंगलवार को चंद्रपुर जिले के चिमूर में कहा कि महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के नेता भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं। विकास कार्यों को रोकने में इन लोगों ने डबल पीएचडी हासिल की है, जबकि महाराष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए एनडीए सरकार के माध्यम से कई योजनाएं बनाई हैं प्रधानमंत्री मोदी ने चिमूर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में डबल इंजन वाली एनडीए गठबंधन सरकार दोगुनी गति से काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा का संकल्प पत्र महाराष्ट्र के विकास की गारंटी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। राज्य भर में एक दर्जन से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। रेलवे लाइन का विस्तार किया जा रहा है। हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाई जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए गठबंधन महाराष्ट्र के विकास के लिए काम कर रहा है, लेकिन महाविकास अघाड़ी के नेता विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। महाविकास अघाड़ी के नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने मेट्रो, समृद्धि हाईवे, जलयुक्त सीवर आदि विकास कार्यों को रोका। उनका काम किसी भी योजना को अटकाना, लटकाना और भटकाना है। महाविकास अघाड़ी के पास महाराष्ट्र के विकास की गुंजाइश नहीं है। महाराष्ट्र की जनता को आघाड़ी के भ्रष्टाचार के खिलाड़ियों को लूट का लाइसेंस नहीं देना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोगों को बांटने का काम करती है। इसलिए अगर हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।


एनडीए ने महाराष्ट्र की समृद्धि के लिए बनाई हैं कई योजनाएं

## इस चुनाव में वोटों का धर्म युद्ध लड़ेंगे : देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा दोहराते हुए यहां कहा कि इस बार का चुनाव वोटों का धर्म युद्ध होगा, जो 'आपकी आने वाली पीढ़ियों के लिए' है। मुंबई के मलाड इलाके में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने माना कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा से गलती हुई थी। एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा, गीदड़ के मुंह में खून लग गया है। गीदड़ को लगता है हमने लोकसभा में वोट जिहाद करके मोदी जी को परास्त कर दिया। लेकिन, उनको यह पता नहीं है, मोदी जी की ताकत क्या है। महाराष्ट्र में हम शायद सोए हुए थे, और इसलिए हमने गलती की और इनके वोट जिहाद को नहीं समझ पाए। लेकिन, अब सोए नहीं हैं, अब जाग गए हैं। और, जागकर अब हम लोग इस चुनाव में वोटों का ऐसा धर्म युद्ध लड़ेंगे, गीदड़ों को लगेगा कि अब उनकी चलने वाली नहीं है।

## हरियाणा के सीएम नायब सैनी का दावा महाराष्ट्र में एनडीए को मिलेगा प्रचंड बहुमत



**मुंबई (आईएएनएस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अब महाराष्ट्र विधानसभा 2024 के प्रचार में जुट गए हैं। इसी बीच सीएम सैनी ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने यह कहा कि हर विधानसभा में जलेबी भी बांटी जाएगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने भी पीएम मोदी के साथ चलने का मन बना लिया है, महाराष्ट्र के अंदर दूसरी बार भारी बहुमत के साथ डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। पीएम मोदी ने गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों और हर वर्ग के लिए मजबूती से काम किया है। उसका परिणाम है कि महाराष्ट्र में भी विकास की नई ऊंचाइयों को छूते पीएम मोदी के नेतृत्व में 'विकसित महाराष्ट्र' के लिए राज्य के लोग 23 नवंबर को भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनाने जा रहे हैं।

## इंडी गठबंधन के नेता वोट के लिए चला रहे तुष्टिकरण का एजेंडा : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने महाराष्ट्र और झारखंड में मुस्लिम संगठनों द्वारा भाजपा के खिलाफ और विपक्षी गठबंधन के पक्ष में बयान जारी करने पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग हार की हताशा में ऐसे-ऐसे काम कर रहे हैं, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाना जरूरी है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विभिन्न मुस्लिम संगठनों की अपीलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन के सहयोगी मुसलमानों का वोट लेने के लिए मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा चला रहे हैं। ये सारी जमात (मुस्लिम संगठन) वही है, जिसने तीन तलाक का विरोध किया था। ये सभी मुस्लिम समाज में सुधार के विरोधी हैं। कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। इसके बावजूद ऐसे तत्वों के बहाने चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' के बयान को और ज्यादा प्रासंगिक बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के इस बयान पर कटाक्ष किया, चुनाव आयोग तक चले गए। देश की एकता से इन्हें परेशानी है, लेकिन देश को तोड़ने वाली ताकतों का ये खुला समर्थन लेते हैं। केरल में तो कम्युनिस्ट गठबंधन के मुख्यमंत्री तक प्रियंका गांधी पर वायनाड लोकसभा चुनाव में ऐसे तत्वों का समर्थन लेने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने योगी आदित्यनाथ और भगवा पर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान की भी आलोचना करते हुए कहा कि खड़गे का बयान गैरजिम्मेदाराना है। भारत के तिरंगे में भी भगवा है और देश के सभी बड़े मंदिरों पर भी भगवा है। योगी आदित्यनाथ पर खड़गे का बयान शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा उनके बयान की निंदा करती है।




### नाना पटोले के बयान पर भाजपा हमलावर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बारे में अभद्र टिप्पणी करने ('कुत्ता' कहने) पर विवाद खड़ा हो गया है। उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस हार के डर से राजनीतिक परंपराओं और सारी मयार्दाओं को भूल चुकी है। मंगलवार को मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि सकारात्मक राजनीतिक विरोध स्वच्छ लोकतंत्र का परिचायक होता है। लेकिन यहां कांग्रेसी हार के डर से बौखला गए हैं।

## भाजपा ने महामना मालवीय को पुण्यतिथि पर किया नमन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रखर राष्ट्रवादी नेता और शिक्षाविद महामना मदन मोहन मालवीय को आज उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया। भाजपा ने एक्स हैंडल पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। भाजपा ने लिखा, 'राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी व शिक्षाविद, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।'

## शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाला छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार



**मुंबई (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को 50 लाख रुपये रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक मोहम्मद फैजान खान को मुंबई पुलिस ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से गिरफ्तार किया है। अब उसे मुंबई लाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। वह पेशे से वकील है। पुलिस के अनुसार पिछले हफ्ते अज्ञात शख्स ने मुंबई पुलिस के फोन पर शाहरुख खान को 50 लाख रुपये रंगदारी न देने पर जान मारने की मांग धमकी दी थी।

## केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी के समन पर पेश नहीं होने के मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मजिस्ट्रेट कोर्ट के समन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ मजिट्रेट कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को करने का आदेश दिया। इसके पहले राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले ईडी ने केजरीवाल के पूछताछ के लिए जारी समन पर पेश न होने के चलते दो शिकायतें राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट में दाखिल की थीं। केजरीवाल के खिलाफ ये मामला ईडी के समन की अवहेलना करने का था। ये शिकायत केजरीवाल के खिलाफ उनकी गिरफ्तारी से पहले दायर की गई थी।

## बंगाल के प्रसिद्ध अभिनेता और नाटककार मनोज मित्रा का निधन

**कोलकाता (हि.स.)।** बंगाली थिएटर और सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्देशक और नाटककार 'बंग विभूषण' मनोज मित्रा का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। 85 वर्षीय मनोज मित्र ने अपने अभिनय और लेखन से बंगाली नाट्य कला को एक नई पहचान दी। उनकी प्रमुख कृतियों में बंचारामेर बागान और शाजाहान जैसे नाटक शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें विशिष्ट ख्याति दिलाई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्वीट कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार, मित्रों एवं प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में अब मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मौखिक उल्लेख नहीं होगा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट में अब मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए मेंशनिंग ई-मेल या लिखित रूप से किया जाएगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि अब मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए कोर्ट में ओरल मेंशनिंग पर विचार नहीं किया जाएगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए वजह स्पष्ट रूप से बताई जानी चाहिए। इसके पहले कोर्ट में ओरल मेंशनिंग के जरिये मामलों की तत्काल लिस्टिंग के लिए आग्रह किया जाता था, जिस पर संबंधित कोर्ट फैसला लेती थी।

## देहरादून में कार-ट्रक की टक्कर में चार छात्र व दो छात्राओं की मौत



**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में ट्रक और इनोवा कार की टक्कर में चार छात्र व दो छात्राओं की मौत हो गई। इनमें एक छात्र हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। हादसे में एक अन्य घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के अनुसार, सोमवार देररात ओएनजीसी चौक पर बल्लूपुर की तरफ से आ रही इनोवा कार की कृष्ण नगर चौक की तरफ से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पांच शव दून अस्पताल और एक शव महंत इंद्रेश अस्पताल भेजा है। सूचना मिलते ही एसपी सिटी भी अस्पताल पहुंचे।

## विश्व निमोनिया दिवस पर नड्डा ने दिया जागरूकता पर जोर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय स्वास्थमंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को विश्व निमोनिया दिवस पर अपने संदेश में जागरूकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि निमोनिया रोकथाम और उपचार योग्य श्वसन संक्रमण है। इस दिन हम बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे निपटने में स्वास्थ्य कर्मियों के अथक प्रयासों को पहचानने के लिए एकजुट होते हैं।

आज 'एक्स' पर साझा संदेश में नड्डा ने कहा कि यह दिन निमोनिया के खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण, उचित स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच और सार्वजनिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालता है। इन उपायों को बढ़ावा देकर हम इस बीमारी के वैश्विक प्रभाव को कम कर सकते हैं और अनगिनत लोगों की जान बचा सकते हैं।

## मणिपुर में कुकी उग्रवादियों के हमले में दो ग्रामीण घायल

**इंफाल (हि.स.)।** इंफाल पूर्व, जिरिबाम, बिष्णुपुर के बाद इस बार इंफाल पश्चिम जिले में कुकी उग्रवादियों द्वारा किए गए सशस्त्र हमले और आगजनी में दो ग्रामीण घायल हो गए हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार, हथियारों से लैस कुकी उग्रवादियों ने सोमवार की मध्यरात्रि को इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिलों की सीमा से लगे कांगचुप और कौत्रुक के परिधीय इलाकों में हमला किया। उग्रवादी सिर पर काला कपड़ा बांधे हुए थे। उन्होंने गांव के रिहायशी इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और आम नागरिकों के घरों में आग लगा दी।इसके पहले रविवार की सुबह भी कुकी उग्रवादियों ने थमनापोकपी के पास खेत में धान काट रहे ग्रामीणों पर हमला कर घायल किया था। वहीं, सोमवार की सुबह भी इंफाल पूर्वी जिले के अंतर्गत यिंगांगपोकोप्पी गांव में धान काट रहे ग्रामीणों पर उग्रवादियों ने हमला किया था, जिसमें दो ग्रामीण घायल हुए थे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर तीन किलो सोना जब्त

**मुंबई (हि.स.)।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर दुबई से आए एक यात्री के पास से 2.27 करोड़ रुपये मूल्य का तीन किलोग्राम सोना जब्त किया है। यह सोना यात्री ने अपनी पतलून में छिपा रखा था। यात्री को गिरफ्तार करके उससे मामले की गहन छानबीन की जा रही है। कस्टम सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी के दौरान दुबई से आया एक यात्री संदिग्ध अवस्था में दिखा। उसकी तलाशी के दौरान एक किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें जब्त की गईं। जब्त किए गए सोने की कीमत 2.27 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दुबई के इस यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## वायनाड लोकसभा और 33 विस सीटों पर उपचुनाव आज

**एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)**

▸ बिहार की चार विस सीटों के लिए भी होगा मतदान

देश के 12 राज्यों में एक लोकसभा और 33 विधानसभा सीटों के उपचुनावों के लिए मतदान 13 नवंबर को होना है। इनमें केरल की वायनाड लोकसभा सीट भी शामिल है। यहां से कांग्रेस के टिकट पर पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ रही हैं।चुनाव आयोग ने देश के 15 राज्यों में बीते महीने 15 अक्टूबर को उपचुनाव का ऐलान किया था। विधानसभा उपचुनावों में उत्तराखंड की केदारनाथ सीट पर 20 नवंबर को तथा शेष 47 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होना था। बाद में चुनाव ने कुछ राज्यों में तारीखों में बदलाव किए। उत्तर प्रदेश की सभी नौ और पंजाब की सभी चार सीटों पर उपचुनाव की तारीख 20 नवंबर कर दी गई। केरल की दो सीटों में से पलक्कड़ में भी मतदान अब 13 की बजाय 20 नवंबर को होगा। हालांकि, बाकी सीटों पर चुनाव की तारीखों को बरकरार रखा। देश के 12 राज्य ऐसे हैं, जहां 13 नवंबर को विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान होना है। इसमें असम की पांच विधानसभा सीट, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, गुजरात की एक, कर्नाटक की तीन, मध्य प्रदेश की दो, मेघालय की एक, राजस्थान की सात, सिक्किम की दो, बंगाल की छह और केरल की एक सीट शामिल है।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर उत्सव मनाएगी योगी सरकार

**एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)**

योगी सरकार बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) पर 15 से 20 नवंबर तक 'अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव' मनाएगी। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश-विदेश की लोकसंस्कृति उतरेगी। उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें सहरिया, बुक्सा आदि जनजाति के लोकनृत्य का भी अवलोकन किया जा सकेगा। दूसरी तरफ जनजाति लोकवाद्यों का भी मंचीय प्रदर्शन होगा। पोथी घर में जनजाति पुस्तकों का भी अवलोकन कर सकेंगे। छह दिवसीय कार्यक्रम में योगी सरकार 20 से अधिक प्रांत के कलाकारों को मंच देगी। इसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, सिक्किम, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल, गोवा, असम, त्रिपुरा, पंजाब, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं।


## बिहार में पूर्वी चंपारण के बसंत हर साल कमाते हैं चार से पांच लाख रुपये

# बोरियों में करते हैं अदरख की खेती

**दिखाई नई राह**

कहा, संसाधन के साथ जज्बा भी जरूरी

स्वयं तैयार करते हैं वर्मी कंपोस्ट खाद



**एजेंसी। मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (हि.स.)**

पूर्वी चंपारण जिले में मोतिहारी प्रखंड के एक किसान ने सबको चौकने पर मजबूर कर दिया है। दरअसल, इस किसान के पास खेत नहीं है, लेकिन वह हर साल खेती से लाखों की कमाई कर रहा है। किसान बसंत कुमार को यह कमाई अदरक की खेती से हो रही है। वे अदरक की खेती सीमेंट की 225 बोरियों में कर रहे हैं।

किसान बसंत के अनुसार वे अपनी खेती जैविक तरीके से कर रहे हैं। प्रति बोरी से उन्हें दो किलो से अधिक की पैदावार मिल रही है। बाजार में अदरक की मांग के होने के कारण उन्हें अच्छी रेट मिल जाती है। अपने इस प्रयोग की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए किसान वसंत बताते है कि कुछ अच्छा करने के लिए महज संसाधन होना ही नहीं, बल्कि जज्बा का होना भी जरूरी है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में बताया, एक दिन मैं यूट्यूब पर वीडियो देख रहा था। इसी दौरान देखा कि एक किसान बोरियों में अदरक की खेती कर मोटी कमाई कर रहा है। लिहाजा मैंने भी प्रयोग करने की ठान ली। बसंत कुमार के मुताबिक उनका क्षेत्र बाढ़ व जलजमाव प्रभावित है। ऐसे में वे कुछ समय तो इन बोरियों को घर के बाहर रखते हैं, लेकिन बरसात के दिनो में वे इन बोरियों को घर के छत पर रख देते हैं। इससे अदरख के पौधे को कोई नुकसान नही होता है। बसंत ने बताया कि घर के पास मौजूद थोड़ी-सी जमीन पर वह केले के पौधे और गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार करते हैं और अपनी खेती में इसी खाद का इस्तेमाल करते हैं। इससे एक सीजन में उन्हें करीब पांच क्विंटल अदरक की पैदावार हो जाती है। इसे वे 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचते हैं।

अदरख की खेती मुख्यतः दो सीजन में होने के कारण हर साल उन्हें चार से पांच लाख रुपये की कमाई हो जाती है। बसंत ने बताया कि उनके पैदावार की खपत फिलहाल लोकल मार्केट में ही हो रही है। अब औषधियां बनाने के लिए भी उनकी फसल की डिमांड आने लगी है। ऐसे में अब वे बोरियों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं।

# लेह, लद्दाख में बनेगा विश्व का पहला हाई एल्टीट्यूड पैरा स्पोर्ट्स सेंटर




### शामिल किए जाने वाले खेलों की सूची:–

**पैरा खेल:** तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, ब्लाइंड फुटबॉल, बोशिया, कैनोइंग, साइक्लिंग , घुड़सवारी, गोलबॉल, जूडो, पावरलिफ्टिंग, रोइंग, शूटिंग, वॉलीबॉल, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलॉन, व्हीलचेयर बास्केटबॉल, व्हीलचेयर फेंसिंग, व्हीलचेयर रग्बी और व्हीलचेयर टेनिस।

**विंटर गेम्स:** पैरा अल्पाइन स्कीइंग, पैरा बायथलॉन, पैरा क्रॉस-कंट्री स्कीइंग, पैरा आइस हॉकी, पैरा स्नोबोर्ड और व्हीलचेयर कर्लिंग।

**लेह,(आईएएनएस)।** देश में पैरा-एथलीटों के ट्रेनिंग के लिए समर्पित दुनिया का पहला हाई एल्टीट्यूड पैरा स्पोर्ट्स सेंटर लेह, लद्दाख में स्थापित किया जाएगा। यह 2028 पैरालंपिक के लिए पैरा-एथलीटों को तैयार करने के बड़े लक्ष्य सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इस आशय के एक समझौता ज्ञापन को लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद , लेह और आदित्य मेहता फाउंडेशन (एएमएफ) ने मंजूरी दे दी है। उच्च-ऊंचाई वाले पैरा खेल केंद्र में न केवल भारत के बल्कि विश्व भर के पैरा-एथलीटों को समावेशी, विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें उच्च-ऊंचाई वाले प्रशिक्षण वातावरण में अद्वितीय प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी और साथ ही भारतीय पैरा खिलाड़ियों को खेल के चैंपियनों के साथ प्रशिक्षण लेने का अवसर भी मिलेगा। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि लेह पैरा स्पोर्ट्स के लिए दुनिया का पहला उच्च ऊंचाई वाला केंद्र स्थापित करेगा। भारतीय पैरा-एथलीट विश्व मंच पर अपनी अप्रतिम छाप छोड़ रहे हैं, जिसमें सात स्वर्ण सहित 29 पदक शामिल हैं, जो भारत ने पेरिस में 2024 पैरालंपिक में जीते हैं, जो हमारे देश में मौजूद प्रतिभा का प्रमाण है। लद्दाख के मुख्य कार्यकारी पार्षद एडवोकेट ताशी ग्यालसन ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह केंद्र न केवल क्षेत्र की संभावनाओं को भुनाने में मदद करेगा, बल्कि अगले पैरालंपिक तक भारत को शीर्ष-10 देशों में शामिल करने की यात्रा में भी बहुत बड़ा योगदान देगा।

# चोटिल पेजेला अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर से बाहर

### अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह जानकारी दी

**ब्यूनस आयर्स (आईएएनएस)।** सेंट्रल डिफेंडर जर्मन पेजेला चोट के कारण पैराग्वे और पेरू के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम से बाहर हो गए हैं। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह जानकारी दी। एएफए ने कहा कि 33 वर्षीय खिलाड़ी को अर्जेंटीना की तरफ से रिवर प्लेट के लिए खेलते समय चोटिल हो गए और वह 2024 में एल्बीसेलेस्टे के आखिरी दो मैचों के लिए समय पर रिकवर नहीं हो पाए। संस्था ने पूर्व फिओरेंटीना और रियल बेटिस खिलाड़ी के लिए तुरंत प्रतिस्थापन का नाम नहीं बताया। पेजेला की अनुपस्थिति निकोलस गोंजालेज की कमी को और बढ़ाती है, जिन्हें पहले ही बाहर कर दिया गया था ताकि वह ट्यूरिन में जुवेंटस के साथ ठीक हो सकें। टीम ने अपना पहला अभ्यास किया, जिसका नेतृत्व कप्तान लियोनेल मेसी ने किया, जो सोमवार सुबह ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। अर्जेंटीना गुरुवार को असुनसियन में पैराग्वे से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में पेरू से भिड़ेगा। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन वर्तमान में 10 मैचों में 22 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग क्षेत्र में शीर्ष पर है।


जर्मन पेजेला

# कोहली टेस्ट और धोनी सफेद बॉल फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तान: शिवरामकृष्णन



**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत के पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने विराट कोहली और एमएस धोनी को टेस्ट और सफेद बॉल के फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया है। विराट कोहली ने 68 टेस्ट मैचों में भारत की अगुवाई की। वह अपने कार्यकाल में 58.82 जीत प्रतिशत के साथ भारत के लिए इस प्रारूप के सबसे सफल कप्तान हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने रिकॉर्ड 42 महीनों तक आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा।

दूसरी ओर, धोनी ने 2007 से 2018 तक 200 वनडे मैचों में कप्तानी की। 2011 में विश्व कप खिताब सहित 110 जीत के लिए टीम का नेतृत्व किया। उनके पास प्रारूप में रिकॉर्ड 55 प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड था, जिसने मोहम्मद अजहरुद्दीन के 51.72 जीत प्रतिशत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी ने मैदान पर कोहली की आक्रामक मानसिकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह महान विवियन रिचर्ड्स के समान है।



> कोहली का आक्रामक रवैया और धोनी का शांत स्वभाव शानदार था। मेरे लिए, लाल गेंद का सर्वश्रेष्ठ कप्तान विराट है और सफेद गेंद का सर्वश्रेष्ठ कप्तान एमएस धोनी है।
> (शिवरामकृष्णन)

## बुमराह की अनूठी चुनौती का सामना करने के लिये तैयार मैकस्वीनी

**एडीलेड।** भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के जरिये टेस्ट पदार्पण करने जा रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से मिलने वाली अनूठी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। मैकस्वीनी को शेफील्ड शील्ड टूनामेंट और हाल ही में भारत के खिलाफ ए' श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह मिली। साउथ आस्ट्रेलिया के 25 वर्ष के मैकस्वीनी 22 नवंबर से शुरू हो रहे पर्थ टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे।

# रणजी ट्रॉफी के जरिए मैदान पर होगी मोहम्मद शमी की वापसी


मोहम्मद शमी

**13 नवंबर** से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल की रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है

**19 नवंबर** को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा

**2018-19** में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 26.18 के औसत से 16 विकेट चटकाए थे

**कोलकाता, (आईएएनएस)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 2023 वल्ड कप फाइनल के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें 13 नवंबर से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल की रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है। शमी लम्बे समय से चोट के कारण क्रिकेट से बाहर थे। एंकल की सर्जरी के बाद उनकी रिहैब की प्रक्रिया अपेक्षाकृत ज्यादा समय ले रही थी। उन्होंने पिछले छह महीनों में अधिकांश समय बेंगलुरु के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बिताया है। पहले तो वह अपनी एंकल टेंडन की सर्जरी से रिकवर करने के लिए एनसीए में समय बिताया और फिर एंकल में सूजन और साइड-स्ट्रेन से उबरने के लिए वह एनसीए में थे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत से पहले (जो 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी) शमी की फिटनेस पर बारीकी से नजर रखी जा रही थी। हालांकि उन्हें पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है।

उस टीम के चयन से ठीक पहले शमी ने कहा था कि वह बंगाल के लिए एक-दो रणजी ट्रॉफी मैच खेलकर ऑस्ट्रेलिया जाने की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन अब वह अपनी फि टनेस साबित करने के लिए केवल एक ही रेड-बॉल मैच खेल सकते हैं, क्योंकि रणजी ट्रॉफी सीजन को दो हिस्सों में बांटा गया है और सफेद्र गेंद के टूनामेंट के शुरू होने से पहले सिर्फ एक ही राउंड बाकी है। शमी सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान वापसी के लिए तैयार थे और उन्हें दलीप ट्रॉफी के लिए भी नामित किया गया था, लेकिन उस बीच उन्हें एक और झटका लगा, जिसकी जानकारी रोहित शर्मा ने भी दी थी। उनके बाएं घुटने में सूजन आ गई थी, जो उनके रिकवरी में एक रुकावट का कारण बनी। अब अगर शमी अपनी फि टनेस को इस मैच के जरिए साबित करने में सफल हो पाते हैं, तो ऐसा हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया में भारत के पेस अटैक में उन्हें शामिल कर लिया जाए, जिसमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के रूप में पांच तेज गेंदबाज शामिल हैं। शमी की वापसी पर बंगाल क्रिकेट एसोशिएसन की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है, भारतीय क्रिकेट और बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के लिए एक बड़ी खुशखबरी के रूप में स्टार पेसर मोहम्मद शमी बुधवार से इंदौर में शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी मैच में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट में वापसी करेंगे। शमी का बंगाल टीम में शामिल होना न केवल टीम के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, बल्कि यह पूरे दल के मनोबल को भी बढ़ाएगा, जिसका लक्ष्य रणजी ट्रॉफी के अगले चरण में प्रवेश करना है।

## एक नजर

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ध्रुव जुरेल को मौका मिलना चाहिए : टिम पेन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का क्रिकेट फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान टिम पेन ने युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल का समर्थन करते हुए कहा कि ये युवा खिलाड़ी सीरीज में अच्छा प्रभाव डाल सकता है। जुरेल, जिन्होंने सिर्फ तीन मैच खेले हैं, मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत के दौरे पर गए दल में नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के बैकअप के रूप में शामिल थे। उन्होंने पिछले हफ्ते मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के लिए खेले गए मैच में 80 और 68 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया था।

### अमेलिया केर और नोमान अली ने जीता आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को अक्टूबर 2024 के लिए न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर महिला खिलाड़ी अमेलिया केर और पाकिस्तान के पुरुष गेंदबाज नोमान अली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' से नवाजा है। टी-20 विश्वकप में न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था।

## हसरंगा चोट के कारण न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से बाहर




**कोलंबो।** श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा रविवार को दांबुला में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में गेंदबाजी करते समय बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका ने हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को टीम में शामिल किया है, हसरंगा कोलंबो लौट आए हैं और उन्होंने हाई परफॉरमेंस सेंटर में चोट का रिहैब शुरू कर दिया है। टी20 मैचों में छह विकेट लिए थे, जिसमें रविवार को चार विकेट चटकाए थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था।

## अगर मैं एक चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाया तो यह बहुत बढ़िया होगा : मोहम्मद नबी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के बाद अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा कि वह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना चाहते हैं, जो अगले साल पाकिस्तान में होने वाली है। 39 वर्षीय नबी ने सोमवार को शारजाह में बांग्लादेश पर 2-1 से सीरीज की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि उन्होंने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के आठवें वनडे शतक की बदौलत पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस साल की शुरूआत में आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका पर सफलता के बाद यह अफगानिस्तान की लगातार तीसरी सीरीज जीत थी और हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद यह टीम दुनिया की सबसे रोमांचक व्हाइट-बॉल टीमों में से एक बन गई है। नबी को पता है कि वह अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन प्रतिभाशाली ऑलराउंडर अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी ट्रॉफी जीतने के अपने अंतिम अवसर के रूप में देख रहे हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# पिछले 5 वर्षों में पेटेंट फाइल करने की संख्या हुई दोगुनी




**दुनिया के टॉप 6 देशों में भारत**

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की लेटेस्ट वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2018 और 2023 के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के लिए भारत के पेटेंट और इंडस्ट्रियल डिजाइन फाइल करने की संख्या दोगुनी हो गई है, जिससे देश छठे स्थान पर पहुंच गया है। पहली बार भारत को तीन मुख्य बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकारों : पेटेंट, इंडस्ट्रियल डिजाइन, एप्लीकेशन और ट्रेडमार्क एप्लीकेशन के लिए दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल किया गया। भारत में पेटेंट फाइल करने की दर लगातार पांचवें साल दोहरे अंकों में रही है।

डब्ल्यूआईपीओ की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में फाइल पेटेंट की संख्या 64,480 थी। पेटेंट फाइल करने में देश की वृद्धि दर 2022 की तुलना में 15.7 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में दुनिया भर में 35 लाख से अधिक पेटेंट फाइल किए गए। यह लगातार चौथा वर्ष था, जब वैश्विक पेटेंट फाइल करने में सकारात्मक वृद्धि देखी गई।

2023 में अधिकतम पेटेंट 1.64 मिलियन चीन से फाइल किए गए। चीन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका से 5,18,364 पेटेंट और इसके बाद दक्षिण कोरिया से 2,87,954 पेटेंट फाइल हुए। दक्षिण कोरिया के बाद 133,053 पेटेंट जर्मनी और 64,480 पेटेंट भारत से फाइल हुए। पेटेंट के लिए एशिया शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो 2023 में वैश्विक पेटेंट, ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिजाइन फाइल करने की गतिविधि का क्रमशः 68.7 प्रतिशत, 66.7 प्रतिशत और 69 प्रतिशत है। बौद्धिक संपदा अधिकार किसी व्यक्ति की बुद्धि से की गई क्रिएशन, जो प्रकृति में मौजूद नहीं है, को परिभाषित करता है। इनमें आविष्कार, साहित्यिक और कलात्मक कार्य, डिजाइन, प्रतीक, नाम और वाणिज्य में उपयोग की जाने वाली छवियां शामिल हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकारों को उनके अवैध इस्तेमाल से रोकने के लिए कानून द्वारा संरक्षित किया जाता है। बौद्धिक संपदा अधिकारों में पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, इंडस्ट्रियल डिजाइन, भौगोलिक संकेत और व्यापार रहस्य शामिल हैं। पेटेंट किसी मनुष्य के आविष्कार को एक्सक्लूसिव अधिकार देता है। उदाहरण के लिए किसी दवा की खोज किया जाना। वहीं, कॉपीराइट रचनाकारों के उनके साहित्यिक और कलात्मक कार्यों जैसे कि गीत, संगीत, किताबें, आदि के अधिकारों को संदर्भित करता है।

ट्रेडमार्क एक कानूनी शब्द है जो एक कंपनी के सामान या सेवाओं को दूसरों से अलग करता है। यह एक प्रतीक, डिजाइन या नाम हो सकता है, जिसे कंपनी अपने उत्पादों पर उपयोग करती है।

इंडस्ट्रियल डिजाइन बड़े पैमाने पर उत्पादित वस्तुओं के सजावटी या सौंदर्य पहलू का गठन करता है।

विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना 1967 में संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के रूप में की गई थी। स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित, संगठन का मुख्य कार्य दुनिया भर में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

## घरेलू शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों को एक दिन में लगी 5.34 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कंपनियां के कमजोर तिमाही नतीजे की वजह से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई और दोनों सूचकांकों को खरीदारों का सपोर्ट भी मिला, लेकिन पहले घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों में बड़ी गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.03 प्रतिशत और निफ्टी 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ऑटोमोबाइल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एनर्जी, बैंकिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## भारत के सौर-उत्पादों का निर्यात बीते दो वर्षों में 23 गुणा बढ़ा



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत का सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 22 के मुकाबले 23 गुणा बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 2 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और जेएमके रिसर्च एंड एनालिटिक्स के मुताबिक, इस बदलाव से भारत सौर उत्पादों का कुल आयातक से निर्यातक बन गया है। भारत द्वारा किए जाने वाले सौर उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी की वजह 'चीन प्लस वन' की रणनीति होना है। इस कारण भारत अन्य देशों के लिए सौर उत्पाद आयात का एक अच्छा विकल्प बनकर उभरा है।

## खुदरा महंगाई दर अक्टूबर महीने में बढ़कर 6.21 फीसदी पर आई



**नई दिल्ली (हि.स.)।** अक्टूबर महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। खुदरा महंगाई दर का यह 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछले साल इसी महीने में यह 4.87 फीसदी थी, जबकि अगस्त 2023 में यह 6.83 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई अक्टूबर में बढ़कर 10.87 फीसदी हो गई है, जो सितंबर महीने में 9.24 फीसदी और पिछले साल अक्टूबर में 6.61 फीसदी थी। गौरतलब है कि आरबीआई ने पिछले महीने नीतिगत दर रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा था। केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को चार फीसदी (दो फीसदी घट-बढ़) पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

# भारत का आईटी खर्च 2025 में 160 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा



**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** भारत का आईटी खर्च आने वाले समय में तेजी से बढ़ सकता है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत का आईटी खर्च 2025 में 160 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2024 से 11.2 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। गार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार, एप्लीकेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉफ्टवेयर मार्केट दोनों के बढ़ने के कारण, भारत में सॉफ्टवेयर खर्च में सबसे अधिक वार्षिक वृद्धि दर दर्ज होने का अनुमान है, जो 2025 में 17 प्रतिशत बढ़ जाएगी। गार्टनर के वीपी एनालिस्ट नवीन मिश्रा ने कहा, 2025 में, भारतीय मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) प्रारंभिक प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट परियोजनाओं से अलग जनरेटिव एआई (जेनएआई) के लिए बजट आवंटित करना शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा, जेनएआई पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन भारतीय मुख्य सूचना अधिकारियों की इसकी क्षमताओं को लेकर अपेक्षाएं कम हो जाएंगी। इसके अलावा, भारतीय सीआईओ 2024 की तुलना में 2025 में साइबर सुरक्षा, बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसी टेक्नोलॉजी पर खर्च करने में यकीन रखेंगे।

कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट में जेनएआई-इनेबल्ड ऑफरिंग का प्राइस प्रीमियम, ईमेल-ऑथरिंग और एनालिटिक प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर से जुड़े खर्च को बढ़ाएंगे, जिससे इस सेगमेंट में तेजी आएगी। वर्ष 2025 तक जेनएआई कैपेबिलिटी वाले 50 प्रतिशत से अधिक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर प्राइस प्रीमियम से जुड़े होंगे। प्राइसिंग ऑप्शन को लेकर भी 2025 तक बढ़ोतरी जारी रहेगी, क्योंकि जेनएआई प्रीमियम को लेकर खरीदार अपनी इच्छा जाहिर कर रहे हैं।

# चंदवा के 97 मतदान केंद्रों पर 82280 मतदाता आज डालेंगे अपना मत

## पुरुष वोटर 40861 और महिला वोटरों की संख्या 41599

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के 97 मतदान केंद्रों पर 82280 मतदाता आज यानी बुधवार को अपना मत डालने का कार्य करेंगे। वंही विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी चंदन प्रसाद अपनी पूरी टीम के साथ सभी तैयारियां पूरी करने के लिए पूरी तन्मयता से जुटे हैं। चंदवा प्रखंड में मतदाताओं की कुल संख्या 82280 है। इनमें पुरुष मतदाता 40861 एवं महिला मतदाता 41599 हैं। प्रखंड में कुल 97 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें बूथ संख्या 301,307, 313,316,350 को पर्दानशी बूथ बनाया गया है वहीं बूथ संख्या 300,302,317,318, 319 और 320 को महिला विशेष बूथ जबकि बूथ संख्या 275 (सासंग) को युवा बूथ बनाया गया है। पन्नाटांड मतदान केंद्र को यूनिक बूथ बनाया गया है यहाँ झारखंड के पारंपरिक रीति रिवाज से मतदाताओं का स्वागत किया जायेगा।

### 8 बूथों को किया गया रिलोकेट

सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के 8 बूथों को री-लोकेट (स्थानांतरण) कर दिया गया है। रीलोकेट किए गए बूथों में बूथ संख्या 295 उप्रावि तिलैयादामर को बूथ संख्या 292 राउमावि चकला पश्चिमी,बूथ संख्या 322 प्रावि गरदाग को बूथ संख्या 321 उमवि चिरो,बूथ संख्या 323 राप्रावि बोदा को बूथ संख्या 324 उमवि लुकुईया,बूथ संख्या 326 राप्रावि हाका पूर्वी को बूथ संख्या 325 उ. उच्च वि. हुटाप, बूथ संख्या 327 हाका पश्चिमी को बूथ संख्या 325 उ. उच्च वि. हुटाप,बूथ संख्या 353 राप्रावि आरा को बूथ संख्या 348 रा. कृत मवि दूधीमाटी, बूथ संख्या 356 उप्रावि जमुआरी को बूथ संख्या 358 रामवि बेतर नवाटांड व बूथ संख्या 357 915 राउमवि मड़मा को बूथ संख्या 358 रामवि बेतर नवाटांड में रिलोकेट (स्थान परिवर्तन) किया गया है। प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रखंड व पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर दी गई है ताकि लोग निर्भीक होकर शांति पूर्वक मतदान कर सकें। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।

## पोलिंग केंद्रों पर पोलिंग पदाधिकारी रवान



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड में टोटल 51 भूत की संख्या है सभी भूथो पर पोलिंग पार्टी गढ़वा से चलकर धुरकी के विभिन्न पोलिंग केन्द्रो पर अपने-अपने गाड़ी से रवाना हो चुके वही सभी पोलिंग पार्टियों ने धुरकी थाना में अपना मौजूद दर्ज कर सभी अपने-अपने केन्द्रो के लिए रवाना हुए। वही धुरकी ब्लॉक के सहायक अभियंता जिहान अंसारी ने बताया कि ब्लॉक से सहायक निर्वाचन पदाधिकारी का सख्त निर्देश है कि सभी वाहनों को देखते हुए सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए ताकि कल 13/11/2024 सुबह 7 बजे से अपने-अपने पोलिंग केन्द्रो पर मतदान के लिए तैयार हो सके मौके पर उपस्थित जेई लवकुश सिंह, एएसआई व सशस्त्र बल उपस्थित थे।

# मतदान कर्मी पहुंचे केंद्र, बिना पहचान पत्र के वोट नहीं दें सकते



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड अंतर्गत कुल 62मतदान केन्द्रो के लिए आठ सेक्टर बनाये गये हैं, और प्रत्येक सेक्टर के लिए एक-एक मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किये गये। सभी मतदान केन्द्रो पर सुरक्षा बल और मतदान कर्मी पहुंच चुके हैं।

62 मतदान केन्द्रो के लिए कुल 57396 मतदाता मतदान करेंगे जिसमे बूथ संख्या 362 पर सबसे अधिक 1390 और बूथ संख्या 323 पर सबसे कम 303 मतदाता की संख्या हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए चुनाव आयुक्त द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया हैं, जिसमे मतदान केंद्र से 200मीटर के दायरे में किसी भी दल का कोई भी चुनाव चिन्ह या चुनाव चिन्ह का पर्चा लेकर नहीं रहेगा इसकी सख्त हिदायत दी गयी है।

सभी मतदान केंद्र पर वेब कैमरा लगाया गया हैं, जिससे मतदान कर्मी, बूथ एजेंट और मतदाताओं पर पैनी नजर चुनाव आयुक्त का बना रहेगा, यदी किए भी व्यक्ति मतदान केंद्र पर आचार संहिता का उलंघन करते हुए पाया गया तो उसपर सख्त करवाई की जाएगी।

मतदान कर्मियों ने हिदायत दी की सभी दलिये एजेंट सवा पांच बजे तक केंद्र पर पहुंच जाये क्योंकि सात बजे से मतदान शुरू कर देना हैं।

साथ ही सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर वोटर आईडी या कोई भी पहचान पत्र जिससे उनकी पहचान हो सके साथ जरूर लाये। यदी साथ में केवल पर्ची लेकर आते हैं तो वह वैध नहीं माना जायेगा पहचान पत्र लाना अनिवार्य हैं अन्यथा मतदान नहीं करने दिया जायेगा।

# हुसैनाबाद में 2.32 लाख कैश जब्त वोटरों को पैसा बांटने की थी तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद में एसएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी से नगद रुपए जब्त किया हैं।झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे पलामू में वाहन चेकिंग एवं कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के द्वारा जब्त पैसा को वोटरों के बीच बांटे जाने की आशंका थी। इसी क्रम में हुसैनाबाद में वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान झोला में रखें 2.32 लाख रुपए बरामद हुए हैं। एसएसटी टीम द्वारा गाड़ी में सवार लोगों से पूछताछ की गई तो वे नकद के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए और न ही कोई कागजात ही दिखा पाए। इसके बाद एसएसटी के पदाधिकारियों ने रुपयों को जब्त कर लिया है। और वाहन को लेकर हुसैनाबाद थाना ले आई हैं। इस अभियान को लेकर हुसैनाबाद एसडीपीओ मो.एस याकूब ने बताया कि एक बोलेरो गाड़ी से कैश पैसे जब्त किये गये हैं। इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि आशंका है कि यह पैसा वोटरों के बीच बांटा जा सकता था पूरे मामले में आगे का अनुसंधान किया जा रहा है एवं वरीय अधिकारियों की इसकी जानकारी दी गई है। बोलेरो सवार लोगों से पूछताछ के बाद और कई जानकारी निकाल कर सामने आएंगी।



# पहले चरण में पलामू में 1570 मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदानकर्मी, 9 बूथों पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे

**पलामू (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को पलामू जिले में होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जीएलए कॉलेज परिसर से वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टी को भेजने का काम मंगलवार को पूरे दिन जारी रहा। सारे कर्मी बूथों पर पहुंच गए हैं। बूथ पर भेजे जाने वाली ईवीएम की जीपीएस ट्रैकिंग की गई। 1796 बूथ में से 226 बूथ के लिए पोलिंग पार्टी सोमवार को रवाना हो गई थी। 1570 मतदान केंद्र के लिए कर्मी मंगलवार को ईवीएम के साथ निकले। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में गढ़वा जिले के भंडरिया इलाके के 9 मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। चियांकी हवाई अड्डा से सभी निकले। मतदान कर्मियों को भेजने के लिए मंगलवार सुबह से ही जीएलए कालेज स्थित डिस्पैच सेंटर में गहमा गहमी की स्थिति बनी रही। विधानसभावार अलग-अलग सेंटरों पर पोलिंग एजेंट जमा थे एवं चुनाव सामग्री का मिलान करने के बाद निर्धारित टीम के साथ अलग-अलग बसों से क्लस्टर के लिए निकले। शाम तक सारे कर्मी बूथ पर रवाना हो गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए थे।

डीईओ ने बताया कि चुनाव के सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के पूरे बंदोबस्त हैं। मतदान केंद्र से लेकर स्ट्रॉन्ग रूम तक की सुरक्षा में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल लगाए गए हैं। सुरक्षा और सुदूरवर्ती इलाके के मद्देनजर 49 बूथों पर चार बजे शाम तक वोटिंग होगी। इसमें 14 पलामू और 35 गढ़वा जिले में पोलिंग बूथ हैं। अन्य बूथों पर पांच बजे तक मतदान होगा।



### पलामू में 86 उम्मीदवार चुनाव मैदान में 17 लाख मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

पलामू जिले के पांच विधानसभा सीटों से 86 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनके भाग्य का फैसला 17 लाख 31 हजार 538 मतदाता करेंगे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 42 हजार 770 है। पुरूष मतदाता 8 लाख 88 हजार 767 है। पांकी से 14, डालटनगंज से 23, विश्रामपुर से 17, हुसैनाबाद से 18 एवं छतरपुर से 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी पांचों विधानसभा सीटों पर निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव कराने की तैयारी है।

## पेज एक के शेष

### आज रांची के पांच विस क्षेत्रों के 2085 बूथों पर ...

**रांची जिले के निर्वाचन क्षेत्र**

| विस क्षेत्र | बूथों की संख्या |
|---|---|
| तमाड़ | 303 |
| रांची | 374 |
| हटिया | 496 |
| कांके | 482 |
| मांडर | 430 |
| कुल | 2085 |

**रांची जिले में क्रिटिकल मतदान केंद्र**

| विस क्षेत्र | क्रिटिकल बूथों की संख्या |
|---|---|
| तमाड़ | 134 |
| रांची | 361 |
| हटिया | 454 |
| कांके | 435 |
| मांडर | 331 |
| टोटल | 1715 |

**रांची जिले के पांच निर्वाचन क्षेत्र**

| विस क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| तमाड़ | 218637 | 108343 | 110293 | 01 |
| रांची | 379039 | 191880 | 187128 | 31 |
| हटिया | 526189 | 261890 | 264275 | 24 |
| कांके | 481815 | 241481 | 240321 | 13 |
| मांडर | 379903 | 186208 | 193692 | 03 |

### झारखंड-बंगाल में...

ईडी के अनुसार, कई व्यक्ति अवैध घुसपैठ और फर्जी पहचान प्रमाण बनाने से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त हैं। ऐसे में बांग्लादेश से भारत में अवैध घुसपैठ करने वाले व्यक्तियों और संबंधित एजेंटों के खिलाफ जांच करना अत्यंत आवश्यक है, जिसका उद्देश्य काला धन बनाना और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होना है। इसके लिए एक व्यापक और गंभीर जांच आवश्यक है।

### एक महिला की शिकायत पर...

इसके अलावा, यह मामला उन एजेंटों से संबंधित है, जो बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ में संलग्न हैं और उन्हें भारतीय नागरिकता स्थापित करने के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं।

### झारखंडी ना तो...

कोरोना काल में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने वाली माता-बहनों को मंईयां सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये हर महीने दिया जा रहा है। यदि फिर उनकी सरकार बनी तो अगले 5 सालों में 1,00,000 रुपये सीधे उनके खातों में भेजा जाएगा। गरीबों को राहत देने के लिए उनका बकाया बिजली बिल माफ किया गया। किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण की माफी की गई है। आज हम हक से जनता से वोट मांगने आए हैं।

### गिद्ध की तरह झारखंड में मंडरा...

उन्होंने कहा कि आज 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही जा रही है। उनकी ही सरकार यूपी, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा में है, वहां वह किसी को नहीं दे रहे। केंद्र सरकार पूरी व्यापारियों की पार्टी है। झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम करते हैं।

**ऐसी सरकार चुनिए कि सुरक्षित रहे बेटी, रोटी और माटी :** हेमंत सोरेन ने बेटी, रोटी और माटी को सुरक्षित रखने के लिए अबुआ सरकार चुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की पार्टी बेटी बचाने को कहेगी और वही चुरा लेगी। रोटी बचाने की बात करेंगे और थाली से रोटी छीन लेंगे, लेकिन अबुआ सरकार रहेगी, तो बेटी, रोटी, माटी सब बचेगा।

### इंडी गठबंधन सरकार...

प्रदेश की माताओं-बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साथ ही, एक साल में 2 सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं से बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन अपना वादा पूरा नहीं किया। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही युवाओं को दो हजार रुपये महीना भत्ता दिया जाएगा। किसानों के धान की फसल को 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा। वृद्ध, दिव्यांग और विधवा पेंशन 2500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, प्रदेश के युवाओं की रोजी-रोटी घुसपैठिए ले जाते हैं। लेकिन, भाजपा की सरकार बनते ही, एक-एक घुसपैठिए को भारत से बाहर निकालने का काम करेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस ने 70 सालों तक देश पर राज किया और अयोध्या में श्री राम मंदिर को बनने से रोककर रखा। लेकिन, भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पांच सालों में ही अयोध्या में राम मंदिर बनाकर प्राण प्रतिष्ठा भी करने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी पार्टी है। कांग्रेस देश के पिछड़ों और दलितों का आरक्षण खत्म करके मुस्लिमों को देना चाहती है। लेकिन, जब तक भाजपा का एक भी विधायक है, हम मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देने देंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाना चाहती है, लेकिन जब तक भाजपा है कांग्रेस की चौथी पीढ़ी भी 370 वापस नहीं ला सकती है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि, झारखंड में इस बार कमल खिलाना है।

### घोषणा पत्र में कांग्रेस के सात वादे...

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये करने के साथ लाह, साल, बीज आदि के समर्थन मूल्य में 50 फीसदी तक की वृद्धि। इमली, महुआ, चिरौंजी व साल बीज के भी समर्थन मूल्य में 50 फीसदी तक की वृद्धि।

**कांग्रेस के प्रमुख संकल्प :**

- मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए बनाया जाएगा प्रभावी कानून।
- कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली और गरीब परिवारों को 250 यूनिट फ्री बिजली
- जातिगत जनगणना कराई जाएगी।
- एकीकृत बिहार में, जो एससी समुदाय सूचीबद्ध थे और उन्हें राज्य गठन के बाद सामान्य कर दिया गया, उन्हें फिर से एससी का दर्जा दिया जाएगा।
- हो, मुंडारी, खड़िया, कुड़ुख और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाना।
- एक साल के अंदर भरी जाएंगी सरकारी रिक्तियां।
- लैंड बैंक किया जाएगा रद्द।

### करीवाडीह पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**खरौंधी।** सोशल इनोवेशन ग्रुप के द्वारा खरौंधी प्रखंड के करीवाडीह पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य खासकर युवा मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अनुपम राज सिंह ने युवाओं को शपथ दिलाई कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान हो। अभियान में यह भी घोषणा की गई कि संस्था के सदस्य हर बूथ पर सक्रिय रूप से मतदाताओं की मदद करने हेतु तैयार रहेंगे। संस्था की ओर से संदेश दिया गया कि सभी सदस्य मिलकर राज्य में एक निष्पक्ष सरकार के गठन में योगदान दें।इस मौके पर राजन विश्वकर्मा और राजू रंजन चंद्रवंशी ने भी करीवाडीह पंचायत के युवाओं को एकजुट होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और यह आश्वासन दिया कि वे मतदाताओं को घर से बाहर निकलकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# डीसी और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** विधानसभा चुनाव का पहला चरण कि मतदान को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को चुनाव की तैयारी का जायजा लेने बालूमाथ बुनियादी विद्यालय पहुंच। बूथ का साफ सफाई विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार का कोई दिक्कत ना हो।वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए ।मौके पर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार,सेक्टर ऑफिसर आलोक पाठक समेत कई मतदान कर्मी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत प्रशासक ने मतदान केंद्रों पर सुविधाओं का लिया जायजा

**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार शहरी क्षेत्र के सभी 19 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए अलर्ट मोड में है। इस बात को लेकर आज नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र के निरीक्षण के क्रम में वहां बिजली पानी शौचालय समेत उपलब्ध कराए गए गाइडलाइन के मुताबिक सुविधा से सुसज्जित करने की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# चतरा के पिपरवार में लेवी के लिए बदमाशों ने की फायरिंग





**चतरा (हि.स.)।** पिपरवार थाना क्षेत्र में ठीक वोटिंग से एक दिन पहले अपराधियों ने पिपरवार कांटा घर से नजदीक लिफ्टरों एवं ट्रक मालिकों के अड्डे पर ताबड़तोड़ 8 राउंड फायरिंग किया है। घटना मंगलवार अपराह्न 11 बजकर 35 मिनट की बताई जा रही हैं। पिपरवार के पांच नंबर कांटा घर के पास रोड किनारे जंगल में खाली पड़े एक जगह पर प्रतिदिन लिफ्टर और ट्रक मालिक ट्रकों की लोडिंग के लिए फार्मेट का वितरण करते हैं। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सभी लिफ्टर और ट्रक मालिक अपने काम में व्यस्त थे। तभी गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई देने लगी। गोली की आवाज सुनते ही वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई और अफरा-तफरी में लोग गिरते पड़ते दूसरी ओर भागने लगे, जिसमें कुछ लोगों को चोटें भी आईं हैं। उनकी माने तो 8 राउंड गोलियां चलाई गई हैं। इस बीच अपराधियों द्वारा एक ट्रक मालिक से हथियार का भय दिखाकर उसके हाथों से 26 हजार रुपये छीन लिया गया। बताया जा रहा हैं कि कांटा घर में काम करने वाले बाबुओं और लिफ्टरों को टीपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर ऋषिकेश के नाम से लेवी के लिए लगातार धमकी मिल रही थी। लेवी नहीं देने पर खोपड़ी खोलने की बात कही जा रही थी। घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, सीआईएसएफ के जवान सहित सीसीएल के सुरक्षा अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# चुनाव आज, तैयारी पूरी, विश्रामपुर विस के 3 लाख 59 हजार 702 मतदाता करेंगे मतदान



रामचंद्र चंद्रवंशी | जागृति दुबे | नरेश सिंह | अंजू सिंह | ब्रह्मदेव प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** विश्रामपुर विधानसभा चुनाव के लिये पूरी तरह तैयार है। विधानसभा क्षेत्र के 3 लाख 59 हजार 702 मतदाता 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए 367 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इस बार विश्रामपुर विधानसभा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार भाजपा के टिकट पर तीसरी बार व पांचवीं बार विधायक बनने के लिए रामचंद्र चंद्रवंशी चुनावी मैदान में चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगाये हुए हैं। यह विश्रामपुर विधानसभा में दो बार राजद व दो बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं 2019 विधानसभा चुनाव में दुसरे स्थान पर रहे राजेश मेहता उर्फ राजन मेहता बसपा के टिकट से चुनावी मैदान में उतरे है। साथ हीं तीसरी चुनाव मैदान अंजू सिंह सपा के टिकट पर जीत के दिन रात एक किए हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारी बहुमत प्राप्त करते हुए चुनावी गणित व लोगों की नींद खोलने में सफल हुई है। एक ओर जहां राजद प्रत्याशी के रुप में नरेश सिंह चुनावी मैदान में उतर जीत के जश्न मनाने की तैयारी में है।

चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का राजनैतिक संन्यास लेने के बाद विकास दुबे की पत्नी जागृति दुबे चुनावी मैदान में पहली बार आई है। क्षेत्र से सभी जाति वर्ग के लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा, जो जीत के द्वार भी खोल सकते हैं। ब्राह्मण सहित मुस्लिम व अन्य जाति वर्ग के वोटर इन्हें ददई दुबे का विकल्प मानकर चुनावी मैदान में जनसहयोग कर रहे हैं।

विश्रामपुर विधानसभा में विश्रामपुर व मझिआंव नगर निकाय सहित प्रखंड विश्रामपुर, पांडू, उंटारी रोड, नावाबाजार और गढ़वा जिला के मझिआंव, कांडी व बरडीहा प्रखंड शामिल हैं। सभी प्रखंड व नगर निकाय को मिलाकर 3 लाख 59 हजार 702 मतदाता हैं। जिसमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के 1796, दिव्यांग 6475 व अदीम जनजाति के 1677 मतदाता हैं। इस बार 17 हजार 452 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। जो प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

यहां जो चुनावी जंग चल रहा है, उस जंग में यह तस्वीर अब पूरी तरह उभर चुकी है कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे, राजद नरेश सिंह, सपा अंजू सिंह, व बसपा राजन मेहता की ओर ज्यादातर झुक रहा है।

ऐसे में यहां चुनाव मैदान में अपने-अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे ब्रह्मदेव प्रसाद, आजाद पार्टी के सिराज खान व कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी किसके आधारभूत मतों में कितना असर डालेंगे इसी से इस विधानसभा चुनाव क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे, राजद नरेश सिंह, सपा अंजू सिंह, व बसपा राजन मेहता का भाग्य का फैसला होगा।

बावजूद इसके जो यहां वर्तमान हालात दिख रहा है उसके अनुसार जिस प्रकार से निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे, राजद नरेश सिंह, सपा अंजू सिंह, व बसपा राजन मेहता ध्रुवीकरण दिख रहा है। उससे यह इंकार नहीं किया जा सकता कि जागृति, अंजू नरेश व बसपा यहां एक सशक्त दावेदार के रूप में भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी को आमने-सामने के मुकाबले में कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी भी मतदाताओं के बीच गांव-गांव खुद पहुंचकर अपने काम का दाम मांग कर भाजपा कार्यकर्ताओं की फौज को चुनाव कैम्पेनिंग के सहारे काफी सशक्त बनाकर विधानसभा चुनाव में सभी को कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। लिहाजा यहां का चुनावी परिणाम भी किसके पक्ष में जाएगा या मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा क्योंकि फिलहाल जो स्थिति यहां कांटेदार मुकाबले की भाजपा सहित अंजू, जागृति, नरेश व बसपा के बीच चल रही है, उसमें किसके गले में जीत का जयमाला पड़ेगा यह कह पाना फिलहाल कठिन है।

### पत्नी की गला घोंटकर की हत्या, आरोपी ने थाने में किया सरेंडर

**चतरा।** सिमरिया हाई स्कूल की शिक्षिका प्रीति कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मंगलवार को जंगल से शव को बरामद कर लिया है। हत्या में संलिप्त पति ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। इस बाबत मृतका के भाई अरुण कुमार रजक ग्राम इरगा, थाना दारु हजारीबाग ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार, प्रीति की शादी 14 वर्ष पूर्व पथलगडा प्रखंड के बोगासाड़म निवासी शंकर रजक के साथ हुई थी। शादी के बाद शंकर ने मेहनत मजदूरी कर पत्नी को पढा-लिखाकर पीजीटी शिक्षक बनाया लेकिन सिमरिया हाई स्कूल में योगदान देने के बाद पति-पत्नी में अनबन हो गई। परिवार के लोगों ने आपसी समझौता कराया लेकिन दोनों में समन्वय नहीं बना। दोनों के दो बच्चे भी हैं। इस बीच सोमवार की अहले सुबह सिमरिया में किराए के मकान में पत्नी के साथ बरवाडीह निवासी अनुज रजक को देख कर पति आग बबूला हो गया। अनुज को बोगासाड़म गांव लाया गया।




## मॉरीशस के चुनाव में नवीन रामगुलाम की लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस के संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम की ऐतिहासिक जीत हुई है। 10 नवंबर को हुए चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की पार्टी सोशलिस्ट मूवमेंट का खाता भी नहीं खुल सका। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीन रामगुलाम को जीत पर बधाई दी है। मॉरीशस की न्यूज वेबसाइट ले मौरिसियन की खबर में यह जानकारी दी गई है। इस बार के चुनाव में रामगुलाम की लेबर पार्टी के 'एलायंस डु चेंजमेंट' गठबंधन को सभी 62 सीटों पर जीत हासिल हुई है। जुगनाथ के गठबंधन लेलेप को एक भी सीट हासिल नहीं हुई है। प्रधानमंत्री जुगनाथ ने हार मानते हुए कहा कि उन्होंने देश को आगे बढ़ाने के लिए जो भी हो सकता था किया, लेकिन मतदाताओं ने दूसरी पार्टी को विजयी बनाने का फैसला किया। इसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। उल्लेखनीय है कि नवीन रामगुलाम 1995 से 2000 और 2005 से 2015 तक प्रधानमंत्री रहे हैं। जुगनाथ और रामगुलाम दोनों उन परिवारों से आते हैं, जिन्होंने 1968 में ब्रिटेन से आजादी के बाद मॉरीशस की राजनीति पर अपना प्रभुत्व जमाया। 77 वर्षीय रामगुलाम, सिवसागर रामगुलाम के बेटे हैं, जिन्होंने मॉरीशस को आजादी दिलाई।



## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'दिल्ली डिफेंस डायलॉग' के उद्घाटन सत्र में कहा

# भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब बनना, अर्थव्यवस्था को मिलेगी मदद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा वक्त को 'हाइब्रिड युद्ध' का युग बताते हुए कहा कि इस समय खुद की रक्षा करने के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस परिदृश्य में तेजी से बदलती दुनिया में उत्पन्न चुनौतियों से निपटने और उनका समाधान करने के लिए राष्ट्र के लिए विकसित हो रहे खतरों को देखते हुए उसी तरह की हमारी रक्षा प्रणालियां और रणनीतियां भी विकसित होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर हमारे खतरे अंतरराष्ट्रीय हैं, तो हमारे समाधान भी अंतरराष्ट्रीय होने चाहिए। रक्षा मंत्री मंगलवार को 'दिल्ली डिफेंस डायलॉग' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब बनना है। इस संबंध में कई पहल की गई हैं। इससे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी, बल्कि हमारे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ड्रोन और स्वार्म तकनीक युद्ध के तरीकों और साधनों में बुनियादी बदलाव ला रही हैं। इस विकास ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युद्ध की समझ को पूरी तरह से बदल दिया है। जल, थल और नभ में युद्ध की पारंपरिक धारणाएं और अवधारणाएं तेजी से बदल रही हैं। ड्रोन और स्वार्म तकनीक के हस्तक्षेप के कारण इन आयामों को ओवरलैपिंग के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सेमिनार रक्षा और सुरक्षा मुद्दों से संबंधित बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में उभरेगी। यह वार्ता तेजी से बदलती दुनिया में समकालीन रक्षा और सुरक्षा चुनौतियों के बारे में विचार-विमर्श और गहन विश्लेषण के लिए ऐसे मंचों की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भू-राजनीतिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव से भरी दुनिया में रह रहे हैं और इतिहास में अभूतपूर्व गति से परिवर्तन हो रहे हैं। युद्ध की पारंपरिक धारणाएं उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और विकसित होती रणनीतिक साझेदारियों से नया आकार ले रही हैं। खतरों और चुनौतियों की बदलती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों के भीतर संचालन के नए दृष्टिकोण और सिद्धांत उभरे हैं।



### अगर हमारे खतरे अंतरराष्ट्रीय हैं, तो समाधान भी वैश्विक होने चाहिए


राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा नीति निमार्ताओं, सैन्य विशेषज्ञों और विद्वानों को एक साथ लाकर 'दिल्ली डिफेंस डायलॉग' हमारी रक्षा स्थिति को बेहतर बनाने के लिए नवीन विचारों और सहयोगी रणनीतियों को उत्पन्न करने का प्रयास है। यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए हमारी रणनीतिक दृष्टि को मजबूत करने की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से आगे बढ़ा है। इस आयोजन में चुनौतियों की समझ को बेहतर बनाने के लिए सबसे अच्छे दिमागों को एक साथ आते हुए देखता हूं, इसलिए उम्मीद है कि आप जटिल मुद्दों के समाधान की तलाश करेंगे। रक्षा मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर हमारे खतरे अंतरराष्ट्रीय हैं, तो हमारे समाधान भी अंतरराष्ट्रीय होने चाहिए। अनुकूल रक्षा तभी वास्तविकता बन सकती है, जब यह सहयोगात्मक रक्षा का प्रतिबिंब भी हो। यह कार्यक्रम हमें संयुक्तता और एकीकरण के पहलुओं का विश्लेषण करने में मदद करेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक गतिशीलता और सीमा-पार के मुद्दे रक्षा के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण को आवश्यक बनाते हैं। रक्षा कर्मियों, कमान, नियंत्रण और उपकरणों से संबंधित सुधार ही नहीं, बल्कि रक्षा और सुरक्षा की समकालीन समस्याओं से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण भी महत्वपूर्ण है।

> *हाल के वर्षों में बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से आगे बढ़ा है।*

## भारतीय थल सेनाध्यक्ष नेपाली सेना के प्रधान सेनापति की मानद पदवी से अलंकृत होंगे

### जनरल द्विवेदी 20 नवंबर को नेपाल पहुंचेंगे

**काठमांडू।** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी 20 नवंबर से नेपाल के पांच दिनों के भ्रमण पर काठमांडू आएंगे। थल सेनाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार वे नेपाल आ रहे हैं, जहां उन्हें नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल गौरव केसी ने बताया कि नेपाली सेना के प्रधान सेनापति जनरल अशोक सिग्देल के निमंत्रण पर भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी पांच दिनों के नेपाल भ्रमण पर 20 नवंबर को नेपाल पहुंचने वाले हैं। भारतीय सेना विशेष विमान से काठमांडू आने वाले थल सेनाध्यक्ष के लिए 21 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह रखा गया है, जिसमें उन्हें नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के मानद उपाधि से अलंकृत किया जाएगा। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच 1950 से ही यह परंपरा चली आ रही है, जहां दोनों देशों के आर्मी चीफ को एक-दूसरे देश के आर्मी चीफ की मानद उपाधि दी जाती है।



## मेलानिया ट्रंप ने जिल बाइडेन से मिलने के प्रस्ताव को ठुकराया

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस जाने और राष्ट्रपति बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन से मिलने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अब इस मुलाकात के लिए ट्रंप अकेले जाएंगे। न्यूयॉर्क पोस्ट ने मेलानिया के एक करीबी का हवाला देते हुए बताया है कि वह नहीं जा रही हैं। उनका कहना है कि जिल के पति ने उनकी जासूसी के लिए एफबीआई को अधिकृत किया। मेलानिया का मानना है कि जिल इस काबिल नहीं कि उनसे उन्हें मिलना चाहिए। मेलानिया के पति नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव नतीजे के बाद की पारंपरिक पहली बैठक के लिए बुधवार को ओवल कार्यालय में राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बैठेंगे।



## भारत-रूस के बीच 2030 तक 100 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य संभव : विदेश मंत्री

### 66 अरब डॉलर तक पहुंच गया है भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भुगतान और लॉजिस्टिक्स संबंधित चुनौतियों के बीच भारत और रूस 2030 या उससे पहले 100 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य हासिल कर लेंगे। हालांकि, इसे अधिक संतुलित और अधिक सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है।विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने मंगलवार को व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान अपने शुरुआती वक्तव्य में विदेश मंत्री ने कहा कि भुगतान और लॉजिस्टिक्स के संबंध में व्यापार में चुनौतियां रही हैं और इस संबंध में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन अभी भी कुछ काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार 66 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसे अधिक संतुलित और अधिक सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता है। व्यापार करना आसान बनाने की आवश्यकता है।



कनेक्टिविटी के विषय को महत्वपूर्ण मानते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा, चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारा और उत्तरी समुद्री मार्ग को बढ़ाने के संयुक्त प्रयास करने चाहिए। आपसी व्यापार के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए हुए विदेश मंत्री ने कहा कि रूस भारत के लिए उर्वरक का एक बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। कच्चे तेल, कोयला और यूरेनियम की आपूर्ति वास्तव में महत्वपूर्ण है। इसी तरह, भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग रूस के लिए एक किफायती और विश्वसनीय स्रोत बनकर उभरा है। उन्हें विश्वास है कि दोनों देश 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

## 'भारत समर्थक' रुबियो को विदेश मंत्री बनाएंगे ट्रंप : रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** विदेश नीति में कट्टरपंथी नजरिया रखने वाले और भारत समर्थक मार्को रुबियो, अमेरिका के नए विदेश मंत्री होंगे। सोमवार रात को कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि ट्रंप के करीबी सूत्रों के अनुसार, वह फ्लोरिडा के सीनेटर को अपना विदेश मंत्री बनाने की योजना बना रहे हैं। क्यूबा के अप्रवासी के बेटे रुबियो के बारे में यह भी कहा जाता है कि वह जेडी वेंस के चुने जाने से पहले उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में भी शामिल थे। रुबियो चीन के प्रति सख्त रुख रखते हैं और भारत को क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर बीजिंग के जवाब के रूप में देखते हैं। उन्होंने जुलाई में रक्षा क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग को मजबूत करने के लिए एक विधेयक



## वैश्विक नेता पीएम नरेंद्र मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार : मोबियस

### बोले दिग्गज निवेशक

- मोदी पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन संघर्ष में बन सकते हैं शांतिदूत
- तेजी से बढ़ने वाली है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी भूमिका



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर सभी राजनीतिक पक्षों के साथ बात करने में सक्षम हैं और अपने इन प्रयासों के लिए वह नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं। दिग्गज निवेशक मार्क मोबियस ने मंगलवार को यह बयान दिया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए 88 वर्षीय मोबियस ने कहा कि उथलपुथल भरी इस दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेषकर पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन संघर्ष में एक शांतिदूत बन सकते हैं। मोबियस ने आगे कहा कि पीएम मोदी एक महान नेता होने के साथ-साथ एक अच्छे इंसान भी हैं। मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी भूमिका तेजी से बढ़ने वाली है। उनके पास सभी राजनीतिक पक्षकारों से वार्ता करने की क्षमता है। आने वाले समय में पीएम मोदी दुनिया में महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं।

उन्होंने नोबेल शांति पुरस्कार के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस वैश्विक अवॉर्ड के हकदार हैं। मोबियस ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि भारत में सभी देशों के साथ न्यूट्रल रहने की क्षमता है।

## एजुकेशन/करियर

पशु चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है जिसमें जानवरों और पक्षियों में विभिन्न प्रकार के रोगों का उपचार होता है। यह मानव चिकित्सा विज्ञान के समान है क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य भी बीमारियों की रोकथाम, उन्मूलन और जैविक जीवों को स्वस्थ जीवन देना है। पशु चिकित्सक कैसे बने, इसके लिए आपको पशु चिकित्सा विज्ञान में बैचलर डिग्री के बाद पशु चिकित्सा विज्ञान में डीएम या कोई विशेष पशु चिकित्सक बनने के लिए स्पेशलाइजेशन भी हासिल करनी होगी। पशु चिकित्सकों या पशु चिकित्सा डॉक्टरों को आमतौर पर 'पशु चिकित्सक' कहा जाता है क्योंकि वे उन पालतू जानवरों, पशुओं और अन्य जानवरों का निदान और इलाज करने में माहिर होते हैं, जो बीमारियों का सामना कर रहे हैं। पशु चिकित्सक कैसे बने के तरीके को समझने के लिए जरूरी है वक्सीनेशन और चेक अप कर के इम्युनिटी के लिए देखभाल प्रदान करना।

# पशु चिकित्सा की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर

### क्यों करें पशु चिकित्सा की पढ़ाई

- जानवरों की जांच करना, घावो का इलाज करना और सर्जरी करना।
- जानवरों की आपातकालीन देखभाल और इच्छा मृत्यु प्रदान करना।
- जानवरों के मालिकों को देखभाल और दवाएँ देने के बारे में सलाह देना।
- पशु चिकित्सक शहरी क्षेत्रों में काम करना चुन सकते हैं जहां वे घरेलू पालतू जानवरों या सरकारी सहायता प्राप्त पशु देखभाल केंद्रों और पशु पालन विभागों को संभालने की ज़िम्मेदारी उठा सकें। इसके अलावा, वे खेतो में काम करने वाले पशुओं के रोगों के उपचार और निदान



### इतने तरह के पशु चिकित्सक

1. पालतू जानवरों के पशु चिकित्सक आमतौर पर निजी अस्पतालों में पाए जाते हैं और बिल्लियों, कुत्तों, पक्षियों आदि को उपचार प्रदान करते हैं।
2. कैटल एनिमल के पशु चिकित्सक भेड़, बकरी जैसे जानवरो की बीमारी और चोटों से निपटने के लिए पशुपालकों को पशुओं के भोजन और अन्य स्वास्थ्य पद्धतियों के बारे में जागरूक करते है।
3. फ़ूड सिक्योरिटी और इंस्पेक्शन पशु चिकित्सक आम तौर पर जानवरों और मनुष्यों के बीच संचारित होने वाले पशु रोगों की रोकथाम खोजने के लिए शोध करते हैं।

4. घोड़े के पशुचिकित्सक घोड़ों के उपचार की सुविधा प्रदान करते है।

4. अनुसंधान पशु चिकित्सक नए निदान और शल्य चिकित्सा तकनीक के अनुसंधान में शामिल होते हैं।



### दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज

- •रॉयल वेटरनरी कॉलेज, लंदन विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस
- यूट्रेक्ट विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- कर्नेल विश्वविद्यालय
- एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- गुएल्फ़ी विश्वविद्यालय
- ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी
- सिडनी विश्वविद्यालय
- लिवरपूल विश्वविद्यालय
- मिशिगन स्टेट विश्वविद्यालय
- कोपेनहेगन विश्वविद्यालय

### भारत के टॉप कॉलेज

- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईवीआरआई), बरेली
- नैशनल डेरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (एनडीआरआई), कर्नल।
- गोविंद बल्लभपंत यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर
- वेटरनरी कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (वीसीआरआई), चेन्नई
- कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी मेडिसिन एंड एनिमल साइंसेज(सीवीएएस), बीकानेर
- •मुंबई यूनिवर्सिटी (एमयू)
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी (एयू), चिदंबरम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)
- जूनागढ़ एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, जूनागढ़ी
- सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी

**अतिरिक्त योग्यता भी हासिल करें**

एक पशु चिकित्सक के रूप में, आप सर्जरी, आंतरिक चिकित्सा, दंत चिकित्सा, रेडियोलॉजी, व्यवहार, प्रयोगशाला पशु चिकित्सा, पोषण, आपातकालीन और महत्वपूर्ण देखभाल जैसी अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने पर विचार कर सकते हैं। आपके पास अतिरिक्त योग्यता के प्रमाण पत्र के लिए पात्र होने के लिए 3-4 साल का अनुभव या अतिरिक्त प्रशिक्षण होना चाहिए।